

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा-अस्थिरता के बाद भी अर्थव्यवस्था में उच्च वृद्धि - 14



ढाका में बेगम खालिदा जिया राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक - 15



विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की लगातार चौथी जीत, जुयाल ने बनाए नाबाद 150 रन -16

नव वर्ष की शुभकामनाएं


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

कानपुर

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

गुरुवार, 1 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 132, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 5 रुपये


आज का मौसम
21.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.57
सूर्यास्त 05.28

पौष शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 10:22 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

## अखबार पढ़ने की आदत: एक जरूरी पुनर्विचार

1960 से 1980 के दशक में जन्मी पीढ़ी के लिए अख़बार केवल समाचार पत्र नहीं था, बल्कि दिन की शुरुआत का एक अनिवार्य हिस्सा था। सुबह दरवाज़े पर अख़बार गिरने की मद्धम सी आवाज़ के साथ दिन शुरू होता। जो जल्दी उठता, वही सबसे पहले पूरा अख़बार पढ़ने का सौभाग्य पाता। कुछ ही घंटों में उसके पन्ने घर के अलग-अलग सदस्यों तक पहुंच जाते— किसी के लिए समाचार, किसी के लिए खेल, व्यापार या फिर स्थानीय खबरें।

उन दिनों अख़बार समाज की धड़कन हुआ करता। स्थानीय विज्ञापन, वैवाहिक सूचनाएं, शोक समाचार, टेंडर नोटिस, राजनीतिक गतिविधियां, सामाजिक कार्यक्रम और नागरिक मुद्दे-सब कुछ उसी में दर्ज होते। ये समाचार लोगों को अपने आसपास की दुनिया से जोड़ते और समुदाय के साथ एक आत्मीय रिश्ता भी बनाते थे। आज हम एक डिजिटल और मोबाइल-केंद्रित युग में जी रहे हैं। सूचनाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन विश्वसनीयता, पुष्टि और संदर्भ का अभाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर खबरें तेज़ी से आती-जाती हैं, परंतु उनमें गहराई और ज़िम्मेदारी अक्सर नहीं होती। सबसे अधिक नुकसान हाइपरलोकल समाचारों का हुआ है- वे खबरें जो सीधे हमारे जीवन, हमारे शहर और हमारे मोहल्ले को प्रभावित करती हैं।

मीडिया उद्योग में अपने 30 वर्षों के अनुभव के दौरान मैंने इस परिवर्तन को बहुत करीब से देखा है। तकनीक बदली है, समाचार वितरण के माध्यम बदले हैं, लेकिन पत्रकारिता का मूल उद्देश्य आज भी वही है- सत्य, संतुलन और विश्वास। अख़बार आज भी प्रमाणिकता, संपादकीय अनुशासन और ज़िम्मेदार रिपोर्टिंग का सबसे मज़बूत माध्यम बने हुए हैं। अखबार समाचारों और सूचनाओं का सच्चा और तटस्थ माध्यम आज भी है, यही वजह है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूलों में अखबार अनिवार्य किया है। साथ ही छात्रों को इसे पढ़ने की आदत डालने के लिए भी कहा है। अख़बार हमें रुककर सोचने की आदत सिखाता है, केवल प्रतिक्रिया देने की नहीं। यह समाज का दस्तावेज़ है— आज का भी और आने वाले कल का भी। अखबार पढ़ना अतीत की कोई धुंधली याद नहीं, बल्कि वर्तमान की एक बौद्धिक आवश्यकता है। यह हमें शोर से बचाकर सार तक ले जाता है। यदि हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियां केवल सूचनाओं से भरी न हों, बल्कि उनके पास विवेक और समझ भी हो, तो अखबार को फिर से ड्राइंग रूम की मेज पर गरिमापूर्ण स्थान देना होगा।

2026 की ओर बढ़ते हुए यह सवाल प्रिंट बनाम डिजिटल का नहीं, सवाल यह है कि हम किस तरह की जानकारी पर भरोसा करना चाहते हैं। घरों, दफ्तरों और संस्थानों में अख़बार को फिर से रोज़मर्रा की आदत बनाना किसी अतीत की याद नहीं, बल्कि एक जागरूक समाज की ज़रूरत है।

**आइए, एक संकल्प लें:**
● एक अख़बार की सदस्यता लेने का। ● स्थानीय पत्रकारिता को समर्थन देने का। ● पुष्ट और विश्वसनीय समाचार पढ़ने का। ● और सबसे अहम अगली पीढ़ी को अखबार पढ़ने की आदत सौंपने का।

**अमृत विचार की तरफ से आप सभी को नूतन वर्ष मंगलमय हो...**

**पार्थो कुनार**
सीओओ

## डीआरडीओ की बड़ी कामयाबी, एक ही लॉन्चर से दागीं दो प्रलय मिसाइलें

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए एक ही लांचर से एक के बाद एक दो स्वदेशी प्रलय मिसाइलों का एक साथ सफल प्रक्षेपण किया। दोनों मिसाइलों ने निर्धारित मार्ग पर सभी उड़ान उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसकी पुष्टि चांदीपुर स्थित परीक्षण रेंज के ट्रैकिंग सेंसरों से हुई।

● **ट्रैकिंग सेंसरों से हुई सफल परीक्षण की पुष्टि**

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह से 'सैल्वो' प्रक्षेपण सुबह ओडिशा तट के पास किया गया। सैल्वो प्रक्षेपण में एक से ज्यादा मिसाइलें एक साथ दागी जाती हैं। टर्मिनल घटनाओं की पुष्टि प्रभाव बिंदुओं के निकट तैनात जहाज पर स्थापित टेलीमेट्री प्रणालियों ने की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रलय मिसाइल के 'सैल्वो' प्रक्षेपण की सफलता ने मिसाइल की विश्वसनीयता स्थापित की है।



### अत्याधुनिक नेविगेशन है विशेषता

प्रलय देश में ही विकसित ठोस ईंधन आधारित अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसमें उच्च सटीकता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक मार्गदर्शन और नेविगेशन प्रणाली का उपयोग किया गया है। यह मिसाइल विभिन्न लक्ष्यों के विरुद्ध अनेक प्रकार के मुखास्त्र ले जाने में सक्षम है। यह मिसाइल हैदराबाद स्थित शोध केंद्र इमारात द्वारा डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के सहयोग से विकसित की गई है।

**स्वदेशी उपलब्धियों के नाम नए साल की पूर्व संध्या**

### एसएसएलवी के तीसरे चरण का स्थैतिक परीक्षण

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र की 'सॉलिड मोटर स्टैटिक टेस्ट फैसिलिटी' में लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के तीसरे चरण के उन्नत संस्करण का सफल स्थैतिक परीक्षण किया है। इसरो द्वारा विकसित एसएसएलवी तीन-चरणीय, पूर्णतः ठोस-ईंधन प्रक्षेपण यान है और यह दो प्रक्षेपणों के बीच कम समय में तैयारी पूरी कर प्रक्षेपण की जरूरतें पूरी कर सकता है। ऊपरी चरण या तीसरे चरण की ठोस मोटर, प्रक्षेपण यान को चार किमी सेकंड तक का वेग प्रदान करती हैं।

● **चार किमी/सेकेंड का वेग प्रदान करने में रहा सक्षम**

## कोटा-नागदा खंड पर 180 किमी घंटा की रफ्तार से दौड़ी वंदे भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने स्वदेशी रूप से डिजाइन की गई 'वंदे भारत स्लीपर ट्रेन' का अंतिम चरण का हाईस्पीड परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के साथ आत्मनिर्भर रेल प्रौद्योगिकी की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। रेल मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक रेल सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) की देखरेख में किया गया यह परीक्षण कोटा-नागदा खंड पर हुआ, जहां ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से दौड़ी।

इससे पहले वंदे भारत स्लीपर ट्रेन कई बार निर्धारित समय सीमा से चूक गई थी। अधिकारियों ने ट्रेन के सुरक्षा परीक्षण के बारे में बताया कि सवारी स्थिरता, दोलन, कंपन व्यवहार, ब्रेकिंग प्रदर्शन, आपातकालीन ब्रेकिंग प्रणाली, सुरक्षा प्रणालियों और अन्य महत्वपूर्ण मापदंडों के आकलन सहित व्यापक तकनीकी मूल्यांकन किए गए। उन्होंने दावा किया, उच्च गति पर ट्रेन का प्रदर्शन पूरी तरह संतोषजनक पाया गया। परीक्षण में इस्तेमाल की गई 16 कोच वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी के सफर को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है।



● **सफलतापूर्वक पूरा हुआ ट्रेन का अंतिम परीक्षण**

### स्थिर रहे ट्रेन में रखे पानी भरे गिलास

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया जिसमें पानी से भरे गिलासों की स्थिरता का प्रदर्शन किया गया। ट्रेन की तेज गति के बावजूद पानी से भरे गिलास स्थिर रहे। रेल मंत्री ने कहा, आज किए गए परीक्षण में हमारे स्वयं के पानी के गिलास के परीक्षण ने इस नई पीढ़ी की ट्रेन की तकनीकी विशेषताओं को प्रदर्शित किया।

## रिश्वतखोरी में सीजीएसटी उपायुक्त समेत 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के झांसी में सीजीएसटी कार्यालय में रिश्वतखोरी के रैकेट का भंडाफोड़ कर भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी व उपायुक्त प्रभा भंडारी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य लोगों में अधीक्षक अनिल तिवारी व अजय कुमार शर्मा, जय दुर्गा हार्डवेयर के मालिक राजू मंगतानी और वकील नरेश कुमार शामिल हैं। सीबीआई ने 30 दिसंबर को मामला दर्ज किया था।

## विकास और प्रकृति में संतुलन जरूरी... अरावली पर भागवत

**रायपुर, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बुधवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक कार्यक्रम में अरावली पर्वतमाला का उदाहरण देते हुए कहा कि विकास और प्रकृति में संतुलन बेहद जरूरी है।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पर्यावरण का ख्याल रखे बगैर विकास की रफ्तार जारी रखी गई तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय प्रवास के दौरान मोहन भागवत बुधवार को रायपुर एम्स में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मौजूदा दौर में विकास की दिशा पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि ऐसा कोई मॉडल अब तक सामने नहीं आया है, जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और पर्यावरण संरक्षण बिना टकराव के एक साथ आगे बढ़ सके। ऐसी परिस्थितियों में समाज को संतुलित और टिकाऊ विकल्पों की ओर बढ़ना ही होगा।



### युवा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी समझें और बड़े बदलाव की नींव रखें

संघ प्रमुख ने कहा कि विकास और प्रकृति को परस्पर विरोधी मानने के बजाय दोनों का समानांतर और संतुलित विस्तार जरूरी है। इसके लिए केवल नीतियों में बदलाव ही नहीं, बल्कि जीवनशैली में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने होंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे करियर और रोजगार के साथ पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझें और छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव की नींव रखें। युवाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों पर बात करते हुए भागवत ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज का युवा भीतर से अकेलापन महसूस कर रहा है।

# अब देश में हर जगह बोल सकते जय श्रीराम और राम-राम : मुख्यमंत्री

### जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा की दूसरे वर्षगांठ समारोह में बोले योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में अब किसी भी जगह जयश्रीराम और राम-राम बोल सकते हैं। भारत सरकार की योजना भी अब 'जी राम जी' के नाम पर आ गई है जो रोजगार की सबसे बड़ी स्कीम बनने जा रही है। कोई भी बेरोजगार कहेगा कि मुझे अपनी ग्राम पंचायत में रोजगार चाहिए तो उसे साल में 125 दिन रोजगार की गारंटी गांव में ही मिल जाएगी।

श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ (प्रतिष्ठा द्वादशी) बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। यहां मुख्यमंत्री योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामना देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलकारी हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था।

योगी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजनाथ सिंह की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है।



केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते मुख्यमंत्री योगी।

### ऑपरेशन सिंदूर में हमने राम की शिक्षा का पालन किया: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रामलला के दर्शन करने के बाद मंत्रोच्चार के बीच परिसर में बने मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा को स्थापित किया। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा जिस प्रकार श्रीराम ने युद्ध में मर्यादा न छोड़ने की शिक्षा हम सबको दी है, उसी प्रकार हमारी सेना ने भी सीमित, नियंत्रित और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई की। ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकियों को सबक सिखाना था, हमने उनके ठिकाने में घुस कर सबक सिखाया है। उन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन को अद्वितीय बताया। कहा, भारत से लेकर पाकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, वियतनाम और थाईलैंड जैसे अनेक देश जहां हिंदुओं के अलावा अन्य समुदायों के लोग भी प्रभु राम से खुद को जुड़ा हुआ मानते हैं, यह उन सबका आंदोलन था। 500 वर्ष अहिंसक संघर्ष से चलने वाला ऐसा आंदोलन कहीं देखने को नहीं मिलेगा।

### बंगाल में नंदिनी पहली महिला मुख्य सचिव

**कोलकाता।** वरिष्ठ अधिकारी नंदिनी चक्रवर्ती को बुधवार को पश्चिम बंगाल का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। इसी के साथ वह राज्य में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला बन गईं हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक नंदिनी चक्रवर्ती ने मनोज पंत का स्थान लिया है, जो 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले थे। हालांकि, उन्हें एक जुलाई से 31 दिसंबर तक छह महीने का सेवा विस्तार दिया गया था।

### झारखंड: हाई सिक्योरिटी जेल से तीन कैदी फरार

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार से तीन कैदी फरार हो गए हैं। इस घटना ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को सकते में ला दिया है। यह जेल हाई सिक्योरिटी के लिए जानी जाती है। जहां खूंखार कैदी और नक्सलियों को रखा जाता है। इसके साथ कई हाई प्रोफाइल विचाराधीन कैदी भी जेल में बंद हैं। ऐसे में तीन कैदी के लापता होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठना शुरू हो गए हैं।

## यूपी पुलिस में होंगी 32,679 नई भर्तियां

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

साल 2025 के आखिरी दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों युवाओं को अच्छी खबर दी है। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत कुल 32,679 पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

भर्ती बोर्ड के अनुसार अभ्यर्थी 31 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से पहले उम्मीदवारों को बोर्ड की वन टाइम रजिस्ट्रेशन यानी ओटीआर प्रणाली में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, तेज और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

ओटीआर के जरिए एक बार पंजीकरण कराने के बाद अभ्यर्थियों को बार-बार दस्तावेज अपलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी। योगी आदित्यनाथ सरकार के कार्यकाल में पुलिस भर्ती अब अभियान का रूप ले चुकी है। साल 2025 में ही 60,244 पदों पर सिपाही भर्ती पूरी की गई थी और अब 32,679 नई भर्तियों की घोषणा ने यह साफ कर दिया है कि सरकार कानून-व्यवस्था के साथ-साथ युवाओं के भविष्य को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

पुलिस विभाग में 60,244 भर्ती के बाद 32,679 और नौकरियां

## कोहरा: दिल्ली हवाई अड्डे पर 150 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह भी घने कोहरे के कारण 150 उड़ानें रद्द हो गईं, दो उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा जबकि 400 से ज्यादा उड़ानें हवाई अड्डे से देरी से रवाना हो पाईं।

हवाई अड्डे के अधिकारियों के मुताबिक बुधवार सुबह 11 बजे तक दूसरे शहरों से दिल्ली आने वाली 79 और दिल्ली से प्रस्थान करने वाली 71 उड़ानें रद्द हुई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रात ढाई बजे के बाद हवाई अड्डे पर दृश्यता 600 मीटर से घटकर 50 मीटर रह गई। सुबह नौ बजे के बाद दृश्यता में सुधार शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक परिचालन सामान्य हो गया। दिल्ली हवाई अड्डे ने एक्स पर बताया कि रात तीन बजे से उपकरण समर्थित सुविधा के तहत कैट-3 की प्रक्रिया में उड़ानों को परिचालन शुरू कर दिया गया था जो सुबह नौ बजे तक जारी रहा।




# शीतकालीन तीर्थाटन एवं पर्यटन को नई दिशा दे रही देवभूमि उत्तराखंड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुखबा यात्रा के बाद शीतकालीन चारधाम सर्किट को मिली नई राष्ट्रीय पहचान। उत्तराखंड सरकार इस विजन को प्रमुखता देते हुए सालभर तीर्थयात्रा कर सकने की सुविधा को सुनिश्चित कर रही है। बर्फ से ढकी चोटियां और प्राचीन पूजा स्थल तीर्थयात्रा के अनुभव को दिव्यता देंगे।



"उत्तराखंड के पास एक प्राकृतिक आध्यात्मिक शक्ति है, जो उसे विशिष्ट बनाती है। देवभूमि की यह शक्ति, विरासत और पवित्रता इसे ऐसी पहचान देती है, जो कहीं और नहीं मिलती। राज्य अब अपार संभावनाओं के दौर में प्रवेश कर रहा है और यदि यह दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़े, तो दुनिया के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में अपना स्थान बना सकता है। आध्यात्मिक सामर्थ्य के साथ-साथ उत्तराखंड एक सुंदर विवाह-गंतव्य के रूप में भी उभर रहा है। 'वेड इन इंडिया' दृष्टिकोण का लाभ लेने के लिए राज्य कुछ चुनिंदा स्थानों को विश्व-स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित कर विकसित कर सकता है, ताकि देश भर के लोग उत्तराखंड की शांत और दिव्य वादियों में अपने विशेष अवसरों का उत्सव मना सकें।"

**– नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री



"माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदृष्टिपूर्ण नेतृत्व से प्रेरित होकर, हम उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक समृद्धि और अपार संभावनाओं के साथ हम दूरदर्शी नीतियों और केंद्रित पहलों के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने, अवसंरचना को उन्नत करने और प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य उत्तराखंड को विकास का एक आदर्श मॉडल बनाना है, जहां विरासत और नवाचार साथ-साथ आगे बढ़ें, और हर व्यक्ति को एक समृद्ध, प्रगतिशील और समावेशी वातावरण में आगे बढ़ने और सफल होने के अवसर मिलें।"


**— पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

**आस्था, आध्यात्म व रोमांच का केंद्र है देवभूमि उत्तराखण्ड**


गंगा मंदिर, उत्तरकाशी


ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ


यमुना मंदिर, खरसाली


योगध्यान बद्री मंदिर, पांडुकेश्वर

उत्तराखंड का शीतकालीन चारधाम सर्किट पारंपरिक ग्रीष्मकालीन तीर्थयात्रा को एक सालभर उपलब्ध आध्यात्मिक और पर्यटन अवसर में परिवर्तित करता है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ के मुख्य मंदिर जब शीतऋतु के दौरान बंद हो जाते है, तो उनके देवताओं की मूर्तियां शीतकालीन गद्दीस्थलों या वैकल्पिक स्थानों पर स्थापित की जाती है, जिससे भक्त पूजा-अर्चना जारी रख सकें। हाल के महीनों में, इस सर्किट को नई पहचान तब मिली जब गंगा की शीतकालीन निवासस्थली मुखबा में एक उच्च-स्तरीय यात्रा हुई।

6 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर्षिल-मुखबा क्षेत्र में स्थित गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास पर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इस यात्रा ने शीतकालीन तीर्थयात्रा के महत्व को रेखांकित किया और यह दर्शाया कि उत्तराखंड में पर्यटन को गर्मियों के मौसम से आगे बढ़ाकर सालभर की आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधि बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट था—शीत ऋतु को 'ऑफ-सीजन' के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह यात्रा आस्था और विकास दोनों का प्रतीक बनी, क्योंकि इसने चारधाम की धार्मिक निरंतरता को पुन: स्थापित किया और साथ ही शीतकालीन पर्यटन को मजबूत करने के लिए आवश्यक अवसंरचना और प्रचार-प्रसार पर ध्यान आकर्षित किया।

मुखबा अपने आप में शांत और मनोहारी हिमालयी सौंदर्य वाला स्थान है। गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने पर देवी की मूर्ति विधि-विधान के साथ मुखबा लाई जाती है, जिससे भक्त कम ऊंचाई वाले इस स्थान पर भी पूजा कर सकें। बर्फ से ढकी चोटियां और प्राचीन पूजा-पद्धतियों का संगम मुखबा को शीतकालीन तीर्थयात्रा का एक अनोखा और भावपूर्ण प्रारंभिक बिंदु बनाता है।

**शीतकालीन चारधाम सर्किट देवप्रतिमाओं को शीतकालीन मंदिरों में स्थापित कर सालभर तीर्थयात्रा को संभव बनाता है, जहां आस्था हिमालयी यात्रा अनुभवों के साथ सुगमता से जुड़ती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुखबा यात्रा ने शीतकालीन पर्यटन की विशाल संभावनाओं को उजागर किया, जिससे अवसंरचना विकास और पर्यटन प्रोत्साहन को नई दिशा मिली। औली, चकराता और दयारा बुग्याल जैसे नजदीकी गंतव्य आध्यात्मिकता, रोमांच और प्रकृति-आधारित अनुभवों को और समृद्ध बनाते हैं।**




## शीतकालीन चारधाम के अनुभव को आस-पास के गंतव्यों से बनाएं बेहतर




**दयारा बुग्याल :** एक विस्तृत अल्पाइन घासभूमि, जो शीतकालीन बर्फीले नजारों और ग्रीष्मकालीन चरागाहों के लिए प्रसिद्ध है। सर्दियों में इसकी दूर-दूर तक फैली सफ़ेद घाटियां ध्यानपूर्ण सैर के लिए आदर्श हैं और हिमालय के व्यापक दृश्य प्रस्तुत करती है।

**चकराता :** देवदार के जंगलों, झरनों और आसान ट्रेकिंग मार्गों के लिए जाना जाने वाला शांत पहाड़ी कस्बा। चकराता के सुरम्य वनप्रदेश भीड़भाड़ वाले तीर्थ मार्गों से अलग एक शांत अनुभव प्रदान करते हैं।

**लाखामंडल :** यह प्राचीन मंदिर परिसर पुरातात्विक अवशेषों और ऐतिहासिक शिव मंदिरों से सम्पन्न है। क्षेत्र की प्रारंभिक मंदिर स्थापत्य परंपरा और स्थानीय पौराणिक धरोहर में रुचि रखने वाले यात्रियों के लिए यह एक सांस्कृतिक आकर्षण जोड़ता है।

**औली :** भारत का प्रमुख स्कीइंग गंतव्य, जहां शीतकालीन खेल, रोपवे और नंदा देवी सहित कई हिमालयी चोटियों के दिव्य दृश्य उपलब्ध हैं। तीर्थयात्रा के साथ रोमांचक पर्यटन अनुभव चाहने वाले यात्रियों के लिए औली एक आकर्षक विकल्प है।

**काशी विश्वनाथ (उत्तरकाशी) :** उत्तरकाशी का विश्वनाथ मंदिर एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय धाम है और ऊंचाई वाले तीर्थस्थलों की ओर जाते समय एक आध्यात्मिक विराम प्रदान करता है। इसकी उपस्थिति चारधाम यात्रा की धार्मिक निरंतरता को और मजबूत बनाती है।

**नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान :** यूनेस्को बायोस्फियर रिजर्व के रूप में मान्यता प्राप्त यह उद्यान उच्च हिमालयी वाइल्डरनेस, दुर्लभ वनस्पतियों-जीवों और समृद्ध संरक्षण विरासत के लिए प्रसिद्ध है। यहां की यात्रा तीर्थयात्रा अनुभव में पर्यावरणीय जागरूकता और प्रकृति संरक्षण की गहराई जोड़ती है।




# विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा उत्तराखंड

उत्तराखंड अपने मंदिर सर्किट, प्राचीन विरासत और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाकर खुद को आध्यात्मिकता और कल्याण का वैश्विक केंद्र स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। अपने इस प्रयास से यह विश्व पटल पर नई पहचान भी स्थापित कर रहा है

उत्तराखंड धीरे-धीरे एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उभर रहा है, जो प्राचीन मंदिर सर्किटों को पुनर्जीवित, सशक्त और आधुनिक बनाने के केंद्रित प्रयासों से प्रेरित है। इस दिशा में एक प्रमुख पहल है मानसखंड मंदिर माला मिशन, जिसका उद्देश्य कुमाऊं क्षेत्र के महत्वपूर्ण मंदिरों का विकास और आपसी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है। मिशन के तहत पहुंच मार्गों, आगंतुक सुविधाओं और धरोहर अवसंरचना में सुधार कर, राज्य की समृद्ध सभ्यतात्मक विरासत पर आधारित एक सहज तीर्थयात्रा अनुभव तैयार करना लक्ष्य है।

इस आध्यात्मिक परिदृश्य में योगदान देने वाले प्रमुख मंदिरों में रुद्रप्रयाग जिले का कार्तिक स्वामी मंदिर शामिल है। एक ऊंची चट्टानी कगार पर स्थित यह मंदिर भगवान कार्तिकेय को समर्पित है और हिमालयी चोटियों के मनोरम दृश्य के साथ शांतिपूर्ण भक्तिपूर्ण वातावरण प्रदान करता है। इसकी अनूठी भौगोलिक स्थिति इसे तीर्थयात्रियों और आगंतुकों के लिए एक पवित्र स्थल और मनोहारी दृष्टि बिंदु दोनों बनाती है।

इसी तरह, त्रिजुगीनारायण मंदिर, जो रुद्रप्रयाग में स्थित है, भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पौराणिक कथाओं में लिप्त यह मंदिर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह स्थल के रूप में जाना जाता है। मंदिर परिसर में लगातार जलती रहने वाली अनंत ज्योति उस दिव्य मिलन का जीवित प्रतीक मानी जाती है, जो पूरे वर्ष भक्तों को आकर्षित करती है।


कार्तिक स्वामी मंदिर, भगवान कार्तिक को समर्पित, जिन्हें देश के कुछ हिस्सों में भगवान मुरुगा / मुरुगन के नाम से जाना जाता है।


जागेश्वर धाम, 125 से ज्यादा प्राचीन मंदिरों का समूह, जो भगवान शिव को समर्पित है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 9 नवंबर 2025 को देहरादून में दिया गया संबोधन राज्य की आध्यात्मिक संभावनाओं को और मजबूत करता है। उन्होंने उत्तराखंड की प्राकृतिक और सांस्कृतिक शक्ति पर बल देते हुए कहा, "यदि उत्तराखंड इसे ठान ले, तो कुछ ही वर्षों में यह विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित हो सकता है" उनकी यह टिप्पणी राज्य की बदलती पहचान की संपूर्णता को दर्शाती है, जो आध्यात्मिकता, तीर्थयात्रा और सांस्कृतिक निरंतरता में निहित है।

रणनीतिक विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और धरोहर आधारित विकास पर नए प्रयास के साथ, उत्तराखंड इस दृष्टि को साकार करने की दिशा में अग्रसर है, खुद को विश्वास, पवित्रता और आध्यात्मिक खोज का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए तैयार कर रहा है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि ग्रामीण इलाके पर्यटन के केंद्र बन रहे हैं। साथ ही हर पर्यटन स्थल अपना खुद का राजस्व मॉडल भी विकसित कर सकता है। हमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए होमस्टे और छोटे होटलों जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है**

# 'वेड इन उत्तराखंड' से राज्य में बढ़ रहा वेडिंग पर्यटन का आकर्षण

राज्य की पर्यटन क्षमता की ओर इशारा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय 'वेड इन इंडिया' पहल के तहत उत्तराखंड की क्षमता को एक प्रमुख डेस्टिनेशन वेडिंग स्थल के रूप में उभरने की ओर इंगित किया। यह पहल प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा दे रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल के बाद उत्तराखंड धीरे-धीरे शादी पर्यटन के लिए एक प्रत्याशित गंतव्य के रूप में उभर रहा है। पीएम मोदी ने राज्य स्थापना दिवस समारोह, 9 नवंबर 2025 को अपने संबोधन में राज्य के प्राकृतिक दृश्य, आध्यात्मिक वातावरण और बढ़ती पर्यटन अवसंरचना की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि ये सभी कारक देश और विदेश से वेडिंग पर्यटन को आकर्षित करने में सहायक हैं। प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि उत्तराखंड पहले ही एक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो रहा है, जो अपनी पर्वतीय भव्यता, नदियों और शांत घाटियों के प्राकृतिक सौंदर्य पर आधारित है। उन्होंने 'वेड इन इंडिया' पहल के अंतर्गत राज्य की एक विशिष्ट पहचान बनाने का महत्व रेखांकित किया और सुझाव दिया कि उत्तराखंड 5–7 प्रमुख वेडिंग स्थल विकसित कर सकता है, जो उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाओं के साथ राज्य की सांस्कृतिक और प्राकृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करें।


प्रसिद्ध त्रिजुगीनारायण मंदिर, भगवान शिव और पार्वती के विवाह के लिए जाना जाता है और अटूट आस्था और आध्यात्मिक बंधन का प्रतीक है।

उन्होंने यह भी कहा कि पहुंच मार्गों में सुधार, आतिथ्य सेवाओं को बढ़ाना और स्थानीय परंपराओं को समेकित करना न केवल पर्यटन अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर भी सृजित करेगा। रोमांच, ईको-टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को पहले ही बढ़ावा देने वाली सरकार के लिए, समर्पित वेडिंग डेस्टिनेशन रणनीति राज्य की पेशकशों में और विविधता जोड़ती है।

मजबूत जनसहानुभूति और प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के साथ, उत्तराखंड भारत के सबसे आकर्षक वेडिंग गंतव्यों में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाने जा रहा है, जहां प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक गहराई और विश्व-स्तरीय आतिथ्य का अनूठा संयोजन मिलेगा।

# होमस्टे नीति से ग्रामीण पर्यटन को मिल रहा विस्तार

**5,000 से अधिक पंजीकृत होमस्टे और प्रोत्साहनों के साथ, होमस्टे नीति सामुदायिक पर्यटन और स्थानीय आजीविका को मजबूत बना रही है**

उत्तराखंड की होमस्टे नीति तेजी से ग्रामीण पर्यटन और समावेशी विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनती जा रही है। वर्तमान में राज्य में 5,000 से अधिक पंजीकृत होमस्टे हैं, जो पहाड़ी जिलों में समुदाय-आधारित आवास के तेज विस्तार को दर्शाते हैं।

योजना के तहत, सामान्य क्षेत्रों में संचालित होमस्टे को अधिकतम ₹7.5 लाख तक की पूंजी अनुदान मिल सकती है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में यह राशि ₹10 लाख तक हो सकती है। इसके अतिरिक्त, कई वर्षों के लिए ब्याज अनुदान का भी प्रावधान है। होमस्टे संचालकों का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है और उन्हें स्थानीय संस्कृति, व्यंजन और अतिथ्य को पर्यटक अनुभव में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

इस नीति का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना, रोजगार सृजित करना और पर्यटन के माध्यम से पलायन को रोकना है। प्रारंभिक आंकलन बताते हैं कि होमस्टे मॉडल आय बढ़ाने, स्थानीय आजीविकाओं में विविधता लाने और उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में सामुदायिक विकास में योगदान दे रहा है।

# आस्था, आध्यात्म व रोमांच का केंद्र है आदि कैलाश


**प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद आस्था व साहस का प्रतीक बनकर उभरा है आदि कैलाश**

**आदि कैलाश, उत्तराखंड के सबसे पूजनीय आध्यात्मिक स्थलों में से एक,**

आज तेजी से ऐसे गंतव्य के रूप में उभर रहा है जहां पौराणिक विरासत और ऊंचाई वाले साहसिक अनुभव एक साथ मिलते हैं। अपनी गहरी पौराणिक महत्ता और भव्य हिमालयी आभा के लिए प्रसिद्ध आदि कैलाश राज्य की सांस्कृतिक पहचान में एक विशेष स्थान रखता है। यह क्षेत्र अब तीर्थयात्रियों, प्रकृति प्रेमियों और रोमांच-प्रेमी यात्रियों को आकर्षित कर रहा है, जो आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ निर्मल प्राकृतिक सौंदर्य की तलाश में आते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आदि कैलाश यात्रा ने इसकी राष्ट्रीय पहचान को और अधिक सशक्त किया है। 9 नवंबर 2025 को देहरादून में अपने संबोधन के दौरान



प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि किस प्रकार यह क्षेत्र उत्तराखंड की बढ़ती पर्यटन अपील का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन रहा है। उन्होंने बढ़ती पर्यटक संख्या की सराहना करते हुए बताया कि तीन वर्ष पहले जहां वर्षभर में 2,000 से भी कम पर्यटक आते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर लगभग 30,000 पहुंच गई है। यह बदलाव बेहतर कनेक्टिविटी और उन्नत अवसंरचना के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाता है। यह क्षेत्र एक ऐतिहासिक खेल आयोजन का भी साक्षी बना, जहां उच्च हिमालयी ऊंचाइयों पर आयोजित अल्ट्रामैराथन और आदि कैलाश परिक्रमा रन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। प्रधानमंत्री ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि देश-विदेश के एथलीटों को हिमालय की आध्यात्मिक और पर्यावरणीय समृद्धि से भी परिचित कराते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रयास राज्य में इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म की अपार संभावनाओं को सामने लाते हैं।



# अनदेखे रोमांच का अद्वितीय संगम

**उत्तराखंड दुनियाभर के रोमांच खेल प्रेमियों को अनूठा अनुभव प्रदान करता है**

देश में जब रोमांच पर्यटन की बात आती है, तो उत्तराखंड अपने विविध परिदृश्यों और रोमांच प्रेमियों का पसंदीदा स्थान बन जाता है। यहां रोमांचक गतिविधियों की कोई कमी नहीं है। आपको यहां जोश से भर देने वाले कई खेल खेलने को मिल जाते हैं और यही कारण है कि दुनियाभर के रोमांच प्रेमियों के लिए यह राज्य असाधारण अनुभव प्रदान करता है।

### ट्रैकिंग और हाईकिंग

ट्रैकिंग और हाइकिंग के माध्यम से आप उत्तराखंड की सुदूर जगहों की यात्रा कर सकते हैं। यहां पारंपरिक रूपकुंड ट्रैक पर ट्रैकिंग का आनंद लिया जा सकता है, जहां हरे-भरे जंगल और घास के मैदानों के बीच या फूलों की घाटी के बीच से होकर गुजरना सुखद अहसास दे सकता है। लंबी सैर करने वालों के लिए केदारकांठा और गौमुख तपोवन ट्रैक जीवन भर के लिए यादगार अनुभव दे जाते हैं।

### बंजी जंपिंग

विश्व की योग राजधानी के रूप में भी पहचाना जाने वाला ऋषिकेश अपने जोशीले रोमांच के लिए भी जाना जाता है, क्योंकि यहां पूरे देश में सबसे ऊंची बंजी जंपिंग साइट है। गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने की इच्छा रखने वाले रोमांच प्रेमी शानदार हिमालय पहाड़ियों के बीच बंजी जंपिंग करने के लिए यहां आते हैं।

### स्कीइंग

चमोली जिले में स्थित औली को स्कीइंग प्रेमियों के केंद्र के रूप में जाना जाता है। दूर तक बर्फ से ढकी पहाड़ी ढलानों के साथ रोमांच प्रेमी इसके शीतकालीन वंडरलैंड से रास्ता तय करते हुए औली की यात्रा करते हैं। यह शानदार स्थल राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए भी प्रसिद्ध है, जहां एथलीटों को अपनी ताकत दिखाने का पूरा मौका मिलता है।

### रिवर राफ्टिंग



उत्तराखंड की नदियां केवल राज्य की सुंदरता को ही नहीं बढ़ाती हैं, बल्कि व्हाइट वॉटर राफ्टिंग के प्रेमियों में जोश भर देती हैं, जो यहां रोमांच के लिए आते हैं। जब पर्यटक सफेद पानी में राफ्टिंग के माध्यम से रैपिड्स पर विजय प्राप्त करते हैं या गंगा, टोंस और अलकनंदा नदियों में एक शांत कैनोइंग या कयाकिंग के दौरान पानी पर नौका चलाते हैं, तो निश्चित रूप से उन्हें अलग रोमांच का अनुभव मिलता है।

### पैराग्लाइडिंग

रोमांच प्रेमी यहां आसमान की सैर भी कर सकते हैं और पैराग्लाइडिंग से उत्तराखंड की भव्यता का आनंद ले सकते हैं। नैनीताल, मुक्तेश्वर, या पिथौरागढ़ के मनोरम स्थानों से वह आसमानी उड़ान भरकर शानदार हिमालयी इलाकों का नजारा भी ले सकते हैं। रोमांच के अलावा, उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र ने स्थानीय निवासियों के लिए समृद्धि भी लाई है और यहां रोजगार की संभावनाएं सृजित की हैं।

# नववर्ष 2026 के आगमन पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


01.01.2026
तिर्वा परिशिष्ट


## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिर्वा, कन्नौज


**डॉ. अंकित चंद्रा**
एम बी बी एस, एम डी,
चिकित्साधिकारी


**डॉ. राजन शर्मा**
प्रभारी चिकित्सा अधिकारी

**डॉ. स्वास्तिका शालिनी**
महिला चिकित्सा अधिकारी



**डॉ. अनिल पाठक**
वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिर्वा

## नववर्ष 2026 के आगमन पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

### पी एम श्री कंपोजिट स्कूल
कनौली, उमर्दा कन्नौज।


**इदरीसा बेगम**
हेड टीचर



**शिवम कश्यप**
सहायक अध्यापक


**विपिन कुमार**
खंड शिक्षा अधिकारी
ब्लाक उमर्दा

## सभी जनपदवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं

जय माँ पीताम्बरा की असीम अनुकम्पा एवं आपके अविस्मरणीय सहयोग से
बालाजी ब्रिक फील्ड वालों का नया प्रतिष्ठान

### जय पीताम्बरा ब्रिक फील्ड
पता- ग्रा. गोवा, पो. सतौरा, जनपद-कन्नौज


का
**भव्य शुभारंभ**


दिनांक- 01 व 02 जनवरी 2026, दिन- गुरुवार व शुक्रवार को होने जा रहा है जिसमे आप सादर आमंत्रित हैं

सम्पर्क सूत्र-
9198453536
9005305221

मुख्य अतिथि
**कैलाश सिंह राजपूत**
(विधायक, तिर्वा)

कार्यालय मोबाइल नं.
7398739246


प्रो० डॉ० आशीष राजपूत (रामजी) अभिनव (गौरव)


-: संरक्षक :-
डॉ० सुरेश चन्द्र राजपूत


डॉ० जय प्रकाश सिंह

## नूतन वर्ष 2026 के शुभागमन पर
# क्षेत्र पंचायत उमर्दा
### की ओर से जनपद वासियों को शुभकामनाएं





अमृत सरोवर महादेव पुरवा शाहनगर उमर्दा

**उपलब्धियाँ**
ब्लाक क्षेत्र की समस्त 90 ग्राम सभा में अमृत सरोवर का निर्माण।
स्वच्छ आदर्श ब्लॉक परिसर


**आशुतोष मोहन अग्निहोत्री**
जिलाधिकारी


**रामकृपाल चौधरी**
मुख्य विकास अधिकारी


**अजय वर्मा**
ब्लाक प्रमुख


**सोनिया श्रीवास्तव**
खंड विकास अधिकारी

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी का अपहरण कर छेड़छाड़ में रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख।** उर्स देखने गई किशोरी का अपहरण कर गाड़ी में डाल छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी परिवार के साथ 25 नवंबर की रात सब्जी मंडी स्थित प्रांगण में उर्स देखने गई थी। रात 11 बजे जब वह लघुशंका के लिए गई तभी वहां पहले से खड़े रेहान निवासी सरदारपुर ने उसके साथ जबरदस्ती करते हुए गाड़ी में डाल लिया और छेड़छाड़ की। किशोरी ने विरोध किया तो युवक ने उसे गाड़ी से उतार दिया और धमकी दी कि अगर इसके बारे में परिवार को बताया तो उसे जान से मार देगा। किशोरी ने घर पहुंच कर अपनी घटना परिवार को बताई ।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण एवं छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### इत्र पार्क में कल विभिन्न विभागों का संयुक्त कैंप

**कन्नौज।** इत्र पार्क के समस्त भूखण्ड आवंटियों को उद्यम स्थापना में जरूरी सुविधाएं सुगमता से मिल सकें इसके लिए दो जनवरी को विभिन्न विभागों का संयुक्त कैंप आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह ने बताया कि 02 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक विद्युत विभाग, जल निगम एवं एचपीसीएल के संयुक्त तत्वावधान में कैंप आयोजित किया जाएगा।

### सर्जरी कर निकाली डेढ़ किलो की गांठ

**तिर्वा।** बाबा साहब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर मेडिकल कॉलेज ने सामान्य सर्जरी के माध्यम से मरीज के गले की 1.400 किलो की गांठ निकालकर उसे राहत दी। कन्नौज निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति के गले में गांठ थी। करीब तीन दिन पहले वह कॉलेज के सर्जरी विभाग में समस्या लेकर पहुंचा था। डॉ. कौशथुम्भ और डॉ. काजल और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. राजीव कुमार की टीम ने ऑपरेशन सफलतापूर्वक गांठ निकाल दी। ऑपरेशन की सफलता पर प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने पूरी टीम को बधाई दी।

### फिल्म अभिनेता प्रशांत यादव सम्मानित

**छिबरामऊ।** चंद्र म्यूजिक के तत्वावधान में आयोजित क्रिएट अवार्ड शो में स्थानीय फिल्म अभिनेता प्रशांत यादव सहित करीब 200 इनफ्लुएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और डिजिटल कलाकारों को सम्मानित किया गया। भोजपुरी-ब्रजभाषा के सुपरस्टार कृष्ण लाल यादव और आर चंद्र म्यूजिक के डायरेक्टर गौरव कुमार ने उनको अवॉर्ड प्रदान किया। इस दौरान म्यूजिक कंपनी के दो नए प्रोजेक्ट 'पायल बजने लगी' और 'कन्नौज इत्र' को विधिवत लॉन्च किया गया।

### उपविजेता रही सौरिख टीम सम्मानित

**सौरिख।** खेलों में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अपना जलवा बिखेर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में चल रहे दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट में सौरिख की ए सेवन कबड्डी एकेडेमी ने प्रतिभाग किया। इसमें टीम उपविजेता रही। सीईओ अनुज यादव ने बताया कि अकादमी में 20 से अधिक खिलाड़ी सब जूनियर, सीनियर प्रतियोगिता में भाग कर चुके हैं। हाल ही में तिर्वा विधानसभा के खेलों में सभी कैटेगरी में एकेडमी की टीम विजेता रही और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुई। टीम के सूर्या आयुष,अभिषेक, सुमित, अमन, ऋषि,रोहित ,प्रशांत, अर्पित शाक्य, मोहित के लौटने पर फूलमाला और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

# गुले बबूना अकेला फूल जिससे निकलता नीला सुगंधित तेल

अमृत विचार EXCLUSIVE

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** गुले बबूना नामक फूल अकेला है जिसमें से नीले रंग का सुगंधित तेल निकाला जाता है। इसका वानस्पतिक नाम जर्मन कैमोमाइल है। खास बात यह कि खेत अक्टूबर-नवंबर में खाली हैं तो किसान इसे अल्पअवधि में करके क्रॉप रोटेशन के साथ ही अच्छी कमाई भी कर सकते हैं।

यह जानकारी स्थानीय फ्रेगरेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर (सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र, कन्नौज) के वैज्ञानिक अधिकारी कमलेश कुमार ने दी। इन दिनों एफएफडीसी के कृषि क्षेत्र में पीले रंग का खूबसूरत फूल खासी मात्रा में उगा हुआ है जो न सिर्फ सौंदर्य बढ़ा रहा है बल्कि उद्यम में भी प्रयोग किया जा रहा है।

इस फूल को देशज भाषा में गुले बबूना कहा जाता है। वैज्ञानिक अधिकारी बताते हैं कि यह फसल अक्टूबर से जनवरी के मध्य तैयार हो जाती है। जो खेत आलू की जल्दी की फसल कर खेत खाली छोड़ देते हैं उनके लिए ये अच्छा विकल्प और आय का साधन हो सकता है। जानकारी दी कि इसकी नर्सरी अक्टूबर के महीने में पड़ती है और फिर इसकी दो-दो फुट की दूरी पर रोपाई कर दी जाती है। दिसंबर से इसमें अच्छा फूल आने लगता है। इसका सूखा फूल डालकर चाय भी बनाई जाती है जिसे कैमोमाइल चाय के नाम से जानते हैं। यह चाय विदेशों में खासा लोकप्रिय है। इससे निकलने वाले तेल का उपयोग सुगंध उद्योग के साथ ही फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री में भी होता है। कन्नौज के व्यापारी भी इसका खासी मात्रा में तेल निकालते हैं।



तोड़कर रखा गया फूल। अमृत विचार

- अक्टूबर, नवंबर में खेत खाली तो क्रॉप रोटेशन के साथ ले सकते अच्छी आय



एफएफडीसी के कृषि क्षेत्र में उगे गुले बबूना के फूल तोड़ते प्रशिक्षणार्थी और मौजूद वैज्ञानिक अधिकारी कमलेश कुमार। अमृत विचार

### लागत कम, मुनाफा ज्यादा

**कन्नौज।** वैज्ञानिक अधिकारी ने बताया कि एक एकड़ में फूल की खेती में 25-30 हजार रुपये की लागत आती है। इसके साथ ही दो या तीन पानी की जरूरत पड़ती है। कोहरे का इस पर कोई खास असर नहीं है। इसके साथ ही बाजार में इसका तेल 20-25 हजार रुपये किलो बिक जाता है। अगर बीज की बात करें तो यह एफएफडीसी में उपलब्ध है।



विजेताओं को पुरस्कृत करते राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर मनोज शुक्ला।

## आशुतोष व सीता पाल को व्यक्तिगत चैंपियनशिप

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** मान्यवर कांशीराम राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष वर्ग में आशुतोष यादव तथा महिला वर्ग में सीता पाल ने व्यक्तिगत चैंपियन का खिताब जीता।

400 मीटर दौड़ में आशुतोष यादव प्रथम रहे। महिला वर्ग सीता पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में भी सीता अव्वल रहीं। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक मनोज शुक्ला ने विजयी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। इस अवसर पर पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य संतोष कुमार वर्मा मौजूद रहे।

# एक्सप्रेसवे पर धू-धूकर जली स्लीपर बस, यात्री बचे

## पानीपत से बिहार जाते समय शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर यात्रियों को लेकर पानीपत से बिहार जा रही डबल डेकर बस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। बस में सवार यात्रियों ने किसी तरह कूद जान बचाई। सूचना पर दमकल व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर राहत बचाव कार्य किया। दमकल के समय से न पहुंचने से बस जल कर नष्ट हो गई। यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य को भेजा गया। आग से यात्रियों का सारा सामान जल गया।

मंगलवार को रात करीब 11 बजे पानीपत से 130 यात्रियों को बैठा कर डबल डेकर स्लीपर बस मुजफ्फरपुर बिहार के लिये जा रही थी। जैसे ही बस फगुआ भट्ठा के पास पहुंची उसी समय इंजन में आग लग गई। जिस समय आग लगी उस समय अधिकतर यात्री सो रहे थे। धुआं बस में भर जाने से सो रहे यात्रियों का दम घुटने लगा जिससे वे जाग गए। बस में आगे खिड़की के निकट बैठे यात्री कूद कर भाग निकले पर पीछे की सीट पर बैठे यात्री भगदड़ के चलते नहीं निकल सके। वे बस की खिड़कियों में लगे शीशे तोड़ कर किसी तरह नीचे कूदे और जान बचाई। जैसे ही सभी यात्री बाहर खड़े हुए वैसे ही बस तेज लपटों से घिरकर धू-धूकर जलने लगी। इसके चलते यात्री अपना सामान नहीं निकाल सके। बस के साथ ही उनका सामान भी जल कर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा के राहत कर्मी, कोतवाल संजय कुमार शुक्ल, मेडिकल चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। आग लगने की जानकारी दमकल टीम को सूचना दी गई लेकिन दमकल टीम समय से नहीं पहुंची। इस के बाद पहुंची दमकल टीम ने करीव एक घंटे के प्रयास बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना के बाद बस के चालक व परिचालक मौके से फरार हो गये। इससे यह भी नहीं पता चला कि बस किसी ट्रेवल कंपनी की थी। बाद में यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य को भेजा गया। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि बस में क्षमता से अधिक यात्री थे। आग कैसे लगी इस की जांच कराई जायेगी।



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर आग लगने से जलती बस। अमृत विचार

- शीशे तोड़कर कूदे लोग, चालक व परिचालक फरार

## तालग्राम क्षेत्र में तेज रफ्तार कार पीछे से बस में घुसी, लगी आग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तालग्राम थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार कोहरे के चलते आगे चल रही बस से टकरा गई। इससे कार में आग लग गई। आगरा से लखनऊ जा रही कार में दो लोग सवार थे। दोनों ने कूद कर जान बचाई।

लखनऊ के सेक्टर एच, अलीगंज के निवासी दिनेश पुत्र लालासर व अरविंद शर्मा पुत्र सतीश शर्मा एक ही कार पर सवार होकर आगरा गये थे। वहां से सुबह के समय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते लखनऊ के लिए निकले। बुधवार की सुबह कोहरे के कारण कार तालग्राम थाना क्षेत्र में किलोमीटर 165 पर आगे चल रही बस से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। कार में आग लगी देख दोनों सवारों ने किसी तरह बाहर निकल कर जान बचाई। दुर्घटना की सूचना पर यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह और राजेंद्र प्रसाद कनौजिया, तालग्राम थाना अध्यक्ष ध्यानेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना पर दमकल टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग पूरी तरह जल कर नष्ट हो चुकी थी। दमकल टीम ने आग पर काबू पाया और फिर क्रेन से टोल प्लाजा पर ले जाया गया। दुर्घटना को लेकर थानाध्यक्ष ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार जिस वाहन में पीछे टकराई, उसका कुछ पता नहीं चल सका।



एक्सप्रेस वे पर दुर्घटना के बाद जली कार। अमृत विचार

### कोर्ट के आदेश पर चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने सुलह न करने पर युवक के साथ गाली गलौज की और धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम गुगरापुर निवासी सुनील कुमार पुत्र रामलाल ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 17 अगस्त 2025 को वह जन्माष्टमी के भंडारा स्थल से लौट रहा था। तभी गांव के राजू, गौतम, रतीभान और छविराम ने मुकदमे की रंजिश को लेकर समझौता करने का दबाव बनाया। जब उसने सुलह करने से मना कर दिया। तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि रतीभान व गौतम ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे गुगरापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।



पटुका पहनाकर जिलाध्यक्ष का स्वागत करते ग्रामीण। अमृत विचार

## विकास बने करणी सेना युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** करणी सेना के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी विकास को सौंपी गई। उन्होंने संगठन की जिम्मेदारियों सहित समाज हित में कार्य का संकल्प लिया।

राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर धीरज सिंह ने संगठनात्मक निर्णय लेकर ग्राम घुसुआपुर निवासी विकास राजपूत को युवा जिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त कर जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस मौके पर विकास ने कहा कि ऊर्जा, समर्पण, संगठनात्मक क्षमता के साथ युवाओं को नई दिशा प्रदान करेंगे और समाज हित में कार्य करते रहेंगे। इस दौरान अनूप कुमार, कमलेश कुमार, रामपाल राजपूत, उमाशंकर राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

## बिजली बिल राहत योजना का लाभ लेने को अंतिम दिन उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बिजली बिल राहत योजना के पहले चरणके अंतिम दिन छूट का अधिक लाभलेने के लिये उपभोक्ताओं की भीड उमड़ी।

बिजली विभाग की ओर से बिजली उपभोक्ताओं के लिये बिजली बिल राहत योजना चलाईजा रही है।जो तीन माह के लिये लागू की गई है। इस योजना के तहत पहले च्रणमें बिजली चोरी पर 50 फीसदी व बकाया बिल पर 25 फीसदी छूट का लाभदिया गया। अब एक जनवरी से दूसरे चरण की शुरुआत की जायेगी। इस में छूट को घटा दिया गया है। अब बकाया बिल पर 20 फीसदी ही छूट दी जायेगी।

इसी तरह तीसरे चरण पर 15 फीसदी हगी छूट का लाभ दिया जायेगा। जो उपभोक्ता किस्तों में भुगतान करेंगे उनको छूट का लाभ कम मिलेगा। एक्सईएन मगन सिंह ने बताया कि योजना तीन माह तक चलेगी। छूट का लाभ भले ही कम होगा पर कोई खास अंतर नहीं होगा। जनवरी माह में बकायेदार उपभोक्ता अपने बिल को हर हाल में जमा कर योजना का लाभलें।

**अधीक्षण अभियंता हुए सेवानिवृत्त, बाद में होगी विदाईः** कन्नौज। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार सेवा निवृत्त हो गये। उन्होंने 31 दिसंबर को बिजली कार्यालय पहुंच कर काम किया।

अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि अधिशाषी अभियंता का विदाई समारोह बाद में किया जायेगा। जिस में जिले के अधिकारी कर्मचारी शामिल होंगे।



बिजली कार्यालय में कतार में खड़े होकर बकाया बिल जमा करते उपभोक्ता।



सपा कार्यालय में लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि पर चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई। अमृत विचार

## लोकबन्धु राजनारायण की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सपा कार्यालय में आयेजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** लोकबन्धु राजनारायण की पुण्यतिथि के मौके पर सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि दी।

पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे एवं विधानसभा अध्यक्ष पीपी सिंह बघेल ने कहा राजनारायण, जहां अन्याय होते देखते उसके विरोध में खड़े हो जाते थे। डा. लोहिया के नेतृत्व में उन्होंने समाजवादी आंदोलनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव, वरिष्ठ सपा नेता यश कुमार दोहरे, प्रदेश सदस्य आरिफ़ ज़मा,सपा नेता विवेक पाल, यशवीर भदौरिया, तुफैल अहमद, गुलशाद अहमद, शानू खान, बालकराम यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

सर्दी का सितम | अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ बढ़ी ठंड

# कोहरे ने रोकी शहर की रफ्तार, नहीं निकली धूप

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** दो दिन की थोड़ी राहत के बाद एक बार फिर से कोहरे के कहर ने शहर की रफ्तार को रोक दिया। दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा और इसके बाद आसमान की ऊपरी परत में कोहरा रहने से पूरे दिन धूप नहीं निकल सकी। इसके साथ ही चली सर्द हवाओं ने लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास कराया।

बुधवार सुबह घने कोहरे के साथ हुई। कोहरे की धुंध इतनी अधिक रही कि 10 मीटर दूरी तक का कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इससे पहले सोमवार और मंगलवार को सुबह 11 बजे तक घने कोहरे के बाद कुछ घंटों के लिए सूर्य के दर्शन हुए थे जिससे लोगों ने राहत महसूस की थी। मंगलवार को निकली कड़ी धूप से यह पहले से ही अंदेशा हो गया था कि अगली सुबह कुछ ऐसी ही होने वाली है। पूरे दिन कोहरे और सर्द हवाओं से लोगों के हाड़ तक कांप गए। हालत यह रही कोहरे से टपकती बूंदें फुहार वाली बारिश का अहसास कराती रहीं। सड़कों पर दृश्यता खासी कम थी जिससे आवागमन कम रहा है। इसके बाद रोशनी में कुछ बढ़ोतरी तो हुई लेकिन सूर्यदेव नहीं निकले। तीन बजे के बाद फिर से ठंड का असर तेज हो गया और शाम होते होते कोहरे ने फिर से पैर पसार दिए। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को अधिकतम तापमान 14.5 जबकि न्यूनतम 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दृश्यता लगभग 10-20 मीटर रही। सर्द हवाएं 6-7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं जबकि आर्द्रता 95 फीसदी जबकि सूरज बिलकुल नहीं निकला। गुरुवार को सुबह के समय हलका कोहरा रहने के साथ दिन में धूप निकलने की संभावना है। तापमान बढ़ोतरी होने की संभावना है।



बुधवार को सुबह नौ बजे के बाद मकरंदनगर-कन्नौज रोड पर छाया घना कोहरा।

### तीन दरोगा, एक हेड सिपाही सेवानिवृत्त दी गई विदाई

**कन्नौज।** सेवा काल पूरा करने पर जिले के चार पुलिस जवानों को पुलिस लाइन में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनपद कन्नौज से 04 पुलिसकर्मी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर शुभकामनाओं सहित विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में दरोगा रमाकान्त, ज्ञानसिंह व कामता प्रसाद के अलावा मुख्य आरक्षी रमेश चन्द रहे।

## फूलमती मंदिर में धार्मिक आयोजन कल से

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सिद्धपीठ मां फूलमती मंदिर में श्री शतचण्डी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा व संत सम्मेलन का आयोजन 02 से 09 जनवरी तक किया जायेगा। इस में सबसे आकर्षक संतों की यात्रा होगी। नित्य अलग अलग कार्यक्रम होंगे।

जिला मुख्यालय स्थिति सिद्धपीठ में आठ दिन तक रोज एक बजे से शाम पांच बजे तक धार्मिक आयोजन किये जायेंगे। मंदिर कमेटी ने इस की व्यवस्था पूरी करली है। सैकड़ों साधू संत इस आयोजन में शामिल होंगे। पुजारी शिखर मिश्रा ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रीमद् प्रयागपीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी ओमकारानन्द सरस्वती जी महाराज सुनायेंगे। इसके अलावा नैमिष के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 जगताचार्य स्वामी उपेंद्रानन्द सरस्वती व शक्तिपीठ आगरा से स्वामी ब्रम्हानन्द जी महाराज शामिल होगे। नैमिषारण्य से यज्ञाचार्य पं. राधेश्याम मिश्रा यज्ञ में आहुतियां दिलायेंगे। राम चरित मानस पाठ सुबह नौ बजे से होगा। 03 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 01 बजे से होगी। इसी तिथि पर राजगद्दी व सुंदर काण्ड का आयोजन किया जायेगा। अरणि मंथन 04 जनवरी को सुबह 09 बजे, विशाल शोभा यात्रा 05 जनवरी को दोपहर 12 बजे से निकलेगी। आल्हा गायन संग्राम सिंह व राम रथ पाण्डेय की ओर से 07 जनवरी को शाम 07 बजे से होगा। संत सम्मेलन 08 जनवरी को शाम 07 बजे से होगा। पूर्णाहुति व विशाल भण्डारे एवं प्रसाद वितरण 09 जनवरी को शाम 04 बजे से होगा।



आयोजन को लेकर सिद्धपीठ मां फूलमती मंदिर में की गई रोशनी की सजावट।

- श्री शतचण्डी महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा व संत सम्मेलन होगा






# नववर्ष 2026

## के शुभागमन पर नगर पंचायत की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं



**मा० योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**मा० अरविंद कुमार शर्मा**
नगर विकास मंत्री (उ०प्र०)



**मा० कैलाश सिंह राजपूत**
विधायक, तिर्वा

## सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर

# नगर पंचायत तिर्वा, जनपद- कन्नौज



**बबलू कुमार**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, तिर्वा



**श्रीमती मिताली गुप्ता**
अध्यक्ष
नगर पंचायत, तिर्वा



**सौरभ गुप्ता**
प्रतिनिधि,
नगर पंचायत अध्यक्ष


## उपलब्धियां

- गांधी चौक पर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पुनर्स्थापना एवं तिरंगा स्टैंड का निर्माण।
- बीस इंटरलॉकिंग सड़कों का निर्माण।
- दौलेश्वर मंदिर से मिथलेश बाथम के घर तक सीसी रोड का निर्माण।
- दुर्गा मंदिर से गहरा तालाब तक सीसी रोड का निर्माण।
- श्री बालाजी मंदिर से सुखवा ताल तक नाला निर्माण।
- नगर पंचायत कार्यालय से दुर्गा मंदिर तक नाला निर्माण।
- भारत टेंट हाउस से सरस्वती शिशु मंदिर तक नाला निर्माण।
- दौलेश्वर मंदिर से श्री अन्नपूर्णा गेट तक लाइट पोल।
- पार्क सेल्फी प्वाइंट सहित अन्य निर्माण कार्य प्रगति पर।
- तीन ट्यूबवेल की बोरिंग।

## निवेदक : समस्त नगर वासी तिर्वा

# अमृत विचार परिवार की ओर से नववर्ष की जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनायें



## संदेश

नववर्ष एक ऐसा अवसर है, जब हर व्यक्ति पुराने साल को अलविदा कहकर एक नए और बेहतर साल का स्वागत करता है। यह एक ऐसा त्योहार है, जो न सिर्फ भारत में बल्कि पूरी दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है।

हर साल 1 जनवरी को नववर्ष की शुरुआत होती है, जो नए उम्मीदों और सपनों को लेकर आता है। नया साल आपके जीवन में खुशियां लेकर आए। प्रभु से यही कामना हे कि आप सपरिवार स्वस्थ रहे और धन धन्य से पूर्ण रहे। नववर्ष की जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रेम शंकर शर्मा** वरिष्ठ अधिवक्ता




## संदेश

नववर्ष का महत्व केवल एक कैलेंडर के बदलाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें जीवन के नए अध्याय को शुरू करने का मौका देता है। पुराने साल में जो कठिनाइयां और समस्याएं आई, नववर्ष उनका समाधान खोजने की प्रेरणा देता है।

यह हमें यह समझाने का अवसर देता है कि जीवन में हमेशा सकारात्मक बदलाव संभव है और हमें हर कठिनाई का सामना हिम्मत से करना चाहिए। नववर्ष के साथ ही नए संकल्पों की शुरुआत होती है। नववर्ष की जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**रामनाथ सिंह** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी






न्यूज ब्रीफ

### क्षेत्र पंचायत बढ़पुरा की बैठक 6 जनवरी को

इटावा। खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुरा ने बताया कि 6 जनवरी दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे क्षेत्र पंचायत बढपुरा की नियमित बैठक विकास खण्ड के सभागार में होगी। समस्त सदस्यों से अपील है कि बैठक में निर्धारित तिथि पर प्रतिभाग करें। बैठक में मनरेगा योजना वर्ष 2025-26 की प्रगति, वर्ष 2026-27 के लेबर बजट के अनुमोदन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति, राष्ट्रीय आजीविका मिशन की प्रगति समेत विभिन्न प्रकार की पेंशन योजना की प्रगति पर विचार किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

इटावा। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत गिरधारीपुरा निवासी मोहित पुत्र सर्वेश कुमार कस्बे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### परशुराम सेवा समिति की सदस्यता आज से

इटावा। परशुराम सेवा समिति का सदस्यता अभियान एक जनवरी से शुरू किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सशील सम्राट ने बताया कि समिति की वर्ष 2026 की वार्षिक सदस्यता आज एक जनवरी से शुरू की जाएगी जो 31 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारियों को दी गयी है। समिति के सदस्य बनने के इच्छुक लोगों को वार्षिक सदस्यता शुल्क 100 रुपये व आधार कार्ड की फ़ोटो कॉपी, दो पासपोर्ट साइज की फ़ोटो के साथ सदस्यता फार्म भरकर प्रदेश अथवा जिला कार्यालय पर जमा करना होगा।

### गाली देने से मना करने पर युवक को पीटा

बकेवर। कस्बे के गांधीनगर मोहल्ला में गाली देने का विरोध करने पर नामजद आरोपितों ने दो भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। कस्बे के गांधीनगर मोहल्ला निवासी सागर सविता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि जब वह अपने घर से निकल रहा था उसी दौरान मोहल्ला के ही ललित व अमित उसके साथ गाली-गलौच करने लगा उसने गालियां देने से मना किया तो दोनों भाई उसके साथ मारपीट करने लगे। उसका भाई शिवा उसको बचाने आया तो आरोपियों ने उसे भी लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

### प्रदर्शनी में लगा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का स्टॉल

इटावा। इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार एवं उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए योजना के लिए अधिकृत माइक्रोटेक कम्पनी के स्टॉल का शुभारम्भ सीडीओ अजय कुमार गौतम, जिला यूपीनेडा अधिकारी प्रिया शर्मा ने किया। सीडीओ ने सभी वेंडरों को योजना के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार और बिजली उपभोक्ताओं को योजना के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के निर्देश दिए।

### अज्ञात वाहन ने अधेड़ को मारी टक्कर, मौत

फर्रुखाबाद। राजेपुर थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर गढ़िया के निकट इटावा-बरेली हाईवे पर कोहरे में सड़क पार कर रहे एक झोलाछाप को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 55 वर्षीय देवराज की मौके पर ही मौत हो गई। देवराज पुत्र जीत सिंह, शाहजहांपुर जिले के नगला सिधौली के निवासी थे। वह अपने दामाद वीरेंद्र के यहां गांधी में काम करते थे। परिजनों द्वारा उन्हें राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर अमित वर्मा ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### दो ने खाया विषाक्त पदार्थ, हालत गंभीर

कायमगंज। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर दो लोगों ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे एक की हालत गंभीर है। नरसिंहपुर निवासी आरती (35) पत्नी शम्भू व कोतवाली क्षेत्र के गांव सूखा नगला निवासी सुबोध (25) ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे तबीयत बिगड़ने लगी तब परिजनों को जानकारी हुई तभी गंभीर हालत में दोनों के परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सुबोध की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# तीसरे दिन अनशनकारी की बिगड़ी हालत

## मंदिर की बदइंतजामी व संपत्ति से कब्जा हटाने की मांग को लेकर जारी है आमरण अनशन

संवाददाता बकेवर इटावा

अमृत विचार। लखना कस्बे के ठाकुरान मोहल्ला स्थित करोड़ों रुपये के संपत्ति के स्वामित्व वाले श्रीराम जानकी मंदिर में बदइंतजामी और उसकी भू-संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा होने के विरोध में वरिष्ठ अधिवक्ता के द्वारा किए जा रहे आमरण अनशन के दूसरे दिन जहां कस्बे के प्रबुद्धजनों ने भी सहभागिता की। वहीं तहसीलदार भरथना ने भी अनशन स्थल पर पहुंच कर मंदिर की समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन देकर अधिवक्ता से अनशन खत्म करने का आग्रह किया जिसपर डीएम को मौके पर आने की बात कहकर अधिवक्ता और उनके साथ बैठे अनशनकारियों ने तहसीलदार के आग्रह को ठुकरा दिया।

लखना कस्बे के ठाकुरान मोहल्ला में करीब तीन अरब मूल्य के संपत्ति का स्वामित्व रखने वाला राम-जानकी मंदिर वर्तमान समय में कानूनी दांवपेच में फंसकर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है। कस्बे के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार तिवारी ने मंदिर में बदइंतजामी और उसकी भू संपत्ति पर भू माफियाओं द्वारा कब्जा करने पूजा के लिए पुजारी की नियुक्ति करने की मांग करते हुए सोमवार से आमरण अनशन शुरू किया था। अनशन के दूसरे दिन मंगलवार को तहसीलदार भरथना दिलीप कुमार राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ अनशन स्थल पर पहुंचे और अधिवक्ता की मांगों का निस्तारण कराने के आश्वासन के साथ अनशन खत्म करने का आग्रह किया। अनशनकारियों ने जिलाधिकारी से मौके पर आने की मांग के साथ मौके पर ही अपनी मांगों का निस्तारण करने की मांग की। इस मौके पर तहसीलदार ने कहा कि अधिवक्ता की बात को उच्च अधिकारियों से अवगत कराकर समस्या का निस्तारण करा अनशन खत्म कराया जाएगा।

अनशन स्थल पर पूर्व चेयरमैन अशोक सिंह राठौर, अजय प्रताप सिंह राठौर, नरेन्द्र राठौर, जितेन्द्र राठौर, सोनू वर्मा एडवोकेट, गोपाल कृष्ण सारस्वत, हरविन्द यादव, दिनेश वर्मा, अखिलेश भदौरिया, बरुण सिंह, विवेक राठौर, महेन्द्र पाल, जगपाल सिंह, महावीर यादव, महेन्द्र पाल, राजकुमार शर्मा, पंकज यादव, आलोक भदौरिया, गोलू यादव, सागर वर्मा, कल्लू वर्मा, कल्लू राठौर, विनीत राठौर, बैदिक सोनी आदि मौजूद रहे।



अनशन पर बैठे अधिवक्ता अशोक तिवारी व अन्य। अमृत विचार



बदहाल स्थिति में मंदिर का मुख्य गेट। अमृत विचार

# पांच दिवसीय बैंकिग की मांग को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। पांच दिवसीय बैंकिंग को लागू करने की मांग को लेकर यूनाइटेड फॉर्म ऑफ़ बैंक यूनियन के आह्वान पर इटावा जिले के सभी बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने बैंक आफ इंडिया की मुख्य शाखा पर प्रदर्शन किया।

संगठन के जिला समन्वयक राजीव सिंह ने बताया की यह धरना पांच दिवसीय बैंकिंग को जल्द से जल्द लागू करने के लिए एवं सरकार द्वारा लागू किए गए श्रम कानून के विरोध में दर्ज किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश बैंक एम्पलाइज यूनियन के संयुक्त मंत्री शशांक शर्मा ने बताया कि अगर सरकार ने मांगों को स्वीकार नहीं किया तो यह आंदोलन एक बड़ा स्वरूप ले लेगा। धरने में भाग लेने वालों में प्रमुख लोगों में दिनेश कुमार, राजन यादव, राहुल, पुष्पेंद्र, ज्योति कुशवाहा, सुनील कुमार, मुकुल, मुकेश, सत्यवान, धर्मेंद्र, अभिजीत, अतुल पांडे, सूरज सिंह, अंजली दीक्षित, प्रमोद, अश्वनी, अरविन्द, शिव प्रसाद, पुष्पेंद्र पाल, विवेक कुमार, शिवकुमार, विशाल आदि बैंक कर्मियों ने जमकर नारेबाजी की।



बैंक के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

# अटल जी के नेतृत्व में भारत ने हासिल कीं अनेक उपलब्धियां : मानवेन्द्र सिंह

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष एवं एसआईआर अभियान के तहत भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में सदर इटावा विधानसभा की बैठक हुई।

विधानसभा बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य मानवेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मर्यादाओं एवं मानवीय मूल्यों का जीवंत प्रतीक रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, ग्राम सड़क योजना और दूरसंचार क्रांति जैसी अनेक उपलब्धिया हासिल कीं। वे 1980 में भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष बने। प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सरकार महिला कल्याण निगम अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि 12 वर्ष से ही अटल बिहारी वाजपेयी ने स्वयंसेवक के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी इकलौते नेता हैं जिन्हें चार अलग-अलग राज्यों उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचने का गौरव हासिल है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि एक प्रधानमंत्री के तौर पर अटल जी का कार्यकाल इतना गौरवशाली रहा कि एक दशक के बाद भी उनका कार्यकाल याद किया जाता है। संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृपा नारायण तिवारी ने किया। बैठक में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, सावित्री कठेरिया, संजीव राजपूत, डॉ रमाकांत शर्मा रहे।



बैठक ने बोलते विधान परिषद सदस्य मानवेन्द्र सिंह। अमृत विचार

- भाजपा कार्यालय पर हुई सदर विधानसभा की बैठक

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवतियां घायल

जसवंतनगर। बुधवार दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। मैनपुरी जिले के गांव माहलरपुर कटफोरी निवासी 20 वर्षीय आस्था पुत्री धर्मेंद्र और 20 वर्षीय प्रिया पुत्री अशोक स्कूटी से इटावा की ओर जा रही थीं। जब वे हाईवे पर स्थित गांव भावलपुर के समीप पहुंचीं, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

दोनों युवतियां सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने प्रिया की हालत गंभीर देखते हुए उसे सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं आस्था की हालत में सुधार होने पर उसके परिजन उसे अपने साथ ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# दो लोगों ने खाया जहर उपचार के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। जनपद के विभिन्न स्थानों पर दो लोगों ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए जहां से दोनों को यूपीयूएमएस सैफई रेफर कर दिया गया। वहां पर उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत लालपुरा निवासी विजय यादव उर्फ हरिओम 35 वर्ष पुत्र शिशुपाल सिंह ने विगत दिवस किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए हालत बिगड़ने पर उसे यूपीयूएमएस सैफई रेफर कर दिया गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत अड्डा ऊसरा निवासी शिवानी 17 वर्ष पुत्री गुड्डू प्रसाद ने किसी बात से नाराज होकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए डॉक्टरों ने उसे यूपीयूएमएस सैफई रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। थाना कोतवाली सदर व थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिस ने पंचनामे भरकर शवों के पोस्टमार्टम कराये।

### किशोर की गई जान

जसवंतनगर। क्षेत्र के गांव कुरसेना निवासी इरफान के 13 वर्षीय पुत्र छोटू की तबीयत खराब होने पर परिजन उसे इलाज के लिए आगरा के एक निजी अस्पताल ले गए थे। इलाज के बाद जब परिजन एंबुलेंस से किशोर को वापस अपने गांव ला रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मीठेपुर के समीप उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। घबराए परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवन्तनगर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### ओवरलोडिंग व अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगायें : डीएम

इटावा। प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि ओवरलोडिंग व अवैध खनन पर रोक लगाई जाए। डीएम ने कहा कि पहाड़ियों व टीलों को काटकर प्रकृति को खत्म न किया जाए। बंजर जमीन या जहां टीले वगैरह न हो वहां खनन किया जाए। प्रवर्तन का कार्य सख्ती से किया जाए। उदी मोड़ पर किस प्रकार के भार वाली ओवरलोडिंग गाड़ियां आती है, उनकी जांच की जाए व उन्हें बंद कराया जाए साथ ही कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की सहायता लेकर प्रवर्तन का कार्य कराया जाए। नव वर्ष पर अपराधों को रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं नुमाइश, चर्च आदि भीड़ वाली जगहों पर निगरानी रखी जाए, जिससे किसी भी प्रकार का अपराध या कोई समस्या उत्पन्न न हो।

# शांति कमेटी की बैठक में अमन चैन बनाए रखने के निर्देश

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। शहर कोतवाली में सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 'अली शेरे खुदा' के जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना और क्षेत्र में अमन-चैन व सौहार्द बनाए रखना था। इसमें सभी धर्मों के गुरुओं ने भाग लिया।

बैठक में सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने कहा कि जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील की ताकि किसी भी तरह की अफवाहों या तनाव को रोका जा सके।

- बैठक में 'अली शेरे खुदा' जुलूस पर हुई चर्चा

पप्पन मियां ने जुलूस के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह 3/1/2026 को जुलूस शाम 6 बजे बारसी मस्जिद, लाल दरवाजा से शुरू होकर चौक पक्कापुल होते हुए दरगाह हजरत अब्बास, रकाबगंज पहुंचेगा। जुलूस में पांच गाडियां और पांच घोड़े शामिल होंगे। लखनऊ से मौलाना सैय्यद कल्बे जब्बाद किबला भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहे हैं। चौक पर लोगों का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में शहर कोतवाली प्रभारी दर्शन सोनकी, मऊदरवाजा थाना प्रभारी अजब सिंह, एसएसआई वीरेंद्र सिंह, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, हाजी इखलाख खां संजय गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा किनारे बसी 'आस्था की नगरी'

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। माघ माह के आगमन के साथ ही गंगा के पंचाल घाट पर आस्था की नगरी आकार लेने लगी है। एक माह तक चलने वाले धार्मिक आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो गई हैं।

कल्पवास के लिए गंगा तट पर स्थान चिन्हित कर टीन शेड लगाए गए हैं। धार्मिक परंपराओं के अनुसार इस बार आठ अखाड़ों के लिए अलग-अलग मंडल तैयार किए गए हैं। अखाड़ों की बाउंड्री तय कर उनके भीतर ठहरने की व्यवस्था की गई है।

मेला सचिव एवं अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार के अनुसार मेला क्षेत्र में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। इस बार भी 1065 शौचालय बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही लगभग इतने ही नल पेयजल के लिए लगाए जा रहे हैं। सार्वजनिक शौचालयों की अलग व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक पांडाल तैयार किया गया है। यहां दिन में 11 से 3 बजे और रात में 8 से 11 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेला अवधि में भागवत कथा और रामकथा जैसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

गंगा तट पर धार्मिक आयोजन के साथ-साथ विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है।



पांचालघाट पर उद्घाटन से पूर्व आबाद हुआ तम्बुओं का शहर। अमृत विचार

- एक माह तक चलेगा धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन

# बाइक सहित गड्ढे में पड़ा मिला नल मिस्त्री का शव

संवाददाता कायमगंज

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में नल मिस्त्री की बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से उसकी मौत हो गई। बुधवार सुबह 7 बजे परिजनों को उसके खाई में पड़े होने की सूचना मिली।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्राहिमपुर के पास खाई में बाइक सहित एक युवक के पड़े होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़ ने बताया कि मृतक सीमावर्ती जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव मोहन नगला का रहने वाला मुनेश 35 वर्षीय पुत्र सोनेलाल है। जो नल मिस्त्री है। मृतक के चचेरे भाई बदन सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह वह ब्राहिमपुर के पास ही नल सही करने आया था और देर रात तक वह घर वापस नहीं आया। बुधवार सुबह उसके खाई में पड़े होने की सूचना मिली थी। संभावना जताई जा रही है कि घने कोहरे में बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई जिसके नीचे दबकर मुनेश गंभीर रूप से घायल हो गया उसकी गर्दन में चोट आने की भी संभावना जताई जा रही है। साथ ही रात भर भीषण सर्दी में पड़े रहने से भी उसकी मौत होने की संभावना है। जवान पुत्र की मौत की सूचना मिलने पर पहुंची मां हसनदेवी, पत्नी मीना उसके दो पुत्रों और पुत्री का रो रो कर बुरा हाल था।

घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे कायमगंज कोतवाली के एसएसआई सुरजीत सिंह और उप निरीक्षक सुधा पाल ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आयोजन — सदर विधानसभा क्षेत्र का अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन

# 'अटल जी शांति प्रणेता भी थे और युद्ध विजेता भी'

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। बुधवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र का अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पालने सदर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं बुद्धजीवी वर्ग के लोगों को संबोधित किया। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने की। संयोजक अतुल दीक्षित ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा अटल बिहारी वाजपेई भारतीय राजनीति के सबसे लोकप्रिय नेता थे जिन्होंने अपनी प्रखर वाणी कविताओं एवं राजनीतिक सूझबूझ से भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपना नाम रोशन करने का काम किया। उन्होंने अपनी 13 दिन 13 महीने और उसके बाद पूरे 5 वर्ष की सरकार में गरीब कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। भारत की शक्ति को पूरी दुनिया में प्रदर्शित करते हुए उन्होंने परमाणु परीक्षण करके आतंक और आतंकवादियों को सख्त संदेश देने का कार्य किया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो उसमें अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार का भी योगदान है। उन्होंने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री शांति प्रणेता भी थे और युद्ध विजेता भी थे। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत के ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लोकप्रिय नेता थे। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री राजनीति के अजातशत्रु थे। संचालन किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत पांडे ने किया।



अटल स्मृति सम्मेलन में बोलते कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल।

- कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बुद्धजीवी वर्ग के लोगों को संबोधित किया

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। अमृतपुर में मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। थाना अमृतपुर पुलिस प्रभारी मोनू शाक्या के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों में यह अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों ने घर-घर जाकर, सार्वजनिक स्थलों में महिलाओं से सीधा संवाद किया।

इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपात सेवा), 1090 (वूमेन पावर लाइन) और 1076 शामिल हैं। उन्हें छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और उत्पीड़न जैसे महिला संबंधी अपराधों की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या पर महिलाएं बिना किसी डर के पुलिस से संपर्क कर सकती हैं। उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें स्वावलंबी बनाना और समाज में सुरक्षित वातावरण स्थापित करना है। महिलाओं ने पुलिस के इस जागरूकता अभियान की सराहना की।

### कृष्णा देवी की जयंती पर आज जरूरतमंदों को बांटे जाएंगे कंबल

फर्रुखाबाद। मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ अनार सिंह ने बताया कि स्व. कृष्णा देवी जिया जी की 80वीं जयंती के अवसर पर एक जनवरी को विश्वविद्यालय परिसर की कृष्णा वाटिका में असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी उपस्थित रहेंगी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः नौ बजे हवन-पूजन के साथ होगा। इसके उपरांत असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए जाएंगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रसाद रूप में भंडारे की भी व्यवस्था की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट

**कुदरकोट (औरैया)।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के नगला जादों गांव में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। बुधवार की सुबह करीब 9:15 बजे भूरे सिंह नामक व्यक्ति पर उनके भतीजों रमाकांत और शिवकांत ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित भूरे सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके भतीजों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके घर के दरवाजे पर आकर उन पर हमला किया। इस हमले में उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

### जूना अखाड़े की नगर प्रवेश यात्रा 2 जनवरी को

**फर्रुखाबाद।** 2 जनवरी शुक्रवार को जूना अखाड़े की नगर प्रवेश यात्रा मेला रामनगरिया क्षेत्र में होगी। 6 नंबर सीढ़ी से प्रारंभ होकर पांचाल घाट पुल होते हुए कादरी गेट नाला मछरट्टा पक्का पुल चौराहा तिकोना रेलवे स्टेशन होते हुए चौक नेहरू रोड घुमना लाल गेट आवास विकास मशीने चौराहा होते हुए मेला क्षेत्र में प्रवेश करेगी।

### ट्रक-टेंपो की टक्कर में तीन घायल, चालक फरार

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को बदायूं मार्ग पर एक सडक़ दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना में टेंपो चालक हरिशंकर दीक्षित उर्फ निम्मा, जो रतनपुर पमारान के निवासी हैं, सहित दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सडक़ पर गिर गया। हादसे के तुरंत बाद ट्रक का चालक और परिचालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गए।



शोभायात्रा में उमड़ी लोगों की भारी भीड़। अमृत विचार

# धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा भारी संख्या में मौजूद रहे श्रद्धालु

## अछल्दा में हनुमान मंदिर सेवा समिति ने प्रभु श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बे में हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रभु श्रीराम की विशाल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस यात्रा में लगभग 5000 श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शोभायात्रा में रथों पर सवार राम-सीता-लक्ष्मण की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इसके अतिरिक्त, हनुमान और भगवान शंकर की झांकियां भी शामिल थीं। ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवाओं और महिलाओं ने नृत्य किया, वहीं किन्नरों ने भी नृत्य कर यात्रा का स्वागत किया। यह शोभायात्रा लगभग 3 किलोमीटर लंबी थी, जो ब्लॉक चौराहा, हरिगंज बाजार, सराय बाजार, नहर बाजार और नेविलगंज से होते हुए पुनः हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वल्पाहार और भंडारे की व्यवस्था की गई थी। सराय बाजार स्थित छोटू बेकरी पर हलवा वितरित किया गया। जबकि नहर बाजार में गोविंद इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा राजमा-चावल का वितरण हुआ। नेविलगंज में विजय शंकर गुप्ता ने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। क्षेत्राधिकारी पुनीत मिश्रा ने स्वयं मौके पर कमान संभाली। एनसीसी के लेफ्टिनेंट रवि दत्ता के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने भी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान सम्राट श्रीवास्तव ने बुलडोजर पर सवार होकर शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की। आयोजकों और नगरवासियों ने इस आयोजन को सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आस्था और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देते हैं।

## युवक की सड़क हादसे में गई जान

**दिबियापुर (औरैया)।** मंगलवार को गांव पूर्वा के निवासी चाचा-भतीजा बाइक से कानपुर में भर्ती अपने परिजन को देखने जा रहे थे। फफूंद स्टेशन से ट्रेन पकड़नी थी। रामगढ़ रोड़ स्थित महामाई मंदिर के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को दिबियापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने 35 वर्षीय अनिरुद्ध कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि चाचा विजय कुमार का इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर सड़क किनारे गलत तरीके से खड़ा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। मृतक की पत्नी शीतला देवी ने बताया कि उनके पति अपने भाई उमाशंकर को देखने कानपुर जा रहे थे, जो अस्पताल में भर्ती है। परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। उन्होंने थाने में तहरीर देकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



सुंदरकांड पाठ करते लोग। अमृत विचार

## फफूंद में हिंदू युवा मोर्चा संघ ने कराया सुंदरकांड पाठ

संवाददाता फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में मंगलवार को सातवां सुंदर काण्ड का आयोजन स्थान बाला जी महाराज मंदिर औरैया रोड मुरादगंज तिराहा के पास फफूंद के प्रांगण में किया गया।

सुंदरकांड पाठ दो बजे से प्रारंभ होकर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर पंडित विष्णु दत्त शुक्ला, आचार्य बाल कृष्ण मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष, बृजेंद्र सविता. प्रदेश संगठन मंत्री, गौरव श्रीवास्तव , प्रदेश महामंत्री, विनोद तिवारी संरक्षक, विनोद कोस्टा संरक्षक , अशोक शर्मा संरक्षक , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत कुशवाहा , संरक्षक ओबरन सिंह राजपूत, अनुराग धनगर नगर अध्यक्ष फफूंद, अवनीश अवस्थी जिला संयोजक, नितिन त्रिपाठी जिला कार्यकारणी सदस्य, प्रगति मिश्रा, गोपाल अवस्थी, अनुराग कुशवाहा मीडिया प्रभारी, राज नारायण , दया शंकर, रामदास रावत मौजूद रहे।

## 14 साल से अधूरा पड़ा सड़क निर्माण

संवाददाता, बेला (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरयाबां के मजरा बेनी पुरवा में पिछले 14 वर्षों से सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। बरसात के मौसम में यह सड़क पूरी तरह कीचड़ से भर जाती है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार, सड़क का काम लगभग 14 साल पहले शुरू हुआ था। ठेकेदार ने केवल गिट्टी डालकर काम रोक दिया और तब से यह परियोजना अधूरी पड़ी है। सड़क की बदहाली के कारण, यदि कोई ग्रामीण बीमार पड़ जाता है, तो उसे चारपाई पर लादकर लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बेला-बिधूना मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन और सरकार से तत्काल सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।
















**न्यूज ब्रीफ**

### बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई

**चित्रकूट।** बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी ने बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर संपूर्ण अभियान की शुरुआत की। सीएमओ कार्यालय परिसर में शहरी पीएचसी में नौ माह से पांच वर्ष तक के 17 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई। प्रियंका देवी एएनएम, अर्पणा श्रीवास्तव स्टाफ नर्स ने भी बच्चों को खुराक पिलाई। इस दौरान डॉ. संतोष कुमार, डॉ. जीआर रतमेले, डॉ. दयाशंकर, डॉ. अरुण पटेल रहे।

### चयनित गांवों में आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों में प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान विकास खंड कर्वी एवं पहाड़ी के एक-एक, मऊ के तीन व मानिकपुर के 13 ग्रामों में ग्राम स्तरीय समिति के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाइक से आफिस जायें तो हेलमेट अवश्य लगायें

**चित्रकूट।** जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में कोई भी अधिकारी और कर्मचारी बाइक से बिना हेलमेट के नहीं आ सकेगा। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सभी विभागाध्यक्षों को इस संबंध में कड़ाई करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 20 दिसंबर को वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान सड़क सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देश दिए हैं। इस संबंध में पूर्व में निर्गत आदेश के बाद भी लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं। उन्ळोने कहा कि हेलमेट नहीं, तो कार्यालय में प्रवेश नहीं की अवधारणा लागू की जाये।

### तीर्थक्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान विवाद

**सीतापुर।** तीर्थक्षेत्र के कुर्मीपुरवा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण प्रभारी और स्थानीय लोगों के बीच विवाद हो गया। बताया जाता है कि स्थिति तनावपूर्ण होती देख अतिक्रमण प्रभारी नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। इसी दौरान एक व्यक्ति आक्रोशित हो गया और उसने कथित तौर पर एक दर्जन युवकों को कार्यालय भेज दिया, जहां काफी देर तक हंगामा चलता रहा। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा कर स्थिति को काबू में किया।

### तमंचा समेत गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के एसआई अनिल कुमार सिंह ने सुधीर तिवारी पुत्र मूर्तध्वज निवासी ग्राम गड़ौली को तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा। इसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया।

# यूपी बोर्ड : 40 केंद्रों में कुल 24,775 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

## जिविनि रविशंकर ने बताया कि परीक्षा केंद्रों की सूची अपलोड कर दी गई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में यूपी बोर्ड के लिए कुल 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें कुल 24,775 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इनमें हाईस्कूल के 13551 और इंटरमीडिएट के 11224 परीक्षार्थी हैं।



डीआईओएस रविशंकर।

**11,224**
इंटरमीडिएट के विद्यार्थी देंगे परीक्षा

**13,551**
हाईस्कूल के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे

जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि परीक्षा केंद्रों की सूची अपलोड कर दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षाएं पूरी पारदर्शिताा और सूचिता पूर्ण तरीके से कराई जायेंगी। उन्होंने कहा कि परीक्षायें पूरी तरह से नकलविहीन होंगी। राजकीय इंटर कालेज बरगढ़ में हाईस्कूल के 370 और इंटरमीडिएट के 261 बच्चे, जीजीआईसी राजापुर में क्रमशः 141 और 163, आदर्श इंटर कालेज मानिकपुर में 309 और 267, त्यागी इंटर कालेज ऐंचवारा में 404 और 350, कृषक इंटर कालेज भौंरी में 655 और 423, महर्षि वाल्मीकि इंटर कालेज खंडेहा में 215 और 165, पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज मऊ में 461 और 248, गोस्वामी इंटर कालेज छीबों में 428 और 294, तुलसी इंटर कालेज राजापुर में 318 और 336, स्व.नाथूराम संकटमोचन इंटर कालेज बछरन में 325 और 108, स्व. लालाभाई पटेल इंटर कालेज कपना इंटौरा में 289 और 324, बजरंग इंटर कालेज सपहा में 224 और 162, हनुमत इंटर कालेज नांदी तौरा में 234 और 314, पालेश्वरनाथ इंटर कालेज पहाड़ी में 364 और 223, राजकीय इंटर कालेज घुरेटनपुर में 281 और 136, छत्रपति शाहूजी इंटर कालेज रगौली में 406 और 460, रघुवीर प्रसाद कन्या इंटर कालेज पहाड़ी में 185 और148, बालिका इंटर कालेज मऊ में 236 और 217, पं. शिवकुमार त्रिपाठी इंटर कालेज मऊ में 274 और 231, सरधुआ इंटर कालेज सरधुआ में 305 और 234, बाबा प्राणनाथ इंटर कालेज पूरबपताई में 312 और 241, स्व. महादेव इंटर कालेज नादिन कुर्मियान में 289 और 345, संजय गांधी इंटर कालेज हन्ना बिनैका में 289 और145, चंद्रेश इंटर कालेज बरगढ़ में 180 और 260, श्री एस सिंह पटेल इंटर कालेज लालता रोड में 385 और 348, सिया सिंह इंटर कालेज खोंपा भदेहदू में 275 और 182, संत रीता इंटर कालेज मानिकपुर में 178 और 87, परम विद्या मंदिर इंटर कालेज शिवरामपुर में 371 और 267, हरीमोहन सिंह इंटर कालेज बछरन में 227 और 208, शारदा आदर्श इंटर कालेज भरतकूप में 350 और 141, केएलपी मेमोरियल इंटर कालेज राजापुर में 336 और 163, शांति देवी इंटर कालेज पहाड़ी में हाईस्कूल में 204 और इंटर में 182 बच्चे परीक्षा देंगे। इसी प्रकार रतननाथ इंटर कालेज रसिन में हाईस्कूल में 204 और इंटरमीडिएट में 253, छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

**ये हैं कर्वी के इंटर कालेज :** डीआईओएस ने बताया कि मुख्यालय और आसपास में कुल सात सेंटर बनाए गए हैं। राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी में हाईस्कूल में 464 और इंटर में 372, चित्रकूट इंटर कालेज में 1029 और 930, श्री गंगाप्रसाद जनसेवा इंटर कालेज में 446 और 468, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज सीतापुर में 380 और 368, जेपी इंटर कालेज में 297 और 448, बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बेड़ी पुलिया में 254 और 232, ज्ञानभारती इंटर कालेज में हाईस्कूल में 562 और इंटरमीडिएट में 573 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

## पुलिस प्रशासन ने दुरुस्त रखीं व्यवस्थाएं

**जालौन।** 2025 की समाप्ति के आखिरी दिन प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रही। साथ ही प्रशासन ने पहले ही आगाह कर दिया था कि नये साल स्वागत सभी लोग धूमधाम से करें लेकिन हुड़दंग न करें। अगर कोई हुड़दंग करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

बुन्देलखण्ड के प्रवेशद्वार कालपी में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन मुस्तैद रहा। साल 2025 के आखिरी दिन 31 दिसम्बर को जगह-जगह पार्टी आयोजित हुई। वहीं उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहाकि बीते वर्ष क्षेत्र में सभी के सहयोग से अमन व शान्ति रही। आगे 2026 में भी ऐसा ही माहौल रहने की उम्मीद की। उन्होंने कहाकि प्रशासन आपके सहयोग के लिये तैयार है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी ने गड़बड़ी फैलाई तो ऐसे शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय बृम्ह तिवारी ने कहाकि साल के अन्तिम दिन पुलिस व्यवस्था दुरुस्त रखी गई है। सभी हल्का इंचार्जों, बीट सिपाहियों व कोबरा पुलिस को भी सर्तक रखा गया है।



सेवानिवृत्ति पर एडीएम उमेश चंद्र निगम को सम्मानित करते डीएम पुलकित गर्ग।

# एडीएम उमेश चंद्र को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) उमेश चंद्र निगम के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सेवानिवृत्त अधिकारी के साथ अपने अनुभव साझा किए।

डीएम ने कहा कि उन्हें उनके साथ पूर्व में भी कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। सिद्धार्थनगर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यकाल के दौरान उमेश चंद्र निगम उप जिलाधिकारी नौगढ़ थे। उन्होंने विधानसभा एवं पंचायत चुनावों का सफलतापूर्वक दायित्व निर्वहन किया था। जिलाधिकारी ने उनके दीर्घ एवं उत्कृष्ट शासकीय सेवाकाल की सराहना की कि उनके अनुभव एवं नेतृत्व से प्रशासन को निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने निगम को कुशल, अनुशासित एवं प्रभावी प्रशासक बताया। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने कहा कि लगभग 22 माह के कार्यकाल में जिले में उनके कार्य उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय हैं। उनको स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अपर जिलाधिकारी की धर्मपत्नी शकुंतला निगम, अपर जिलाधिकारीगण, उप जिलाधिकारीगण, जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### दो कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**सीतापुर।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि. के स्टेनो रामराज सिंह और दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत् शिक्षा केंद्र में सहायक श्रेणी 2 (कंप्यूटर) शैला देशमुख को सेवानिवृत्ति पर कुलपति प्रो. आलोक चौबे की अध्यक्षता में विदाई दी गई। प्रो. चौबे ने सेवानिवृत दोनों कर्मियों के उज्जवल भविष्य और स्वस्थ रहने की कामना की। इस मौके पर डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, कुलसचिव प्रो. आरसी त्रिपाठी, प्रो. भरत मिश्रा, प्रो. कमलेश कुमार थापक और परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षकों को दिया गया स्मार्ट क्लास संबंधी प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों व कंप्यूटर अनुदेशकों के लिए दो दिवसीय स्मार्ट क्लास संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण में दक्ष करना और विद्यालयों में डिजीटल शिक्षा को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण में 89 विद्यालयों के दो-दो शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शिक्षकों को स्मार्ट बोर्ड पैनल के संचालन, डिजीटल कंटेंट के उपयोग आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। संदर्भदाता गीत श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, शुभांकर शुक्ला एवं चंद्रिका प्रसाद ने शिक्षकों को तकनीकी के प्रयोग के बारे में बताया। समापन अवसर पर प्राचार्य डायट बीके शर्मा ने आशा की कि प्रशिक्षण शिक्षकों को शिक्षण की आधुनिकतम तकनीक में दक्ष कराएगा। प्रशिक्षण प्रभारी अखिलेश पांडेय ने उम्मीद जताई कि इस पहल से विद्यालयों में शैक्षिक स्तर में गुणात्मक सुधार होगा एवं शिक्षण अधिगम प्रक्रिया सरल, रोचक एवं प्रभावशाली बनेगी।

# नए वर्ष की पूर्व संध्या पर वकीलों ने किया सहभोज

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या में तहसील परिसर में अधिवक्ता संघ ने सिद्ध हनुमान मंदिर के प्रांगण में सहभोज कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्र कुमार चतुर्वेदी मौजूद रहे।

एडवोकेट रोहित तिवारी ने बताया कि 2025 के विदाई अवसर पर बार एसोसिएशन तहसील इकाई राजापुर ने यह सहभोज कराया है। इस दौरान गरीबों को सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने तथा गरीब महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सलाह देने के लिए विचार विमर्श किया गया। बार और बेंच के बीच सहयोग के साथ संबंध स्थापित करने पर भी चर्चा की। अधिवक्ता संजय मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से अधिवक्ताओं के हित संबंधी वार्तालाप संवाद करने का अवसर मिलता है। समाज के विकास में बाधक जातिवाद को समाप्त करने के लिए यह सहभोज है।



मंदिर परिसर में हुए सहभोज में भोजन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

इस मौके पर एडवोकेट अनुज शुक्ला, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, संजीव पांडेय, राहुल शुक्ला, नरेंद्र शुक्ला, समाजसेवी सुनील मिश्रा, नरेंद्र शुक्ला, देवकीनंदन मिश्रा, राजप्रताप त्रिपाठी, सुरेश यादव, भानु शुक्ला, उदित नारायण शुक्ला, कृष्ण कुमार मिश्रा, सौरभ मिश्रा, मार्कंडेय तिवारी आदि एडवोकेट मौजूद रहे।


**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मै **अमन श्रीवास्तव पुत्र ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव निवासी- मो0 अश्वनीपुरम् कालोनी जप्ती वजीरगंज, जिला-अयोध्या**, मैने सन्. 2023 में एम0वी0ए0 की डिग्री ए. के टी.यू. लखनऊ से प्राप्त किया जो कहीं खो गया ढूंढने पर नहीं मिला।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MERCILLINA DEANE था। मैने अपना नाम बदलकर MAHI AGARWAL रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। Add 38, कोतवाली नगर, मोहल्ला फतेहपुरा जिला बहराइच, यूपी।

**सूचना**
मैं चन्द्रशेखर प्रसाद से अपना नाम बदलकर चन्द्रशेखर रख रहा हूँ आज से मुझे नए नाम से जाना व पहचाना जाए। पता- 544/1396 बरौरा रोड हुसैन बाड़ी, एकता नगर बाला गंज लखनऊ है।

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD ZIAUL HAQ से बदलकर MOHD ZIAULHAQ रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD HASEEB ADD-335/158 NEW 335/236, GALI GURDEEN, MAHMOOD NAGAR CHOWK, PO-CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**
मैं **सपना पुत्री राजेंद्र पाल ग्राम काशीपुर पोस्ट करकसा थाना डलमऊ रायबरेली** की निवासिनी हूं। मेरा हाई स्कूल रोल नंबर 1523808 व इंटरमीडिएट रोल नंबर 1140 320 के अंक पत्र वास्तव में खो गए हैं। खोजबीन के बाद भी मिले नहीं है।

**सूचना**
मैने अपना नाम SAYYAD MEESAM HUSAIN से बदलकर MEESAM HUSAIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SHAMIM HUSAIN ADD-390/034A RUSTAM NAGAR KASHMIRI MOHALLA CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P)

**सूचना**
मैने अपना नाम ABDUL RAHEEM ANSARI से बदलकर ABDUL RAHIM JALALUDDIN ANSARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-JALALUDDIN ANSARI ADD-UTRAULA PACHAUTA, ALLIPUR BUJURG, DIST-BALRAMPUR-271604 (U.P.)

**सूचना**
मैं Uzma Jabeen, यह घोषित करती हूं कि मेरे हाईस्कूल सर्टिफिकेट में मेरे पिता का नाम गलती से Vasi Mohammad छप गया है। पिता का सही नाम Wasi Mohammad है, जिसे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिये सही माना जाए। D/o Wasi Mohammad R/O 431/217, Niwati Tola, Moazzam Nagar, Hanuman Mandir, Lucknow


# रेलवे बाउंड्री बनाकर बंद कर रहा रास्ता

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** महावीर नगर के निवासियों ने रेल मंत्री को ज्ञापन भेजकर रेलवे द्वारा किए जा रहे बाउंड्री निर्माण पर आपत्ति जताई है। इनका कहना है कि यह शहर में आवागमन के पुराना रास्ता है। अगर इसे बंद कर दिया गया तो बहुत दिक्कत होगी।



रोष जताते महावीरनगर के लोग। अमृत विचार

निवासियों ने ज्ञापन में बताया है कि जिस रास्ते को बंद किया जा रहा है, वह रेल लाइन बिछने से भी पहले का है और इसका उपयोग पीढ़ियों से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, उनके पूर्वजों ने ही अपनी मूल काश्तकारी भूमि मानिकपुर जंक्शन स्टेशन के विकास के लिए रेलवे को दी थी, ऐसे में इस मार्ग को बंद करना न्यायसंगत नहीं है। नागरिकों ने बताया कि यह रास्ता पूरे महावीर नगर को जोड़ने वाला सबसे पुराना और प्रमुख मार्ग है। साथ ही इसी रास्ते से रेलवे कर्मचारियों का भी नियमित आवागमन होता रहा है। मार्ग बंद होने से आमजन के साथ-साथ रेलवे कर्मियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि बाउंड्री निर्माण के दौरान जल निकासी की नाली को बंद न किया जाए। इससे बरसात के मौसम में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। लोगों ने रेल मंत्रालय से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इस मार्ग को खुला रखने का आग्रह किया है। इस दौरान गुरु मिश्रा ,बालक दास, सुधीर, रामस्वरूप, ज़ाहिद, सत्यनारायण, देवनारायण, लवलेश, लाला आदि मौजूद रहे।



रोड रोलर चालक को विदाई देते सहकर्मी।

### एक विदाई ऐसी भी...

**चित्रकूट।** जहां सरकारी विभागों में अधिकारियों की सेवानिवृत्ति पर समारोहपूर्वक विदाई दी जाती है, वहीं कर्मचारियों के रिटायरमेंट में अधिकारी दो शब्द कहने पर भी गुरेज करते हैं। बुधवार को भैयालाल निवासी बूढा अमरपुर की पीडब्लूडी में ब्लॉक पहाड़ी में रोलर ड्राइवर पद से सेवानिवृत्ति हुई तो दोचार सहकर्मियों ने उनको फूलमाला पहनाकर विदा किया। एडवोकेट हाईकोर्ट विनय ने बताया कि भैयालाल उनके दादा हैं। उन्होंने आक्रोश जताया कि न तो कोई अधिकारी और न कोई ठेकेदार वहां पहुंचा। आरोप लगाया कि पुराने साथियों ने भी बताया कि छोटे कर्मचारी को हेय दृष्टि से देखा जाता है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज**

संख्या: 885 न0पा0प0, गुर0गंज (2025-26) दिनांक 31/12/2025

**अति अल्पकालीन सार्वजनिक कुटेशन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, कार्यालय प्रयोग हेतु 1 नग ऑल इन वन कम्प्यूटर सिस्टम क्रय करना चाहती है जो भी फर्म उक्त कार्य करने में रूचि एवं अनुभव रखती हो वह अपना सीलबन्द कुटेशन पालिका कार्यालय में दिनांक 07.01.2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। ध्यान रखें निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई भी कुटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त कुटेशनों को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

कुटेशन सम्बन्धी नियम व शर्तें पालिका में किसी भी कार्यदिवस में देखी व पढी जा सकती हैं।

Specification:
Display: 27 inch
Processor: i-5 13th Gen
Connectivity: bluetooth, HDMI, USB, wifi
Memory storage capacity: 512 GB SSD
RAM: 16 GB

**(अनिल कुमार)** अधिशासी अधिकारी
**(मुन्नी देवी)** अध्यक्ष
**नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज**


**नेक कार्य** | विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं

# विधायक ने गरीबों को वितरित किये कंबल

संवाददाता कालपी-जालौन

**अमृत विचार।** प्रशासन द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक बिनोद चतुर्वेदी ने जरूरतमन्दों, गरीबों व असहाय लोगों के प्रति, सेवाभाव रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती हैं।

बुधवार को तहसील प्रशासन द्वारा नगर सीमा के पास स्थित लंगरपुर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आए क्षेत्रीय विधायक बिनोद चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। उन्होंने सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि सरकार गरीबों, असहाय लोगों के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है। उन्होंने वहां पर आये गरीबों, असहाय और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की गरीबों के प्रति सेवाभाव का भाव बनाये रखें।



गरीब व्यक्ति को कंबल देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

- **तहसीलदार ने कहा कि 1500 कंबल आये थे, सभी का वितरण हो चुका, जरूरत पर और मंगायेंगे**

इस दौरान एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने वहां पर मौजूद लोगों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनके साथ खड़ा है, लेकिन इसके लिए जनता को भी मानवता बनाए रखनी होगी। तहसीलदार अभिनव तिवारी ने कहा कि शासन से 1500 कंबल आए थे जिनका वितरण लगभग हो चुका है। हांलाकि उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो और भी मंगवाए जाएंगे।

## शिविर में मौजूद रहें संबंधित विभाग

**कालपी-जालौन।** विधिक साक्षरता शिविरों में अन्य विभागों की उपस्थिति को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। इसके चलते एक जनवरी को आयोजित होने वाले शिविर में उनकी मौजूदगी के निर्देश जारी किए हैं।

शासन द्वारा आम जनता तक कानूनी जानकारी के साथ शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक माह तहसील क्षेत्र में दो विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए जाते है, जिसमें न्याय विभाग के साथ समाज कल्याण, शिक्षा विभाग व विकास विभाग की जिम्मेदारी तय होती है। विधिक साक्षरता शिविर के सचिव तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार गत 15 दिसम्बर को आयोजित इस शिविर में आटा थाना सहित सभी विभागों के जिम्मेदार गायब थे। इसी के चलते 1 जनवरी को आयोजित होने वाले शिविर में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सख्ती बरतनी शुरू की है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुतुबपुर वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक: मेमो पंचम/राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त/2025-26 दिनांक-31-12-2025

**विज्ञप्ति**

पंचम राज्य वित्त आयोग / पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनानतर्गत ग्राम पंचायत में सी0सी0 रोड निर्माण कार्य मेन रोड से राजेश सविता के घर तक का कार्य कराया जाना है उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेण्डर दिनाँक 06/01/26 तक आवंटित किये जाते हैं। प्राप्त टेण्डर दिनाँक 07/01/2026 अपरान्ह 4 बजे अद्योहस्ताक्षरि के समक्ष खोले जायेंगे। सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह सपथपत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डरदाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है, आपूर्ति की गई सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट- | 180 बैग |
| 2 | लोकल बालू- | 193 मी0 3 |
| 3 | सी. सैण्ड | 19.30 मी0 3 |
| 4 | 40 MM ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 17.10 मी03 |
| 5 | 20 एम.एम. ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 17.00 मी03 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईटा- | 2910 नग |
| 7 | 125 माइक्रोन पालीथीन | 176 मी0 2 |
| 8 | मैक्साफाल्त शीट | 55 मी02 |

ग्राम प्रधान सचिव
ग्राम पंचायत कुतुबपुर वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)



भगवान का कोई धर्म नहीं है।
–राष्ट्रपिता महात्मा गांधी



## चौथी अर्थव्यवस्था का अर्थ

साल के आखिरी दिन यह खबर अत्यंत उत्साहवर्धक रही कि हम साल बीतने से पहले जापान की 368 लाख करोड़ की जीडीपी को पीछे छोड़ 376 लाख करोड़ वाली विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बने और सरकार को उम्मीद है कि अगले तीन साल के भीतर हम जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पछाड़ कर अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। सरकार की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में यह भी जानकारी दी गई कि महंगाई दर जो पहले चार से ऊपर थी घट कर एक फीसद से भी नीचे आ गई है और बेरोजगारी दर में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। देश की जीडीपी की विकास दर भी खासी ऊंची है। महंगाई बेहद कम, लोगों को काम और जीडीपी बढ़त पर, विदेशी मुद्रा भंडार भी भरा हुआ, यानी दौर वाकई 'गोल्डिलॉक्स पीरियड' है।

ये सरकारी दावे नये साल की शुरुआत करने के लिए शानदार उत्प्रेरक की तरह काम कर सकते हैं, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने इस बात को दोहराया है कि भारत की विकास दर आगे भी सात फीसदी से ज्यादा रहने से वह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। यानी इस साल हम इस दिशा में कुछ और नए प्रतिमान स्थापित करेंगे। यह ठीक है कि जापान लंबे समय से जनसंख्या घटने, कमजोर घरेलू मांग और कर्ज के बोझ तले है। जर्मनी की अर्थव्यवस्था भी ऊर्जा संकट, औद्योगिक सुस्ती और यूरोप की समग्र मंदी के कारण लगभग ठहराव की स्थिति में है, सो हमारी रैंकिंग में परोक्षतः दूसरों का भी हाथ है। एक महत्वपूर्ण पहलू भी गौरतलब है, बड़ी अर्थव्यवस्था अधिकतर आम लोगों के बेहतर जीवन की गारंटी नहीं है। अच्छी सड़कें, आधुनिक परिवहन, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, मुफ्त व प्रभावी शिक्षा, भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन, अपराध नियंत्रण और प्रदूषण से राहत- ये सब केवल जीडीपी के आकार से नहीं, बल्कि नीतिगत प्राथमिकताओं से तय होते हैं। प्रति व्यक्ति आय का अंतर इसे साफ दर्शाता है। भारत की प्रति व्यक्ति आय लगभग दो लाख रुपये सालाना मान भी लें, तो जापान की प्रति व्यक्ति आय औसतन 40 लाख प्रतिवर्ष है, जर्मनी, अमेरिका में इससे भी अधिक है। यानी भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी पर आम भारतीय विकसित देशों से पीछे रहेगा। मानव विकास सूचकांक में भारत अभी मध्यम श्रेणी में है, जबकि अमेरिका, जर्मनी और जापान शीर्ष पायदानों में हैं और चीन भी भारत से ऊपर है। स्पष्ट है कि आर्थिक रैंकिंग और मानव विकास रैंकिंग में सीधा संबंध नहीं होता।

कुल मिलाकर बड़ी अर्थव्यवस्था का असली अर्थ है, जन कल्याण के लिए अधिक संसाधन। यदि ये संसाधन शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण में नहीं लगे, तो आंकड़ों की चमक आम आदमी तक नहीं पहुंचेगी। यह बदलाव केवल जीडीपी का नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन में क्रांतिकारी सुधार का प्रतीक बने, इसके लिए विकास को समावेशी, रोजगार-प्रधान और मानव-केंद्रित बनाना होगा। तभी 'चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था' एक वास्तविक उपलब्धि कहलाएगी, न कि सिर्फ एक सांख्यिकीय मील का पत्थर।

### प्रसंगवश

## नए साल में चुनाव और सियासी समीकरण



रमा निवास तिवारी
लेखक

2025 में राजनीति के जो समीकरण बनते बिगड़ते रहे, 2026 में उसको कसौटी पर कसा जाएगा। बिहार के चुनावों से निकले जनादेश ने बीजेपी को देश की सशक्त पार्टी साबित किया, इसकी असली ताकत पश्चिम बंगाल में तय होगी, जहां ममता बनर्जी के सियासी तिलिस्म से भाजपा की रणनीति का आमना-सामना होगा। पश्चिम बंगाल का यह सियासी रण 2026 के अप्रैल-मई महीने में ही देखा जाना है। इतना ही नहीं, असम, पुदुचेरी, तमिलनाडु और केरल के विधानसभा चुनाव भी आने वाले साल में प्रस्तावित हैं, जो देश की सियासत की दिशा निर्धारित करेंगे। उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े सूबे में इसी वर्ष पंचायत चुनाव होने हैं, जिसका बिगुल नए साल की आमद के साथ बजने ही वाला है। प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले होने वाले पंचायत चुनावों को राजनीतिक पार्टियों के द्वारा शक्ति प्रदर्शन के रूप में लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश समेत देश के तमाम राज्यों में चल रहे एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर पहले ही सियासत गरम है।

अगले वर्ष जिन राज्यों के चुनाव होने हैं, वहां अलग-अलग राजनीतिक दल एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगाते दिखाई देंगे। राजनीतिक चुनौतियों से निपटने की शुरुआत तो जनवरी से ही शुरू हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी पार्टी सपा सत्ता के वनवास से निकल कर बाहर आने को बेचैन है, उधर भाजपा ने योगी आदित्यनाथ के भरोसे अंगद की तरह पांव जमा दिया है। कौन किस पर भारी साबित होगा, यह तो 2027 के चुनाव ही बता पाएंगे, लेकिन जीत-हार की रस्साकशी 2026 में ही नजर आने लगेगी। पंचायत चुनावों से ही सियासत का अखाड़ा सज उठेगा।

भाजपा दिल्ली और यूपी के अन्तर्द्वन्द से कैसे निपटेगी और नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आते ही जातिगत झमेले में जा उलझी पार्टी को पटरी पर नेतृत्व कैसे लाएगा, यह सब 2026 में देखने को मिलेगा। 2026 देश की सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए कोई न कोई चैलेंज लेकर आ रहा है। आने वाले साल में सियासत की तासीर बदली नजर आएगी और राजनीतिक घमासान के बादल देश पर मंडराते रहेंगे।

क्या मोदी और क्या योगी सबको अपने राजनीतिक कौशल की परीक्षा देनी पड़ेगी। मायावाती और अखिलेश यादव को अपनी-अपनी ताकत में इजाफा करके दिखाना होगा। राहुल गांधी की लगातार मेहनत को भी आने वाला साल अपनी कसौटी पर कसने वाला है। शुरुआत तो उत्तर प्रदेश से ही हो जाती है, जहां पंचायत चुनावों की तपिश के बीच नये साल की आमद दर्ज होने जा रही है। नये साल की शुरुआत से ही उत्तर प्रदेश में सियासत के इन दो ध्रुवों भाजपा और सपा के बीच द्वंद्व होता नजर आएगा।

योगी आदित्यनाथ का चेहरा और उनकी राजनीति के कायल प्रदेशवासियों ने लगातार दूसरी बार उन्हें प्रचंड जनादेश के साथ प्रदेश की सत्ता पर बैठाया था। अब पंचायत चुनाव और अन्य राजनीतिक पैरामीटर यह तय करेंगे कि योगी का जादू बरकरार है या नहीं। उधर लोकसभा चुनाव रिकॉर्ड सीटों से जीतकर अखिलेश यादव और उनकी पार्टी के हौसले बुलंद हैं, लोकसभा की जीत से 2027 के लिए बड़ी उम्मीदें निकल कर आई हैं। अखिलेश यादव की चुनौती है कि वोट बैंक के बिखराव पर कैसे विराम लगाएं और अपने परंपरागत वोट बैंक को कैसे फिर सहेजें, जो भाजपा की ओर शिफ्ट हो गए हैं, हालांकि सपा कार्यकर्ताओं में लोकसभा की जीत और शिवपाल यादव के पार्टी में विलय से गजब का उत्साह भरा हुआ है, लेकिन अखिलेश यादव को उसे बनाये रखने की जरूरत है।

## देश के लिए अच्छे नहीं हैं मौसम के संकेत





अमित शर्मा
हल्द्वानी

हर साल मौसम में हो रहा बड़ा वैश्विक बदलाव देश और खासकर उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य के जल, जीवन और जंगल के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। पढ़ने में ये शब्द भले ही अब सामान्य बातें लगती हों, लेकिन यह सब हमारी-आपकी जिंदगी से जुड़ा अहम विषय है। प्रकृति हमें चेता रही है, लेकिन हम बहुत लापरवाही से सोच-समझकर भी नजरंदाज कर रहे हैं और यही बेहद चिंता का विषय है। शीतकालीन मौसम की वर्षा और बर्फबारी में कमी की सीधी मार हिमालय के ग्लेशियरों पर पड़नी है। जीव-जंतु बढ़ते तापमान को सह नहीं पाएंगे और कृषि क्षेत्र का बड़ा हिस्सा सूखे मौसम को झेल नहीं सकेगा। बदलाव इसी तरह से जारी रहा, तो बढ़ते वैश्विक ताप से उत्तर भारत समेत नेपाल व भूटान जैसे देशों की जलापूर्ति भंग हो सकती है।

दरअसल, मौसम के लिहाज से हिमालयी क्षेत्र सर्वाधिक संवेदनशील माने जाते हैं और जलवायु परिवर्तन की बड़ी मार हिमालयी राज्यों को ही सर्वाधिक झेलनी पड़ रही है, जिस कारण यहां के मौसम में मैदानी क्षेत्रों की तुलना में बहुत तेजी के साथ बदलाव आ रहा है और सूखे की स्थिति और भी अधिक खतरनाक है, जो नमी को सोख लेता है और तापमान बढ़ने से बर्फीले ग्लेशियरों को पिघलाने में मददगार साबित होता है। उत्तर भारत समेत भूटान, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की जलापूर्ति का मुख्य स्रोत हिमालय है और ग्लेशियरों के पिघलने से इन देशों की जलापूर्ति में व्यवधान आ सकता है।

जलापूर्ति में व्यवधान का मतलब है कि कई अन्य मायनों में भी नुकसान उठाने होंगे, जिनमें बड़ा क्षेत्र कृषि का होगा। तापमान बढ़ने से कम तापमान में जीवित रहने वाली पैदावार प्रभावित होगी। सेब जैसा फल इसका प्रमुख उदाहरण है, जो अब अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों को पलायन करने लगा है। इसी क्रम में वनस्पतियां प्रभावित होंगी और जीव-जंतुओं का पलायन भी बढ़ जाएगा। मौसम का चक्र यानी हमारा ईको सिस्टम ही गड़बड़ा जाएगा। शीतकाल के दिनों में अंतर आ जाएगा, जो सिकुड़ने लगेंगे। बसंत जैसी ऋतु में तापमान में वृद्धि हो जाएगी, जिसका मतलब है कि बसंत ऋतु सिर्फ नाम की रह जाएगी। रबी की फसलें प्रभावित होंगी। वर्षा आधारित उपज में अधिक कमी आने लगेगी।

मौसम बदलना भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं, जो पर्यावरण और मौसम से जुड़े विशेषज्ञों को चिंता में डाल रहा है, हालांकि यह स्थिति बहुत जल्द आने वाली नहीं है, लेकिन बहुत दूरगामी भी नहीं है। मौसम में जितना असर सौ सालों में नहीं आया है, उससे कई गुना असर पिछले ढाई दशकों में देखने को मिला है। इधर, पश्चिमी विक्षोभों का उत्तराखंड में असर बेहद कमजोर हो चला है। यह जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तक असर डाल रहे हैं, जिस कारण चरम मौसम (एक्स्ट्रीम वेदर) की परिस्थितियां बदलने लगेंगी।

इस गंभीर विषय पर नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वायुमंडलीय निदेशक डॉ. मनीष नाजा कहते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग जलवायु में बदलाव का बड़ा कारण है, जो हमारे मौसम में बदलाव ला रहा है। गर्म मौसम से ग्लेशियर तेजी से पिघलेंगे और इसका बड़ा प्रभाव उत्तर भारत समेत कई अन्य देशों की जलापूर्ति प्रभावित होगी। कृषि क्षेत्र प्रभावित होगा और वनस्पतियां भी इसके प्रभाव से अछूती नहीं रहेंगी। ठंडी जलवायु पर आश्रित जीव-जंतुओं को कम जलवायु की ओर रवानगी होगी, तो वहीं कई प्रजातियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।


यह वास्तव में बड़ी चिंता का विषय है। लिहाजा पर्यावरण को लेकर समय रहते हम सभी को सजग रहने की सख्त जरूरत है। जिला कृषि अधिकारी ऋतु टम्टा कहती हैं कि इस बार शीतकालीन बारिश समय पर नहीं हुई, तो वर्षा पर निर्भर रबी की फसलों को नुकसान पहुंचने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। गत वर्ष भी शीतकाल सूखे के साथ कटा था और इस बार भी सूखे की आशंका को ध्यान में रखकर कृषि बीमा की योजना निर्धारित है। मौसम में बदलाव अथवा प्रभाव के चलते फसलों को भी उसी तरह से उगाने को लेकर किसानों को परामर्श दिए जा रहे हैं।

एरीज के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह भी कहते हैं कि मौसम की सटीक भविष्यवाणी कर पाना अब आसान नहीं रह गया है। ऋतुओं का समय शिफ्ट होने लगा है, तो तूफान की घटनाओं में तीव्रता आने लगी है। मौसम में आ रहे बदलाव, भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं, जिस कारण आर्थिक, कृषि और सामाजिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। मानसून में बादल फटने जैसी आपदाओं की त्रासदी को हमने देखा है और इस बार शीतकालीन वर्षा अभी तक रूठी हुई है। गत वर्ष शीतकाल की वर्षा सूखे की भेंट चढ़ गई थी। पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात का अभाव बढ़ता जा रहा है, जो मौसम के लिहाज से बेहद चिंताजनक है। तापमान में वृद्धि का ग्राफ बढ़ता जा रहा है, तो दो हजार मीटर ऊंचाई वाले स्थानों में मौसम का बड़ा बदलाव आया है।

भले ही मौसम में बदलाव से अनेक दुष्प्रभाव सामने आ रहे हैं, लेकिन इन सभी के बीच शीतकाल में तापमान में बढ़ोतरी के कारण पर्यटन क्षेत्र को लाभ पहुंच रहा है। नैनीताल व मसूरी में तीन दशक पहले तक शीतकाल में जमा देने वाली ठंड पड़ा करती थी। न्यूनतम तापमान शून्य के इर्द-गिर्द अधिक रहा करता था, तो इन पर्यटन नगरों से शीत के महीनों में मैदानों की ओर पलायन हुआ करता था, लेकिन मौसम में बदलाव आने से वैसी ठंड अब नहीं रही, जिसका यहां के पर्यटन को भरपूर लाभ मिल रहा है। अब शीतकाल के दौरान बड़े पैमाने पर सैलानी इन क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं और साल दर साल पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। निष्कर्ष यही है कि हमें प्रकृति से उतना ही लेना होगा, जितनी हमें जरूरत है। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन बंद करना होगा। जल-जंगल को बचाना होगा। पर्यावरण से निपटने के लिए नयी रणनीतियों पर काम करना होगा।

**उत्तर भारत समेत भूटान, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की जलापूर्ति का मुख्य स्रोत हिमालय है और ग्लेशियरों के पिघलने से इन देशों की जलापूर्ति में व्यवधान आ सकता है।**

### आमने सामने



भाजपा 2026 में दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य में अगली सरकार बनाएगी। हम न सिर्फ घुसपैठियों की पहचान करेंगे, बल्कि उन्हें बाहर भी निकालेंगे। 15 अप्रैल, 2026 के बाद बंगाल में भाजपा की नई सरकार होगी, क्योंकि जनता ने मन बना लिया है।

–अमित शाह
केंद्रीय गृहमंत्री

जब कश्मीर या दिल्ली में घटनाएं होती हैं, तो हर बार बंगाल को ही क्यों दोषी ठहराया जाता है? भाजपा 'अब की बार, 200 पार' जैसे बड़े दावे नहीं कर पा रही है। इस बार भाजपा को देश की राजनीति से बाहर हो जाना चाहिए।

–ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

## बांग्लादेश-भारत संबंधों की बदलती कहानी



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

बांग्लादेश और भारत के रिश्ते 1971 में बांग्लादेश की आजादी के साथ शुरू हुए। उस समय भारत की भूमिका, विशेष रूप से पाकिस्तान के साथ युद्ध में बांग्लादेश का समर्थन, इतिहास की एक निर्णायक घटना थी, लेकिन आज यही रिश्ते तनाव और अविश्वास की गहराई तक पहुंच चुके हैं। 2024 के अगस्त में शेख हसीना का सत्ता से हटना और बांग्लादेश में अस्थायी सरकार का गठन, दोनों देशों के बीच माने जाने वाले स्वर्णिम युग के पतन का प्रतीक बन गया है।

1971 की युद्धभूमि से लेकर 2023–24 तक बांग्लादेश में शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग को भारत के निरंतर समर्थन की नीति रही। यह समर्थन केवल वैचारिक सम्मान पर नहीं बल्कि रणनीतिक मजबूरी पर भी आधारित था। इस बीच 1975 के बाद सेना के द्वारा सत्ता पर कब्जे और ज़िया-उर-रहमान तथा बाद में हुसैन मोहम्मद इरशाद के शासन के बावजूद भारत के हित बुरी तरह प्रभावित नहीं हुए। भारत ने अवामी लीग को उस समय भी समर्थन दिया जब वह राजनीतिक रूप से कमजोर थी, क्योंकि भारत की नजर में अवामी लीग ही एक स्थिर और भारत-समर्थक राजनीतिक शक्ति थी।

शेख हसीना ने भारत के समर्थन के साथ बांग्लादेशी राजनीति में मजबूती प्राप्त की। अवामी लीग का सत्ता में बने रहना भारत की नीति का मुख्य आधार बन गया। इस कारण बांग्लादेश की राजनीति में अवामी लीग का प्रभुत्व भारत की नीतिगत प्राथमिकता बन गया। जुलाई 2024 में बांग्लादेश में जनविरोध की लहर उठी और देखते ही देखते इतनी व्यापक हो गई कि शेख हसीना के इस्तीफे और सत्ता परिवर्तन की मांगें उठने लगीं। पांच अगस्त को शेख हसीना को भारत आना पड़ा। यह घटना केवल राजनीतिक शरण का मामला नहीं रही, बल्कि संकेत बन गई कि बांग्लादेश की राजनीति अब मित्र के पुराने समीकरणों से कहीं अधिक जटिल हो चुकी है।

विपक्षी दलों और उनके समर्थक समूहों का आरोप रहा है कि शेख हसीना भारत के समर्थन से सत्ता में बनी रहीं। जब भारत शरणस्थली बनकर सामने आया, तो भारत–बांग्लादेश मित्रता की पारंपरिक नींवों पर भी सवाल उठे। यह विश्वास कमजोर पड़ा कि भारत बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में निष्पक्ष भूमिका निभा सकता है। ढाका की सड़कों पर उभरती भावनाएं संकेत देती हैं कि बांग्लादेशी समाज अब केवल भारत के साथ करीबी रिश्तों के आधार पर किसी नेतृत्व की वैधता स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

इतिहास पर नजर डालें तो अविश्वास के बीज काफी पहले बोए जा चुके थे। संबंध सतही तौर पर भले संघर्षपूर्ण न रहे हों, लेकिन भीतर से तनाव हमेशा मौजूद रहा। भारत की धारणा रही कि बांग्लादेश ने स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान को पर्याप्त महत्व नहीं दिया। वहीं बांग्लादेश में यह भावना रही कि भारत ने केवल अपने सामरिक हितों के लिए हस्तक्षेप किया और उसे बराबरी के साझेदार के रूप में कम ही माना।

सैन्य शासनों के दौर में ढाका द्वारा भारत के पूर्वोत्तर के उग्रवादी समूहों को परोक्ष सहयोग देने के आरोपों ने संदेह और बढ़ाया। 1980 के दशक में सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा और अवैध प्रवासन पर नियंत्रण की भारतीय नीति ने भी बांग्लादेश में भारत-विरोधी भावनाओं को मजबूत किया। सहयोग के स्थान पर कई बार उलझन और कटुता बढ़ती रही। इन ऐतिहासिक कारकों ने आज की जटिल परिस्थिति की नींव तैयार की।

2025 के इस दौर में संबंध केवल राजनीतिक नेतृत्वों के बीच का विषय नहीं रह गए हैं। वे अब सार्वजनिक भावनाओं, सुरक्षा चिंताओं और कूटनीतिक तनावों का समुच्चय बन चुके हैं। पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से तनाव लगातार बढ़ा है। वीजा सेवाओं का निलंबन और तीखे आधिकारिक बयान इसके संकेत हैं कि संस्थागत स्तर पर भी दरारें उभर चुकी हैं। यदि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सत्ता में आती है, तो संबंध किस दिशा में जाएंगे, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। वह अधिक समानता और पारस्परिक सम्मान पर आधारित रिश्ते की अपेक्षा कर सकती है। फिर भी दोनों देशों के साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता और आर्थिक हित इस रिश्ते को संभालने का मजबूत आधार प्रदान करते हैं। संवाद, पारदर्शिता और पारस्परिक सम्मान ही विश्वास बहाली के उपकरण हैं।

भारत–बांग्लादेश संबंध कई दशकों की कूटनीति, अविश्वास, सामरिक हितों और अप्रत्यक्ष हस्तक्षेपों का परिणाम हैं। जनता की वास्तविक राजनीतिक भावनाओं की समझ, परस्पर सम्मान और विश्वास की बहाली ही इन संबंधों को फिर से स्वर्णिम दौर की ओर ले जा सकती है। यदि दोनों देश नई सोच, धैर्य और परिपक्वता के साथ आगे बढ़ें, तो यह साझेदारी समय की धारा में खोने के बजाय भविष्य की स्थिरता का आधार बन सकती है।

**2024 के अगस्त में शेख हसीना का सत्ता से हटना और बांग्लादेश में अस्थायी सरकार का गठन, भारत–बांग्लादेश के बीच 'स्वर्णिम युग' के पतन का प्रतीक बन गया है।**

### सोशल फोरम

## जालिम वक्त किसी को भी नहीं बख्शता



रंजन शर्मा
रिटायर्ड अफसर

एक बार अमेरिका में कैलीफोर्निया की सड़कों के किनारे पेशाब करते हुए देख एक बुजुर्ग आदमी को पुलिसवाले पकड़ कर उनके घर लाए और उन्हें उनकी पत्नी के हवाले करते हुए निर्देश दिया कि वो उस शक्स का बेहतरीन ढंग से ख़याल रखें और उन्हें घर से बाहर न निकलने दें। दरअसल वो बुजुर्ग बिना बताए, कहीं भी और किसी भी वक्त घर से बाहर निकल जाते थे और ख़ुद को भी नहीं पहचान पाते थे।

जिस बुजुर्ग को पुलिस बीच सड़क से पकड़ कर उन्हें उनके घर ले गई थी, वो किसी ज़माने में अमेरिका की जानी-मानी फिल्मी हस्ती थे। लोग उनकी एक झलक पाने के लिए तरसते थे। उनकी लोकप्रियता का आलम ये था कि उसी के दम पर वो राजनीति में पहुंचे और दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बनकर उभरे तथा एकदिन वो अमेरिका के राष्ट्रपति बने। नाम था रोनाल्ड रीगन।


1981 में रीगन अमेरिका के राष्ट्रपति बने और पूरे आठ साल दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति रहे। राष्ट्रपति रहते हुए उन पर गोली भी चली। कई दिनों तक अस्पताल में रहने के बाद जब वो दोबारा व्हाइट हाऊस पहुंचे, तो उनकी लोकप्रियता दोगुनी हो चुकी थी।

राष्ट्रपति पद से हटने के बाद जब वो अपनी निजी नागरिकता में लौटे तो कुछ दिनों तक सब ठीक रहा। पर कुछ दिनों बाद उन्हें अल्जाइमर की शिकायत हुई और धीरे-धीरे वो अपनी याद्दाश्त खो बैठे। शरीर था। यादें नहीं थीं। वो भूल गए कि एक समय था जब लोग उनकी एक झलक को तरसते थे। वो भूल गए कि उनकी सुरक्षा दुनिया की सबसे बड़ी चिंता थी। रिटायरमेंट के बाद वो सब भूल गए। पर अमेरिका की घटना थी, तो बात सबके सामने आ गई कि कभी दुनिया पर राज करने वाला ये शख्स जब यादों से निकल गया। वो, वो नहीं रहा, जो था। मतलब उसका जीवन होते हुए भी खत्म हो गया था।

ताकतवर से ताकतवर चीज़ की भी एक एक्सपायरी डेट होती है, इसलिए जीवन में कभी किसी चीज़ का अहंकार हो जाए तो श्मशान का एक चक्कर जरूर लगा आना चाहिए। वहां एक से बढ़कर एक बेहतरीन शख्सियत राख बने पड़े हैं।

अहंकार व्यर्थ है चाहे वो सत्ता का हो, धन का हो या फिर अपने बाहुबल का।

–फेसबुक वाल से



### सामयिकी

## घर का तापमान और स्त्री के भीतर चलती ऋतुएं



कृति आरके जैन
लेखिका

महिलाएं घर को केवल संचालित नहीं करतीं, वे उसके स्वभाव की रचना करती हैं। वे तय करती हैं कि घर में संवाद बहता रहेगा या चुप्पी जम जाएगी! अपनापन सांस लेगा या औपचारिकता हावी होगी, सहयोग पनपेगा या तनाव फैलता जाएगा। यह सब किसी लिखित नियम या तय व्यवस्था से नहीं चलता, बल्कि उनके रोज़मर्रा के व्यवहार से आकार ग्रहण करता है। एक हल्की मुस्कान, एक तीखा वाक्य, एक मौन ठहराव या एक संवेदनशील संवाद— ऐसे ही सूक्ष्म क्षण मिलकर घर का व्यापक चरित्र गढ़ते हैं। इसी कारण कहा जाता है कि घर का वातावरण प्रायः स्त्री के मन की प्रतिध्वनि होता है।

यह भी उतना ही यथार्थ है कि जब स्त्री पर अपेक्षाओं का भार आवश्यकता से अधिक लाद दिया जाता है, तब यही शक्ति धीरे-धीरे दबाव में बदलने लगती है। समाज उससे हर भूमिका निभाने की आशा करता है, पर उसे चयन की स्वतंत्रता बहुत कम देता है। यदि कोई स्त्री जिम्मेदारी से दूरी बनाना चाहे तो उसे लापरवाह ठहरा दिया जाता है और यदि वह जिम्मेदारी उठा ले तो उसे स्वाभाविक मान लिया जाता है। यही दोहरा मानदंड घर के भीतर तनाव की जड़ बनता है, जो समय के साथ रिश्तों को भीतर ही भीतर खोखला करने लगता है।

घर को गढ़ना या बिगाड़ना स्त्री के हाथ में है- इस कथन का आशय तभी स्पष्ट होता है, जब 'बिगाड़ने' के अर्थ को सही संदर्भ में समझा जाए। बिगाड़ना हमेशा टकराव, कटुता या हिंसा का रूप नहीं लेता। कई बार यह भावनात्मक दूरी, उपेक्षा या संवाद के अभाव के रूप में सामने आता है। जब स्त्री भीतर से थक जाती है, सुनी नहीं जाती या उसकी भूमिका को हल्का समझ लिया जाता है, तब वह अनजाने ही घर से अपना जुड़ाव ढीला करने लगती है। यह कमी दिखाई नहीं देती, पर धीरे-धीरे घर की आत्मा को रिक्त करती चली जाती है।

इसके विपरीत, जब वही स्त्री सम्मान, सहभागिता और भरोसे का अनुभव करती है, तो उसका प्रभाव सहज ही चमत्कारी हो उठता है। तब वह घर को केवल सुव्यवस्थित नहीं रखती, बल्कि उसे संवेदनशील और जीवंत बना देती है। वह बच्चों को संवाद की भाषा सिखाती है, बड़ों के भीतर धैर्य का विस्तार करती है और रिश्तों में संतुलन का सूत्र पिरोती है। ऐसी स्त्री आदेश नहीं देती, दिशा सुझाती है। नियंत्रण नहीं करती, समन्वय रचती है। उसका असर शोर में नहीं, स्थायित्व में दिखाई देता है- शांत, पर दूर तक फैलता हुआ। यही वह अदृश्य शक्ति है जो घर को केवल टिकाऊ नहीं, अर्थपूर्ण भी बनाती है।

यह समझना आवश्यक है कि हर स्त्री एक-सी नहीं होती। कोई नेतृत्व करना चाहती है, कोई सहयोग में सहज होती है और कोई केवल शांति के साथ अपना जीवन जीना चाहती है। कठिनाई तब उत्पन्न होती है, जब समाज सभी से एक ही भूमिका निभाने की अपेक्षा करता है। घर तभी संतुलित रह पाता है जब स्त्री को अपनी भूमिका स्वयं चुनने की स्वतंत्रता मिले, जब उसकी इच्छा, उसकी सीमा और उसकी क्षमता का आदर किया जाए, क्योंकि थोपी गई जिम्मेदारियां सृजन नहीं करतीं, वे केवल थकान, असंतोष और भीतर की रिक्तता को जन्म देती हैं।

यह स्वीकार करना होगा कि घर का बनना या बिगड़ना किसी एक व्यक्ति की मंशा का परिणाम नहीं, बल्कि स्त्री की भावनात्मक अवस्था से गहराई से जुड़ा होता है। वह प्रत्यक्ष रूप से सत्ता में न होकर भी प्रभाव के केंद्र में होती है। उसकी चुप्पी, उसकी सहमति और उसकी असहमति-सब मिलकर घर की दिशा तय करती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### तीन लोग पर मारपीट करने का आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा हैदरिया मोहल्ला निवासी सरफुद्दीन पुत्र आबिद ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि 30 दिसम्बर मंगलवार शाम को अपनी ससुराल परछा गांव अपने बच्चों से मिलने गया था। जहां परछा गांव के बाहर गौशाला के पास गांव निवासी ने रोककर गाली गलौज की और यहां दिखने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में बांदा बस स्टैंड के पास पहुंचा तो पहले से घात लगाये लोगों ने मारपीट की। मामले में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घायल व आरोपित एक दूसरे के रिश्तेदार है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### वृद्धा से मारपीट करने पर बसपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पर रिपोर्ट दर्ज

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के लखना पुरवा में वृद्धा को मारपीट करने के मामले में बसपा के पूर्व नगर अध्यक्ष व उसके पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लखना पुरवा निवासी जीतू वर्मा ने बताया कि बीते तीन दिसंबर को उसकी मां शांति देवी अपने दरवाजे पर बैठी थी। तभी मोहल्ला निवासी बसपा का पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण वर्मा व उसका पुत्र अंकित वर्मा आकर गाली गलौज करने लगे। जब मां ने मना किया, तो दोनों ने मारा पीटा। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष समझौता में लगे रहे है। मामला न निपटने पर पीड़ित ने तहरीर दी। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

### आरएसएस के प्रचारक के निधन पर की श्रद्धांजलि दी

**महोबा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक और पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संपर्क प्रमुख आनंद कुमार अग्रवाल का सहारनपुर में आकस्मिक निधन हो जाने पर उनके सम्मान में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जहां पर उनके राष्ट्र सेवा के समपर्ण को याद किया गया। इस मौके पर विद्या मंदिर के समस्त शिक्षक उपस्थित।

### जहर खाकर युवती ने दे दी जान

**महोबा।** थाना खरेला के चंदौली गांव में युवती ने नए साल की पूर्व संध्या पर जहर पीकर जान दे दी और मरने से पहले जहर पीते हुए का वीडियो बनाकर वायरल मीडिया में डाल दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आनन फानन में एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

एक गांव निवासी युवती ने जहर खाकर जान दे दी। बताया जाता है कि युवती का पड़ोसी रामनरेश पुत्र नरेश से चार वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी का सांझा देकर वह युवती से चार साल तक मिलता रहा, लेकिन आज तक शादी नहीं की। प्रेमी के पारिवारीजनों के विरोध के चलते कुछ समय से वह अपनी प्रेमिका से दूरी बनाने लगा था। तय समय के अनुसार निर्धारित स्थल पर पहुंचने की बात कहने के बाद भी प्रेमी वहां नहीं पहुंचा और जब प्रेमिका ने मोबाइल के जरिए शिकवा किया तो उसने प्रेमिका को मर जाने की सलाह दे डाली, जिससे समाज में हुई बदनामी व पारिवारिक नाराजगी और प्रेमी के बेवफाई से क्षुब्ध होकर युवती ने जहर खाकर मौत को गले गला लिया। युवती ने जहर खाते हुए वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। युवती के पिता की सूचना पर उपनिरीक्षक अवनीश यादव ने मौके पर पहुंचकर प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# लगातार कोहरे से अरहर की फसल का फूल गायब

## सर्दी से जनजीवन प्रभावित, एक पखवाड़े से पड़ रहा कोहरा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


खेतों में खड़ी अरहर की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पिछले एक पखवाड़े से लगातार पड़ रहे कोहरे के चलते अरहर की फसल से फूल गायब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। कोहरे व ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पशु-पक्षियों का हाल बेहाल है। बुधवार को दोपहर बाद धूप निकलने से लोगों ने कुछ राहत महसूस की।

ठंड एवं कोहरे का कहर पिछले एक पखवाड़े से निरंतर जारी है बगैर बरसात के लगातार कोहरा पड़ने से दलहनी एवं तिलहनी फसलें लगातार प्रभावित हो रही है। पिछले एक पखवाड़े से पड़ रहे कोहरे के कारण अरहर की फसल का फूल गिर गया है। इस फसल से फूल पूरी तरह गायब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान श्रीराम श्रीवास, उदयभान, रामस्वरूप, सुरेश कुमार, धीरेंद्र यादव, विनय सिंह आदि ने बताया कि कोहरे से सर्वाधिक नुकसान मसूर और अरहर को हुआ है।

**09** डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान

ऐसे में किसानों को इस फसल में झटका लग सकता है। कृषि रक्षा इकाई के वैज्ञानिक भी मानते हैं कि अरहर और मसूर में ठंड एवं कोहरे का विपरीत असर पड़ा है। अरहर और मसूर ज्यादा कोहरा एवं ठंड बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इस वजह से दोनों फसलों का फूल नष्ट हुआ है। मौसम साफ होने के बाद अगर पछुआ हवा चली तो दोनों फसलों में पुनः फूलों का अच्छादन होगा। किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। उधर ठंड व कोहरे से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बुधवार को दोपहर बाद धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


नवनियुक्त अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया गया। अमृत विचार

### प्राइवेट स्कूल एसो. के दिनेश कुमार बने अध्यक्ष

**राठ (हमीरपुर)।** दाता कुटी सिकंदरपुरा में प्राइवेट स्कूल एसो. की एक हुई। बैठक में प्राइवेट स्कूल एसो. की कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध हुआ। इसमें दिनेश कुमार को प्राइवेट स्कूल एसो. का जिलाध्यक्ष बनाया गया। वहीं रमेश चंद्र बहपुर को उपाध्यक्ष, अजय कुमार को प्रबंधक बनाया गया। साथ ही उप प्रबंधक का पदभार हरिकिशन को दिया गया। कोषाध्यक्ष मनोज कुमार को बनाया गया और ऑडिटर पद पर राम प्रकाश मनोनीत किये गये। मीडिया प्रभारी पर नीरज और तरुण राजपूत को नियुक्त किया गया। संरक्षक मंडल में अशोक कुमार पालीवाल, शिवकुमार और महेश चंद्र परिवार को शामिल किया गया। इस मौके पर प्राइवेट स्कूल एसो. के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों का अनशन खत्म

- नौ सूत्री मांगों को लेकर किसान कर रहे थे प्रदर्शन

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा बुंदेलखंड किसान यूनियन का अनशन बुधवार को एसडीएम कुलपहाड़ डॉ. प्रदीप कुमार और सीओ रविकांत गौड़ ने समाप्त करवा दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों को मिठाई खिलाकर अनसन समाप्त करवाया। उन्होंने 15 दिनों में किसानों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है।

फसल बीमा की धनराशि किसानों के खातों में भेजने, सिंचाई के लिए सुबह छह बजे से रात दस बजे तक बिजली आपूर्ति किए जाने, स्वास्थ्य केंद्र में जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर एक हजार रुपये लेने वाले कर्मचारी पर कार्रवाई करने, बाईपास से शराब का ठेका हटाए जाने, गल्लामंडी के बाहर खरीद करने वालों को हटाने, श्रीनगर तिराहे से मांस मछली की दुकानें अलग करने और विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने सहित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर किसान अनशन पर बैठे थे। किसानों का नेतृत्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री बालाजी कर रहे थे।

उपजिलाधिकारी बुधवार को अनशन स्थल पर पहुंचे। किसानों से वार्ता की और 15 दिन के अंदर किसानों की समस्याओं का निराकरण कराए जाने का आश्वासन देकर अनशन समाप्त कराया। इस मौके पर बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी बालाजी ने कहा कि यदि 15 दिन के अंदर अधिकारियों ने मांगों को पूरा नहीं किया तो वह 17 जनवरी को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे।


किसान नेता को मिठाई खिलाते एसडीएम। अमृत विचार

### चार सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को एएसपी ने दी विदाई

**हमीरपुर।** साल के आखिरी दिन 31 दिसंबर को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के सम्मान में रिजर्व पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा एवं सेवाभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों/कर्मचारियों का योगदान पुलिस विभाग के मनोबल को सुदृढ़ करने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है तथा इनके कार्य सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विदाई समारोह में सेवानिवृत उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार यादव, अमर बहादुर, आदित्य कुमार सिंह एवं घनश्याम शुक्ला को एएसपी ने सम्मानित किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी न केवल विभाग के प्रति, बल्कि समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते रहे हैं, जो अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणादायक है।उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी, मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के परछछ गांव में बुधवार दोपहर अपने सूने घर में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी बालेंद्र यादव उर्फ अनूप यादव (42) पुत्र राजबहादुर ने बुधवार दोपहर अपने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस समय युवक ने आत्महत्या की घर में कोई नहीं था पत्नी एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मायके गई हुई थी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी कोतवाली निरीक्षक चंद्रशेखर गौतम ने बताया कि सूचना मिली है उपनिरीक्षक को भेजा गया है बाकी अगर घर वाले चाहेंगे तो पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक अपने परिवार में पांच भाईयों में था जबकि दो भाईयों की पहले मौत हो चुकी है और यह तीसरे भाई की मौत हुई है। मृतक शराब पीने का आदी था जबकि जुआ शराब के चलते अक्सर लोगों से रुपये उधार लेता रहता था।मृतक अपने पीछे पत्नी सहित एक मासूम बच्चे को रोता बिलखता छोड़ गया है।घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# वाहनों के निजी फिटनेस सेंटरों में धांधली का आरोप, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


ज्ञापन के बाद एसडीएम से वार्ता करते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वाहनों के निजी फिटनेस सेंटरों में हो रही धांधली को लेकर उप्र उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने एसडीएम अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष ने कहा कि परिवहन व्यवस्था आम जनता के लिए चिंता का विषय बन गई है। कहा कि मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवे द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले में तीन तीन फिटनेस सेंटर खोले जायेंगे। कहा कि वर्तमान में अधिकांश जिलों में केवल एक ही फिटनेस सेंटर संचालित हो रहे हैं। जिससे वाहन स्वामियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एक मात्र फिटनेस सेंटर होने से वाहन स्वामियों से अनावश्यक शुल्क वसूला जा रहा है। व्यापारियों ने सरकार से प्राइवेट फिटनेस सेंटर क्रियाशील होने के साथ सरकारी फिटनेस सेंटरों को बंद न किया जाए। इसके अलावा एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए जाए। जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लग सकेगी। ज्ञापन देने के दौरान प्रदीप कुमार गुप्ता, काशी प्रसाद गुप्ता, रहमत बेग, शिवशरण सोनी, दीपेंद्र बुधौलिया, ओमप्रकाश, अनवार मोहम्मद, राजेंद्र सोनी, उमाशंकर गुप्ता, कामता प्रसाद आदि व्यापारी रहे।


बीएसपी की समीक्षा बैठक में शामिल पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### बीएसपी की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं में दिखा जोश

**मौदहा (हमीरपुर)।** बुधवार को हुई बीएसपी की समीक्षा बैठक में पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए आगामी विधानसभा चुनावों में बहिन जी के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार बनाने का आह्वान किया।

बुधवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बीएसपी की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता छोटेलाल वर्मा जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी हमीरपुर ने की। जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालाराम अहिरवार बुंदेलखंड प्रभारी बहुजन समाज पार्टी और अखिलेश अंबेडकर मुख्य प्रभारी चित्रकूट मंडल बांदा रहे। समीक्षा बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों में बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में यूपी में सरकार बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान बलदेव प्रसाद वर्मा,बिहारी लाल,नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद आदि रहे।

### वृद्ध को पीटकर किया घायल, हालत गंभीर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** फसल बर्बाद करने से मना करने पर दबंग ने वृद्ध पर लाठियों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरदना निवासी प्रदीप कुमार पुत्र रामेश्वर ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 28 दिसंबर को उसके वृद्ध पिता रामेश्वर खेत देखने गए थे तभी देखा कि पप्पू पाल उनकी फसल बर्बाद कर रहा है जिसे मना किया तो पप्पू पाल ने लाठी से हमला कर उसके पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# मकर संक्रांति मेले की तैयारियां शुरू

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** हर साल की तरह इस साल भी 14 जनवरी को बेलासागर सरोवर के समीप लगने वाला ऐतिहासिक मकर संक्रांति मेले की तैयारियां जोरशोर से शुरू हो गई हैं।

इसके तहत रघुनाथ मंदिर की रंगाई पुताई का कार्य भी तेजी से चल रहा है। मेले की भव्यता तथा मेले का आनंद लेने के लिए ग्रामीण बेहद उत्साहित हैं। मेला समिति के सदस्य अभी से मेले की तैयारियों में जुट गए हैं। कस्बा जैतपुर के मकर संक्रांति पर्व पर रघुनाथ मंदिर से मेले की शुरुआत की गई। मंदिर का निर्माण 1603 में प्रथम प्रबंधक पुजारी दलगंज अरजरिया ने कराया था। मेले की शुरुआत 1610 से की गई थी, इसकी अधिकारिक शुरुआत 1930 में तत्कालीन अंग्रेज गर्वनर व मंदिर के प्रबंधक हरिप्रसाद अरजरिया और जमींदार स्वामी प्रसाद ने की थी।


मेले के तहत मंदिर में की गई रंगाई-पोताई।

उस समय मेला रघुनाथ परिसर के सामने पहाड़ से लेकर बेलासागर घाट तक लगता था और लोगों की भारी भीड़ जुटती थी। मकर संक्रांति पर्व पर मेला लगने की परम्परा अभी भी जारी है। मेले में पंद्रह दिन तक भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दूर दराज के दुकानदार मध्यप्रदेश के जनपद छतरपुर, नौगांव, हरपालपुर, मऊरानीपुर के अलावा जिले से आकर सोने चांदी के आभूषण, पीतल तांबे के बर्तनों की बिक्री करके भारी लाभ कमाते हैं। मेले में स्थानीय दुकानदारों की अच्छी खासी कमाई होती है। छोटी बड़ी प्रदर्शनी व छोटे बड़े झूलों की भरमार होती है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीण अपनी बैलगाड़ियों से परिवार के साथ आकर मेले का आनंद उठाते थे। जमींदारी के बाद पंचायती राज में प्रथम प्रधान 1963 में स्वतंत्रता सेनानी मुंशी मंटीलाल बने। उनके कार्यकाल में मेले की भव्यता को बढ़ा दिया, इसके बाद ग्राम पंचायत द्वारा यह मेला अनवरत जारी है।

# थाने में खड़े वाहनों का किया गया निस्तारीकरण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे लंबित माल के निस्तारण अभियान के तहत महोबकंठ थाना पुलिस टीम ने सालों से लंबित माल मुतफर्रिक का विधिक निस्तारीकरण की कार्रवाई करते हुए 91 पोटली माल का नियमानुसार निस्तारण कर थाना परिसर में साफ सफाई व्यवस्था होगी सुदृढ़ बनाया।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौड़ के निकट मार्गदर्शन में, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ से प्राप्त माल विनष्टीकरण आदेश का अनुपालन करते हुए थाना महोबकंठ में दाखिल माल मुतफर्रिक (पर्चा जात मृतकगण) का नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया। उक्त कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें कुल 91 पोटली माल मुतफर्रिक, जो किसी भी आपराधिक प्रकरण से संबंधित नहीं था का विधिवत निस्तारण किया गया। सालों से संचित अनुपयोगी माल के विनष्टीकरण से थाना परिसर में सफाई, सुव्यवस्था के अलावा अभिलेखीय प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार किया गया।

### कैंप में 25 बिजली उपभोक्ताओं ने जमा किए बिल

**महोबा।** तहसील चरखारी की ग्राम पंचायत बारी के प्राथमिक विद्यालय में बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर लगा। इसमें 25 बिजली उपभोक्ताओं के बिल जमा कर उन्हें छूट प्रदान की गई। इस मौके पर उपभोक्ताओं को योजना के पहल चरण के आखिरी दिन का हवाला देते हुए ज्यादा ज्यादा लाभ उठाए जाने के प्रति प्रेरित भी किया गया। शिविर दौरान जेई जयवीर सिंह गौतम ने कहा कि प्रथम चरण समाप्ति के बाद 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी तक दूसरा चरण और 1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी तक तीसरा चरण जारी रहेगा। राहत योजना के तहत एकमुश्त के अलावा मासिक किश्त भी विकल्प है।

स्पर्धा | स्यावन गांव के खेल मैदान में आयोजित हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता

# रणवीर क्लब ने जीता टूर्नामेंट का पहला मैच

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)


टूर्नामेंट का शुभारंभ करते अतिथि व आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजनर क्षेत्र में एपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एक पखवाड़े से चल रहा है अब वहीं विकासखंड जैतपुर के स्यावन गांव के मैदान में बजरंग क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ है। टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवियों के अलावा जिला पंचायत सदस्य ने फीता काटकर किया गया। टूर्नामेंट का प्रथम मैच रणवीर क्लब चमरूआ और शानू क्लब बेलाताल के मध्य खेला गया, जिसमें रणवीर क्लब की टीम ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट में करीब एक दर्जन क्षेत्र के अलावा बाहरी टीमों ने प्रतिभाग किया है।

बजरंग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी बृजेंद्र सिंह राजपूत, रणवीर गौतम के अलावा जिला पंचायत सदस्य अजनर प्रतिनिधि विनोद राजपूत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया और इसके बाद पहले मैच खेलने आई दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। रणवीर क्लब चमरूआ और शानू क्लब बेलाताल टीम के बीच खेले गए मैच में अंपायर ने सिक्का उछालते हुए टॉस कराया, जिसे बेलाताल की टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम के खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट खोकर 71 रन बनाकर पहली पारी समाप्त की। टूर्नामेंट आयोजकों ने दोनों टीम को लंच चाय आदि वितरित करने के बाद करीब बीस मिनट बाद लक्ष्य का पीछा करने के लिए रणवीर क्लब के ओपन बल्लेबाज मैदान पर पहुंचे।

बल्लेबाजों ने बिना विकेट खोए पांच ओवर में 45 रन बनाए, लेकिन छठा ओवर लेकर आए गेंदबाज ने एक के बाद एक गेंद पर दो विकेट लिए, जिससे बल्लेबाज दबाव में आ गए, बावजजूद इसके रणवीर क्लब के बल्लेबाजों ने हार नहीं मानी और अंत तक खेलते हुए 9.5 गेद पर लक्ष्य पूरा कर छह विकेट से मैच जीत लिया। मैच में अंपायरिंग सद्दाम हुसैन और रामकुमार ने निभाई, जबकि कमेंट्री बीके राजपूत ने की। स्कोरर की धर्मेंद्र प्रजापति रहे। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के खेल प्रेमियों की भारी भीड़ मौजूद रही। स्पर्धा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच देना है।

### हाईटेंशन लाइन हटवाए जाने की डीएम से मांग

**महोबा।** सलैया खालसा में एक निर्माणाधीन मकान के ऊपर से निकली विद्युत की हाईटेंशन लाइन को हटाए जाने की गृहस्वामी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। सलैया खलसा गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र संतोष कुमार ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने मकान का निर्माण करा रहा है और करीब 8 फीट दीवारें खड़ी हो गई, लेकिन अब निर्माण कार्य में बिजली हाईटेंशन लाइन के चलते अधर पर लटक गया है और सर छिपाने के लिए अन्य कोई घर न होने से ठंड के मौसम में परिवार को तमाम दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। पीड़ित ने डीएम से हाईटेंशन लाइन अलग कराए जाने की मांग की है, जिससे उसके मकान की छत डाली जा सके और उसके परिवार को सिर छिपाने के लिए आशियाना तैयार हो सके।

# वन विभाग की भूमि पर दबंग कर रहे कब्जा, डीएम से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, महोबा



गेट पर खड़ी होती दीवार व शिकायती पत्र दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के भटीपुरा मौजा के शेखूनगर में हनुमान मंदिर के समीप वन विभाग की भूमि पर दबंग कब्जा कर रहे है साथ ही दबंगों ने एक व्यक्ति के बने फार्म हाउस के गेट के सामने ही दीवार खड़ी कर दी, और वन विभाग की भूमि पर कब्जा किया है। पीड़ित इंसाफ के लिए अधिकारियों की चौखट पर अपनी फरियाद लेकर भटक रहा है, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी इस ओर से बेखबर बने हुए हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

शहर के मोहल्ला छजमनपुरा निवासी घनश्याम पुत्र रेवा प्रसाद निवासी घनश्याम दास ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मौजा भटीपुरा गाटा संख्या 656 में कई सालों से फार्म हाउस स्थित है, जहां पर कुछ दबंगों ने गेट के सामने दीवार खड़ी कर दी है, जिससे उनका आवागमन बाधित हो गया है। बताया कि इस पूरे प्रकरण में न सिर्फ प्रशासन की उदासीनता उजागर हो रही है, बल्कि यह भी आरोप लगाया कि वन विभाग के कुछ अधिकारी स्वयं इस कब्जे को संरक्षण दे रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि सदर कोतवाली में भी इसकी लिखित शिकायत की थी, बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है। प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई न होने से पीड़ित व्यक्ति दर-दर भटकने को मजबूर हैं और दबंगों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

अमृत विचार
कैम्पस

## वर्ड स्मिथ



### कहानी हाईजैक शब्द बनने की

हाईजैक शब्द की उत्पत्ति काफी दिलचस्प है और इसका रिश्ता सीधे अमेरिकी इतिहास से जुड़ता है। यह शब्द दो हिस्सों से मिलकर बना माना जाता है– 'Hi' और 'Jack'।

1920 के आसपास अमेरिका में प्रोहिबिशन एरा (शराबबंदी का दौर) चल रहा था। उस समय अवैध शराब की तस्करी आम थी। शराब लूटने वाले गिरोह ट्रकों या नावों को रोकते समय ड्राइवर को धमकाते हुए कहते थे– 'Hi, Jack!' यानी, 'रुको जैक!' या 'हाथ ऊपर करो!'

धीरे–धीरे यह बोलचाल का वाक्य एक क्रिया (verb) में बदल गया और इसका मतलब हो गया– जबरदस्ती किसी वाहन या सामान पर कब्जा करना।

**अर्थ का विस्तार :** शुरुआत में 'हाईजैक' का इस्तेमाल सिर्फ शराब या माल लूटने के लिए होता था, लेकिन समय के साथ इसका दायरा बढ़ता गया– ट्रक हाईजैक, गाड़ी हाईजैक, विमान हाईजैक (1950–60 के दशक में यह अर्थ बहुत प्रचलित हुआ) और जहाज हाईजैक।

आज 'हाईजैक' का मतलब – धमकी, बल या डर के जरिए किसी वाहन, वस्तु पर नियंत्रण या कब्जा करना है।

**दिलचस्प तथ्य :** 'Jack' उस दौर में आम आदमी या ड्राइवर के लिए इस्तेमाल होने वाला नाम था, जैसे हिंदी में 'बब्लू'।

हाईजैक शब्द अपराध की दुनिया से निकला, लेकिन आज यह वैश्विक भाषा का हिस्सा बन चुका है।

## नोटिस बोर्ड

- संतकबीरनगर जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चकदही में 05 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10 :00 बजे से अपराह्न 03 .00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। इसके तहत उप्र परिवहन निगम के बस्ती डिपो के लिए संविदा चालकों की भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले की जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल rojgaarsangam .up .gov .in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, दो फोटो एवं बायोडाटा के साथ मेले में सम्मिलित हो सकते हैं।




- लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। एमए और एमएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नौ जनवरी से शुरू हो जाएंगी। इसी के साथ ही बैक व इंप्रूवमेंट परीक्षा कार्यक्रम भी जारी हुआ है। परीक्षाएं 22 जनवरी तक चलेंगी। विद्यार्थी परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट www . lkouniv .ac .in पर जाकर देख सकते हैं।



# करियर डिसीजन में क्यों झिझकते हैं स्टूडेंट्स




सूचनाओं, अवसरों और विकल्पों की बढ़ोतरी ने बाहरी जीवन को तेज बनाया है, लेकिन निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर। प्रगति की यह निरंतर दौड़ मन को उस मोड़ पर ले आई है, जहां कदम आगे बढ़ते हैं, पर भीतर दिशा स्पष्ट नहीं होती। तकनीक ने दुनिया बदल दी है। आज जानकारी की इतनी अधिकता है कि किसी को कुछ जानने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती। फोन उठाइए और दुनिया सामने है, लोग कहां घूम रहे हैं, कौन कितना कमा रहा है, किसकी जिंदगी कितनी शानदार दिख रही है। पर एक विरोधाभास भी जीवन के बीच खड़ा है। जैसे-जैसे दुनिया बाहरी रूप से आसान हुई है, भीतर मन उतना ही जटिल हो गया है। जितनी सुविधा मिली है, उतनी ही बेचैनी बढ़ी है, जितने विकल्प बढ़े हैं, उतनी ही दृढ़ता कम हुई है। कई बार ऐसा लगता है कि हम जितने सक्षम हुए हैं, उतने ही अनिश्चित भी। इस अनिश्चितता के पीछे पांच ऐसे मनोवैज्ञानिक भाव अथवा रूप हैं, जो आज के समय की नब्ज को समझने की कुंजी हो सकते हैं- FOMO, FOFO, FOBO, FOPO और FOMU। ये नाम भले अंग्रेज़ी में हों, लेकिन इनमें जो भाव छिपे हैं, वे किसी भाषा, क्षेत्र या समाज की सीमा में नहीं रहते। स्टूडेंट्स पर करियर को लेकर इनका असर दिखाई देता है। फर्क बस इतना है कि इनके नाम बहुत कम लोग जानते हैं, पर इनके प्रभाव से लगभग हर कोई गुजर रहा है।





डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

### क्या हैं ये फियर

पहले आता है FOMO (फियर ऑफ मिसिंग आउट) कुछ छूट जाने का डर। सोशल मीडिया के विस्तार के साथ ही लोगों की जिंदगी दूसरों की नजरों के सामने खुलने लगी। हर उपलब्धि, हर अवसर, हर खुशी और हर सफलता अब सार्वजनिक हो गई। तुलना वहीं से शुरू हुई, जो दूसरे कर रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि हम कुछ कम कर रहे हैं। हर पार्टी, हर यात्रा, हर प्रमोशन, हर समारोह, हर तस्वीर मानो एक संदेश देती है–"देखो, तुम पीछे रह रहे हो।" यही डर व्यक्ति को लगातार दौड़ में धकेलता है। वह उन कामों की तलाश में रहने लगता है, जो उसे "पीछे छूटने" की भावना से बचा लें। किंतु विरोधाभास यह है कि जितना इंसान दौड़ता है, उतना ही उसे लगता है कि अभी भी बहुत कुछ छूट रहा है। यह डर प्रेरणा से ज्यादा दबाव पैदा करता है, उपलब्धि से ज्यादा अधूरापन बढ़ाता है।

### FOFO (फियर ऑफ फाइन्डिंग आउट)

यहीं एक और भाव जन्म लेता है– FOFO (फियर ऑफ फाइन्डिंग आउट), यानी सच जानने का डर। जब स्टूडेंट्स दौड़ में लगा रहता है और फिर भी खुद को पीछे महसूस करता है, तो सच्चाई डरावनी लगने लगती है। कोई रिपोर्ट हो, नतीजा हो, फीडबैक हो, मेडिकल जांच हो, करियर या रिश्तों पर बातचीत हो या आर्थिक स्थिति की हकीकत बहुत से लोग इन्हें केवल इसलिए टालना चाहते हैं या टालते हैं कि सच सामने आ गया, तो मन को स्वीकार करना पड़ेगा कि सब उतना सुंदर नहीं जितना मान रखा है या दिखता है। ऐसे में मन यह मानने लगता है कि "न जानना" अस्थायी राहत देता है। अनिश्चितता सुरक्षित लगती है, लेकिन यही बचाव आगे और कठिनाइयां पैदा करता है, क्योंकि सच्चाई जितनी देर बाद सामने आती है, उतनी भारी हो जाती है।

### FOBO (फियर ऑफ अ बेटर ऑप्शन)

इसी तरह आगे बढ़कर मन FOBO (फियर ऑफ अ बेटर ऑप्शन) में प्रवेश करता है यानी बेहतर विकल्प छूट जाने का डर। आधुनिक जीवन में चुनाव आसान नहीं रहे। नौकरी हो या शहर, शादी हो या करियर, व्यवसाय हो या मकान हर जगह इतने विकल्प हैं कि किसी एक विकल्प को अपनाने का मतलब है बाकी सब छोड़ देना। तब मन बार–बार पूछता है– "जो चुना, इससे बेहतर भी कुछ हुआ तो?" और इस सवाल के चलते फैसला लेना मुश्किल होता जाता है। बहुत से लोग सपनों के रास्ते पर इसलिए नहीं निकल पाते, क्योंकि वे गलत राह चुनने से अधिक डरते हैं। वे दिशा तय करने में इतना समय लगा देते हैं कि सफर शुरू ही देर से होता है। यही वजह है कि फैसलों की संख्या से ज्यादा दुविधाओं की मात्रा बढ़ती है।

### FOPO (फियर ऑफ अदर पीपल्स ओपिनियन)

जब फैसले देर से होने लगते हैं और आत्मविश्वास हिलने लगता है, तो अगला भाव FOPO (फियर ऑफ अदर पीपल्स ओपिनियन) जन्म लेता है– लोगों की राय का डर। अपनी पसंद पर भरोसा कम होने के बाद व्यक्ति दूसरों की प्रतिक्रिया को मार्गदर्शक बना लेता है। फिर चुनाव अंदर की जरूरतों से नहीं, बाहर की नजरों से होते हैं। कौन–सी जीवनशैली "स्वीकार्य" होगी, कौन–सी नौकरी "सम्मानजनक दिखेगी" इस तरह के तमाम सवाल अंदर की आवाज को दबाते जाते हैं। जीवन धीरे–धीरे निजी नहीं, भीड़ के मानदंडों से संचालित होने लगता है। व्यक्ति वही बनने की कोशिश करता है, जो दूसरों को पसंद आए, भले वह स्वयं उस भूमिका में सहज न हो। वह "दिखने वाले" सम्मान के बदले "महसूस होने वाली" शांति खोने लगता है और अंत में इस पूरी यात्रा की परिणति होती है।

### FOMU (फियर ऑफ मेसिंग अप)

- फियर ऑफ मेसिंग अप अर्थात गलती कर देने का डर। यह शब्द भले ही बहु–प्रचलित न हो, लेकिन इसका अनुभव लगभग हर पीढ़ी महसूस कर रही है। ऐसे में कई बार व्यक्ति पहला कदम इसलिए नहीं उठाता, क्योंकि उसे लगता है, अगर गलती हो गई, तो दुनिया देख लेगी। असफलता की चिंता से ज्यादा अपमान की कल्पना भयावह हो जाती है। सपने और योजनाएं आदर्श रूप में तो टिकी रहती हैं, पर वास्तविक शुरुआत रुक जाती है। यही वह दुखद क्षण है, जहां जिंदगी निर्णय से नहीं, डर से चलने लगती है। यह डर अक्सर बाहरी परिस्थितियों से नहीं, भीतर से पैदा होता है।
- इन पांचों भावों को अलग–अलग नाम देना आसान है, पर इन्हें अलग–अलग होकर समझना गलत है। ये एक–दूसरे से पैदा होते हैं, एक–दूसरे को बढ़ाते हैं और एक–दूसरे के बिना पूरी तरह समझ नहीं आते। कुछ छूट जाने का डर स्टूडेंट्स को दौड़ में धकेलता है, दौड़ की थकान उसे सच से बचने पर मजबूर करती है, सच से बचाव निर्णय को टाल देता है, निर्णय में देरी दूसरों की राय पर निर्भरता पैदा करती है और यही निर्भरता गलती को असहनीय बना देती है। यह कोई वैज्ञानिक रूप से तय "अनिवार्य क्रम" नहीं, लेकिन आधुनिक मन की चालकों समझने का एक बेहद उपयोगी मनोवैज्ञानिक चक्र जरूर है– एक ऐसा पैटर्न, जिसमें जीवन ऊपर से सक्रिय दिखता है, पर भीतर से स्थिर बना रहता है। लगता है कि हम बहुत कुछ कर रहे हैं, पर महसूस होता है कि कुछ भी पूरा नहीं हो पा रहा।
- इन मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों का उद्देश्य किसी व्यक्ति को दोष देना नहीं है और न ही यह मान लेना कि इंसान कमजोर हो गया है। यह समय ही ऐसा है, जिसमें मन पर दबाव पहले से कहीं अधिक है। जितना समाज सार्वजनिक हुआ है, उतनी ही निजी दुनिया उलझी है। उपलब्धियों की प्रतिस्पर्धा में भावनाएं पीछे छूट गई हैं। हम सब किसी–न–किसी रूप में इस संघर्ष में हैं कुछ खुलकर, कुछ चुप रहकर, कुछ जानकर और कुछ जाने बिना।
- हो सकता है आगे भी जीवन जटिल बना रहे, अवसर बढ़ते रहें, विकल्प उलझाते रहें, लेकिन इतना समझ होगा कि डर होना कमजोरी नहीं, संवेदनशीलता है। संघर्ष होना असामान्य नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन का हिस्सा है। हम सब अपनी–अपनी जगह पर कोशिश कर रहे हैं– कभी तेज, कभी धीमे या कभी डरे हुए।
- जीवन में ज्यादातर बदलाव किसी "बड़े कदम" से नहीं आते। कई बार बदलाव तब शुरू होता है, जब हम बस इतना स्वीकार कर लेते हैं कि हां, हम डरे हुए हैं, पर कोशिश छोड़ने वाले नहीं हैं। हो सकता है आगे भी निर्णय आसान न हों, संतुलन, स्पष्टता और आत्मविश्वास एक दिन में न आएं, लेकिन इतना तो तय है कि जिंदगी अक्सर वहीं खुलती है, जहां मन सबसे ज्यादा अटका होता है।
- डर पूरी तरह चला जाए, तब चलना शुरू हो, यह जिंदगी का नियम नहीं है। असली बात यह है कि डर रहते हुए भी चलना शुरू हो, क्योंकि साहस का अर्थ डर के अभाव में बहादुरी दिखाना नहीं, बल्कि डर के साथ कदम बढ़ाना है। वही पहला कदम, चाहे कितना ही छोटा क्यों न हो, आगे की असली दिशा बनाता है।

## कैंपस में पहला दिन – प्रथम श्रेणी प्राप्त करने का रहा दबाव



डॉ. नवीन चंद्र लोहनी
कुलपति, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

मेरे लिए कॉलेज का पहला दिन उम्मीदों से भरा रहा। मेरी स्नातक (बी.ए.) की पढ़ाई राजकीय महाविद्यालय बागेश्वर से हुई। यह सरयू नदी के किनारे तीन भवनों के रूप में था, जिनमें से एक भवन टिन शेड के रूप में था और एक मुख्य भवन, जिसमें एक हॉल और प्राचार्य कक्ष और दूसरे भवन में एक लाइब्रेरी और कुछ कक्षाएं होती थीं।

पहले दिन जब मैं महाविद्यालय पहुंचा तो मेरी मुलाकात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामकुमार से हुई। मैंने उनसे प्रवेश के साथ-साथ अपने परीक्षा परिणाम के बारे में भी बताया तो उन्होंने बड़े खुश होकर मुझे प्रवेश के बारे में जानकारी दी। मैं अपने सत्र में राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर का कला विषयों से अकेला प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थी था, इसलिए उन्होंने प्रवेश प्रभारी से कहा कि देखो, महाविद्यालय में एक प्रथम विद्यार्थी आ रहा है। इसके अलावा उन्होंने मुझे स्कॉलरशिप तथा अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। महाविद्यालय के पहले दिन ही एक सुसज्जित पुस्तकालय देखा, जिसमें हमारे विषय की पुस्तक कम थी, लेकिन पुस्तकों के प्रति मेरे प्रेम के कारण मुझे अनेक पुस्तकों से जुड़ने का अवसर मिला। हिंदी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान और अंग्रेजी की कक्षाओं में मुझे उपस्थित रहकर बहुत आनंद आया। महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने के बाद अपने पुराने इंटरमीडिएट के समय के अनेक साथी कक्षा में दिखाई दिए, उनमें एक स्पर्धा भाव भी देखा, स्नातक कक्षा के दौरान निरंतर यह दबाव भी बना रहा कि महाविद्यालय में भी प्रथम श्रेणी प्राप्त करनी है। बाद में अपने शैक्षिक जीवन में आने के बाद पता चला कि विश्वविद्यालय शिक्षा में किस प्रकार चैलेंज आते हैं।




## करेंट अफेयर्स

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप–कप्तान स्मृति मंधाना एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो गईं हैं, वह मिताली राज के बाद 10,000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाली केवल दूसरी भारतीय महिला और सबसे तेज खिलाड़ी बन गईं। स्मृति ने तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी–20 अंतर्राष्ट्रीय में यह उपलब्धि हासिल की।
- पर्यावरण मंत्रालय के तहत एक पैनल ने जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर 260 मेगावाट की दुलहस्ती स्टेज– II पनबिजली परियोजना (Dulhasti Stage–II hydropower project) को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी इस साल अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करने की पृष्ठभूमि में आई है, जिससे 3,200 करोड़ से अधिक की अनुमानित लागत वाली इस रन–ऑफ–द–रिवर परियोजना के लिए निर्माण निविदाएं जारी करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।
- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने आज बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) हेलीकॉप्टर डिवीजन में ध्रुव एनजी सिविल वेरिएंट (Dhruv NG civil variant) हेलीकॉप्टर की पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई। इस हेलीकॉप्टर को इसके स्वदेशी शक्ति इंजन के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से नागरिक प्रमाणन प्राप्त हुआ है।
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया है। रॉकेट का परीक्षण उसकी अधिकतम 120 किमी की सीमा के लिए किया गया। इस रॉकेट को आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट द्वारा हाई एनर्जी मटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी के सहयोग से, डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी और रिसर्च सेंटर इमारत के समर्थन से डिजाइन किया गया है।

## जॉब अलर्ट

### LDCC बैंक

- पद का नाम –क्लर्क, सबग्रेड (मल्टीपर्पस सपोर्ट स्टाफ), ड्राइवर
- पदों की संख्या– 375
- योग्यता–10 वीं पास से ग्रेजुएट (पदानुसार)
- आयु सीमा–19 से 30 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि– 21 जनवरी 2026
- वेबसाइट–https ://laturdccb .com

### नाबार्ड यंग प्रोफेशनल भर्ती

- कंपनी का नाम– नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड)
- पद का नाम– यंग प्रोफेशनल (14 विषय)
- पदों की संख्या–44
- वेतन–70,000/– प्रति माह (सभी भत्ते सहित)
- योग्यता– विषय की आवश्यकता के अनुसार बैचलर/ मास्टर डिग्री
- आयु सीमा–21 से 30 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि– 12 जनवरी 2026
- वेबसाइट–www .nabard .org

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, रेल मंत्रालय

- पद का नाम– चीफ लॉ असिस्टेंट, पब्लिक प्रॉसिक्यूटर, जूनियर ट्रांसलेटर (हिंदी), सीनियर पब्लिसिटी इंस्पेक्टर, स्टाफ और वेलफेयर इंस्पेक्टर, साइंटिफिक असिस्टेंट (ट्रेनिंग), लैब असिस्टेंट ग्रेड III, साइंटिफिक सुपरवाइजर
- पदों की संख्या–312
- सैलरी–19,900 से 44,900 प्रति माह
- योग्यता–12 वीं से मास्टर डिग्री (पद के अनुसार अलग–अलग)
- आयु सीमा– 18 से 30–40 वर्ष (पदानुसार)
- आवेदन की अंतिम तिथि– 29 जनवरी 2026

### नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लि.

- पद का नाम– ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (GET)
- पदों की संख्या–110
- वेतन–40,000 – 1,40,000 प्रति माह
- योग्यता–इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में बैचलर डिग्री
- आयु सीमा–अधिकतम 30 वर्ष, 22 जनवरी 2026 तक
- आवेदन की अंतिम तिथि–22 जनवरी 2026
- वेबसाइट–www .nalcoindia .com

# बदलती इकोनॉमी में कॉमर्स स्ट्रीम के लिए बेस्ट करियर ऑप्शन

आज के समय में कॉमर्स स्ट्रीम करियर की दृष्टि से एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरकर सामने आई है। अकाउंटिंग, फाइनेंस, बैंकिंग और बिजनेस से जुड़े अनेक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां न सिर्फ अच्छी सैलरी, बल्कि स्थायी करियर की संभावनाएं भी मौजूद हैं। सही कोर्स, उपयुक्त स्किल्स और व्यावहारिक अनुभव के साथ कॉमर्स स्टूडेंट्स आकर्षक पैकेज हासिल कर सकते हैं। बदलती आर्थिक परिस्थितियां और कॉर्पोरेट सेक्टर की बढ़ती जरूरतें कॉमर्स ग्रेजुएट्स के लिए नए अवसर खोल रही हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए कौन–कौन से हाई–पेड करियर ऑप्शन उपलब्ध हैं। – फीचर डेस्क

### चार्टर्ड अकाउंटेंट

कॉमर्स स्ट्रीम का सबसे प्रतिष्ठित और हाई–पेड प्रोफेशन माने जाने वाला चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) आज भी करियर की पहली पसंद बना हुआ है। एक सीए कंपनी के ऑडिटिंग, टैक्सेशन और फाइनेंशियल रिपोर्टिंग जैसे अहम कामों की जिम्मेदारी संभालता है। यह कोर्स इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा संचालित किया जाता है। करियर की शुरुआत में एक फ्रेशर सीए की सालाना सैलरी करीब 6 से 10 लाख रुपये होती है, जो अनुभव के साथ 15 से 30 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक पहुंच सकती है। सीए करके प्रोफेशनल्स कॉर्पोरेट कंपनियों, मल्टीनेशनल फर्म्स और सरकारी संस्थानों में उच्च पदों पर कार्य करने के मौके मिलते हैं।

### कंपनी सेक्रेटरी (सीएस)

कॉर्पोरेट गवर्नेंस और कंपनी लॉ में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए कंपनी सेक्रेटरी एक बेहतरीन और तेजी से उभरता हुआ करियर विकल्प है। बदलते कॉर्पोरेट नियमों और कानूनी ढांचे के चलते सीएस प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। यह कोर्स इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (ICSI) द्वारा संचालित किया जाता है। सीएस प्रोफेशनल्स बैंकिंग सेक्टर, कॉर्पोरेट हाउस और लीगल फर्म्स में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस फील्ड में शुरुआती सैलरी लगभग 5 से 7 लाख रुपये प्रतिवर्ष होती है।



### इंवेस्टमेंट बैंकर

इंवेस्टमेंट बैंकिंग को फाइनेंस की दुनिया का सबसे ग्लैमरस और हाई–रिस्क व हाई–रिवॉर्ड करियर माना जाता है। इंवेस्टमेंट बैंकर कंपनियों को पूंजी जुटाने (Capital Raising),मर्जर–एक्विजिशन और फाइनेंशियल स्ट्रैटजी से जुड़ी सलाह देते हैं। यह प्रोफेशन चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन कमाई के लिहाज से बेहद आकर्षक है। अनुभव, कंपनी, लोकेशन और पद (एनालिस्ट, एसोसिएट, VP, MD) के अनुसार सैलरी में बड़ा अंतर होता है। एक एनालिस्ट की शुरुआती सैलरी करीब 6 से 15 लाख रुपये प्रतिवर्ष हो सकती है।

### चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट (सीएफए)

अगर इंटरनेशनल लेवल पर करियर बनाने की बात हो, तो सीएफए कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए टॉप करियर ऑप्शंस में शामिल है। यह एक ग्लोबली रिकग्नाइज्ड प्रोफेशनल कोर्स है, जो इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट पर फोकस करता है। सीएफए होल्डर्स पोर्टफोलियो मैनेजमेंट, इक्विटी रिसर्च और वेल्थ मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में काम करते हैं। अनुभव और प्रोफाइल के आधार पर सीएफए प्रोफेशनल्स की सैलरी लगभग 10 से 35 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक हो सकती है।

### MBA (फाइनेंस, मार्केटिंग, HR)

MBA आज भी कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए सबसे पॉपुलर और वर्सेटाइल करियर ऑप्शन बना हुआ है। फाइनेंस, मार्केटिंग और HR जैसे स्पेशलाइजेशन सबसे ज्यादा डिमांड में हैं। इस कोर्स के जरिए स्टूडेंट्स में मैनेजमेंट, लीडरशिप और स्ट्रैटजिक थिंकिंग स्किल्स विकसित होती हैं। MBA के बाद मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने के बेहतरीन अवसर मिलते हैं। कॉलेज और स्पेशलाइजेशन के अनुसार सैलरी पैकेज 6 से 30 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक हो सकता है।



# अपराधों पर लगाम, माफिया धड़ाम, भय मुक्त समाज का सूर्योदय

## उत्तर प्रदेश में बेहतर हुई महिला सुरक्षा, दुष्कर्म के दोषी 4564 और पॉक्सो एक्ट में 14,111 अपराधियों को दिलाई गई सजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में पिछले आठ वर्ष में कानून-व्यवस्था में बहुत बड़ा बदलाव आया है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और पुलिस व्यवस्था में सुधार होने से संगठित अपराध, माफिया नेटवर्क व गंभीर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। अपराध के आंकड़ों में साल दर साल लगातार गिरावट हो रही है। प्रदेश भर में पुलिस ने मुठभेड़ में 266 कुख्यात अपराधी ढेर हो गए जबकि 10,990 घायल हुए। 68 माफिया की 145 अरब रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। महिला सुरक्षा बेहतर हुई है, वो खुद को सुरक्षित और उद्यमी-करोबारी निर्भर महसूस कर रहे हैं।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बुधवार दोपहर पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सात बड़े शहरों लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, आगरा, वाराणसी और प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद पुलिसिंग अधिक प्रभावी हुई है। त्वरित निर्णय और बेहतर नियंत्रण के कारण कानून-व्यवस्था को मजबूती मिली है। 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा साम्प्रदायिक दंगा न होना भी इसी का संकेत माना जा रहा है।

डीजीपी ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति अभियान को और मजबूत किया गया है। हर थाने में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं। 40 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को महिला अपराधों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। महिलाओं से जुड़े अपराधों में 10 से 34 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। महिलाओं एवं किशोरियों के विरुद्ध अपराधों में 32,575 को सजा दिलाई गई। इसमें दुष्कर्म के 4564 और पॉक्सो एक्ट के 14,111 मामले शामिल हैं।

डीजीपी ने बताया कि वर्ष 2025 में पुलिस व एसटीएफ से अपराधियों की 2739 मुठभेड़ हुई। जिसमें 48 कुख्यात अपराधी मारे गए और 3153 घायल हुए। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी की भी जान गई और 138 घायल हुए। 2017 से 2025 के बीच मुठभेड़ में 266 कुख्यात अपराधी मारे गए और 10,990 घायल हुए। गैंगस्टर एक्ट में 85 हजार से अधिक अपराधियों की गिरफ्तारी की गई और अपराध से अर्जित 145 अरब रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। प्रदेश के 68 चिन्हित माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए कई को आजीवन कारावास और कुछ को मृत्युदंड तक की सजा दिलाई गई है।

डीजीपी के मुताबिक बीते वर्ष में विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन कराने के 475 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने ऐसे कई गिरोह का खुलासा किया। आगरा, कुशीनगर, मिर्जापुर का मामला सबसे बड़ा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धर्मांतरण के मामलों में 855 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वर्तमान में 409 मामलों में 379 में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है।

### स्मार्ट पुलिसिंग

- प्रदेश में एआई आधारित तकनीक को भी पुलिसिंग में शामिल किया गया है। यक्ष ऐप, त्रिनेत्र सिस्टम और फेस वॉयस रिकग्निशन तकनीक के जरिए 12.6 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की जा रही है। इससे 9,800 से अधिक गंभीर मामलों का खुलासा किया गया। वहीं यूपी-112 सेवा का रिस्पॉन्स टाइम 2016 के 65 मिनट से घटकर 2025 में सात मिनट से कम हो गया है। अब तक तीन करोड़ से अधिक कॉल अटेंड की जा चुकी हैं और 14 हजार से ज्यादा गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित बरामद किया गया है। सरकार ने पुलिस कल्याण और इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विशेष ध्यान दिया है। 2017 के मुकाबले पुलिस बजट दोगुना से अधिक किया गया है। स्वास्थ्य, बीमा, आवास और शिक्षा योजनाओं से हजारों पुलिसकर्मी और उनके परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।


**266** कुख्यात अपराधी मुठभेड़ में मारे गए, 10,990 घायल

**68** माफिया की 145 अरब रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त

**855** धर्मांतरण के आरोपी भेजे गए जेल

### साइबर अपराधियों पर तकनीक से वार

- डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए साइबर पुलिसिंग को मजबूत किया गया है। 65 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को साइबर प्रशिक्षण दिया गया है। 1930 साइबर हेल्पलाइन के जरिए 325 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की रकम फ्रीज कराई गई। इसके अलावा 77 हजार मोबाइल नंबर और 17 हजार आईएमईआई ब्लॉक किए गए। साइबर मामलों में दोषसिद्धि दर 87.8 प्रतिशत बताई जा रही है, जो राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। 2025 में हेल्पलाइन 1930, एनसीआरपी के माध्यम से करीब 3225.25 करोड़ की धनराशि फ्रीज कराई गई। इस वर्ष कुल 77621 मोबाइल और 17692 आईएमईआई नंबर को ब्लॉक किया गया। साइ-ट्रेन पोर्टल के माध्यम से 65,608 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। साइबर क्राइम मुख्यालय पर साइबर प्रशिक्षण लैब- सीसीपीडब्ल्यूसी (साइबर क्राइम प्रीवेंशन अगेंस्ट वीमेन एंड चिल्ड्रेन) स्थापित। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर साइबर कमांडो के प्रथम बैच हेतु 15 पुलिस कर्मियों को चिन्हित कर उन्हे आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास, राष्ट्रीय सुरक्षा यूनिवर्सिटी गांधीनगर, एनएफएसयू नई दिल्ली आदि में उच्च कोटि का प्रशिक्षण कराया गया, जिन्हे बाद प्रशिक्षण जोन/मुख्यालय में नियुक्त किया गया है। यूपी-112 साइबर प्रशिक्षण लैब के नवीनीकरण उपरान्त 1,649 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।



डीजीपी राजीव कृष्ण।

### ऑपरेशन कन्विक्शन से बढ़ी सजा की दर

- अपराधियों को सजा दिलाने के लिए जुलाई 2023 से ऑपरेशन कन्विक्शन चलाया गया। दिसंबर 2025 तक इस अभियान के तहत 1,25,985 अभियुक्तों को दोषसिद्ध कराया गया। इनमें 79 को मृत्युदंड और 10,414 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सजा की दर बढ़ने से अपराधियों का मनोबल टूटा है।

### अपराध दर में आई भारी गिरावट

- आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 की तुलना में 2025 तक डकैती की घटनाओं में करीब 90 प्रतिशत, लूट में 84 प्रतिशत और हत्या में 46 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इसी तरह बलात्कार के मामलों में 53 प्रतिशत और बलवा की घटनाओं में 69 प्रतिशत तक गिरावट आई है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक अपराध दर के मामले में उत्तर प्रदेश अब देश के निचले पायदानों में शामिल है।

### न्यूज ब्रीफ

#### डिजिटल क्रॉप सर्वे अभियान 5 से

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश में रबी फसल के डिजिटल क्रॉप सर्वे अभियान 5 जनवरी से 15 फरवरी तक चलाया जाएगा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को अभियान की तैयारी समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे शुरू होने से पूर्व इस कार्य से जुड़े कर्मियों का प्रशिक्षण कार्य पूरा हो जाए। उन्होंने डिजिटल फसल सर्वे पूरा होने से पूर्व ऑफलाइन फसल सर्वे का कार्य पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा, 13 जिलों (गोरखपुर, वाराणसी, गौतमबुद्ध नगर, झांसी, चंदौली, गाजीपुर, देवरिया, प्रतापगढ़, रामपुर, फिरोजाबाद, सोनभद्र, फतेहपुर, मऊ) जहां 31 दिसम्बर 2024 से पूर्व सर्किल रेट पुनरीक्षण नहीं हुआ, उन्हे पुनरीक्षण का कार्य जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए।

#### नीट पीजी की तीसरी काउंसिलिंग कल से

**अमृत विचार, लखनऊ:** मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पीजी सीटों पर दाखिले के लिए 2 जनवरी से तीसरी काउंसिलिंग शुरू होगी, इसमें 5 जनवरी तक पंजीकरण कराने के बाद, अगले दिन 6 जनवरी से अभ्यर्थियों को प्राथमिकताएं देनी होंगी। साथ ही चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने निर्देश जारी किए हैं कि अब तक संपन्न हो चुकी नीट पीजी की दो काउंसिलिंग में सीट पाने वाले अभ्यर्थी, अगर सीट छोड़ना चाहते हैं तो वह 4 जनवरी तक छोड़ सकते हैं। उक्त तिथि के बाद सीट छोड़ने वाले अभ्यर्थियों की धरोहर राशि वापस नहीं की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि तीसरी काउंसिलिंग में 12 जनवरी को सीट आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे, और 17 जनवरी तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। उन्होंने बताया कि इस काउंसिलिंग में एमडी, एमएस, डिप्लोमा व डीएनबी पाठ्यक्रम में प्रवेश मिलेगा।

#### श्रेष्ठ शिक्षकों का मिलेगा ऑनलाइन मार्गदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. लोक सेवा आयोग की पीसीएस मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं, साथ ही कहा कि पीसीएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा के लिए स्पष्ट रणनीति, निरंतर अनुशासन और योजनाबद्ध तैयारी अत्यंत आवश्यक है। समाज कल्याण राज्यमंत्री, नए वर्ष की पूर्व संध्या पर बुधवार को गोमतीनगर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के भागीदारी भवन में विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभ्यर्थियों को कई नई जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही देश के प्रमुख शहरों के पांच श्रेष्ठ शिक्षकों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिससे अभ्यर्थियों को उच्च स्तरीय विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिल सके।

#### राहत योजना का लाभ उठाने की अपील

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से सरकार द्वारा संचालित बिजली बिल राहत योजना-2025 का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। ऊर्जा मंत्री बुधवार को राजधानी स्थित संगम भवन से वर्चुअल माध्यम द्वारा आजमगढ़, बलिया, मऊ, प्रयागराज समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगे 50 से अधिक शिविरों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने उपभोक्ताओं से उनकी समस्याएं, अनुभव और सुझाव सुने। मंत्री एके शर्मा ने शिविरों में स्थानीय विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की और यूपीपीसीएल के अध्यक्ष को निर्देश दिए कि जब तक उपभोक्ता उपस्थित रहें, किसी भी स्थिति में शिविर बंद न किए जाएं।

# आउटसोर्सिंग कंपनी पर दर्ज कराई एफआईआर

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में भर्ती में गड़बड़ी पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** शासन ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया है। समाज कल्याण विभाग में पारदर्शिता और पात्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सख्त कदम उठाया है।

मंत्री के निर्देश पर थाना गोमती नगर, लखनऊ में नियमों का उल्लंघन कर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी अवनि परिधि इनर्जी- कम्युनिकेशन प्रा.लि., लखनऊ और संबंधित आवेदकों के खिलाफ षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेज और नियम विरुद्ध नियुक्ति के आरोपों में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साथ ही पूरे मामले में प्रशासनिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

राज्यमंत्री ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रदेशभर में संचालित कोचिंगों में आउटसोर्सिंग पर लगे कोचिंग कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत मिली थी। इसे गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच की गई।

- मामले में प्रशासनिक जांच के भी आदेश दिए गए

### नियमों की अनदेखी

जांच में यह सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा पास होना अनिवार्य था। इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। जांच रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि अपात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। इस मामले में आरोपी आउटसोर्सिंग कंपनी को प्रथमदृष्टया दोषी माना गया।

### नववर्ष पर हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्ती

**अमृत विचार, लखनऊ:** नववर्ष पर जश्न मनाने के नाम पर हुड़दंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। नववर्ष पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी जिले में हुड़दंग, छेड़छाड़ या लूटपाट की कोई घटना न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। विशेष तौर पर जहां पर लोग इकट्ठा होते हैं, वहां पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स मौजूद रहे।



लखनऊ: नववर्ष की पूर्व संध्या पर फूलों की खरीदारी करती महिला। अमृत विचार

### कफ सिरप मामले में बयान देने पर अमेठी के ड्रग इंस्पेक्टर निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ:** कफ सिरप मामले में मीडिया को बयान देने के मामले में अमेठी के ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश मिश्र को निलंबित कर दिया गया है। उक्त अवधि में उन्हें मुख्यालय से संबद्ध कर, मामले की जांच के लिए सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ को नामित किया गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त की संस्तुति के बाद शासन ने कार्रवाई की है। मालूम हो कि कमलेश मिश्र द्वारा मीडिया में अनाधिकृत रूप से बयान दिया गया था, जिसमें छोटे औषधि विक्रेताओं पर कार्रवाई की बात कहीं गई थी।

# दर्द की दवा निमेसुलाइड की बिक्री पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार ने दर्द निवारक दवा निमेसुलाइड को लेकर सख्त कदम उठाते हुए 100 मिलीग्राम से अधिक मात्रा में बनने वाली निमेसुलाइड युक्त सभी मुंह से ली जाने वाली दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इस संबंध में सरकार ने 29 दिसंबर को गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है।

यह फैसला ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सलाह, वैज्ञानिक साक्ष्यों और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सरकार का मानना है कि अधिक मात्रा में निमेसुलाइड का उपयोग स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

उप्र. स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पूर्व चेयरमैन एवं फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जनहित में समय-समय पर आवश्यक नियामक कदम उठाए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में निमेसुलाइड का उपयोग पहले से ही प्रतिबंधित है, क्योंकि इसके सेवन से बच्चों के लिवर को गंभीर क्षति पहुंचने की आशंका पाई गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए दर्द और बुखार के इलाज में पैरासिटामोल और इबुप्रोफेन जैसी अधिक सुरक्षित वैकल्पिक दवाएं उपलब्ध हैं। अब 100 एमजी से अधिक मात्रा वाली निमेसुलाइड युक्त दवाओं का बाजार से पूरी तरह बाहर होना तय है। इस निर्णय के बाद फार्मासिस्ट, डॉक्टर और दवा कंपनियों को नए नियमों का सख्ती से पालन करना होगा, ताकि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में नये साल के पहले दिन कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि वायुमंडल में कई पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं, जिनके प्रभाव से मौसम में उत्तर-पछुवा होगा। इस दौरान अधिकतम न्यूनतम तापमान में तीन से लेकर 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट संभव है, वहीं सुबह-शाम कोहरे में वृद्धि होगी।

मौसम विभाग ने लखनऊ, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बदायूं आदि जिलों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है।

वहीं मुख्य सचिव एसपी गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को प्रदेश में बढ़ती सर्दी और शीतलहर के मद्देनजर पूर्ण संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

# 61,932 आयुष्मान कार्ड मिले संदिग्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में आयुष्मान कार्ड से जुड़ी अनियमितताओं को रोकने के लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी यानी साचीज द्वारा सख्त और तकनीकी स्तर पर प्रभावी कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में अब तक 5.44 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिनका सत्यापन करने के लिए बेनिफिशियरी आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (बीआईएस-2.0) लागू किया गया है। प्रारंभिक जांच में इन कार्डों में से 61,932 कार्ड संदिग्ध पाए गए हैं। जिसके बाद आधार द्वारा ई-केवाईसी के बाद ही आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

यह जानकारी साचीज की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्चना वर्मा ने बुधवार को दी, उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में फर्जी लाभार्थियों की रोक लगाने के लिए अधिकांश श्रेणियों में 'एड मेंबर' का विकल्प समाप्त कर दिया गया है। केवल एसईसीसी-2011 के तहत चिन्हित अवशेष परिवारों में ही नए सदस्य जोड़े जा सकते हैं। सीईओ ने बताया कि साचीज द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत सरकार के सहयोग से एआई आधारित निगरानी प्रणाली को और सुदृढ़ किया गया है। उक्त एसएएफयू बीआईएस पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध कार्डों की पहचान की जा रही है। इसमें लगे ऑटोमेटेड ट्रिगर संदिग्ध कार्डों को स्वतः चिन्हित कर इलाज पर रोक लगा देते हैं। ऐसे कार्डों की ऑडिट और भौतिक सत्यापन कराया जाता है।

अर्चना वर्मा ने बताया कि वर्ष 2018 से अब तक बने कुल आयुष्मान कार्डों में से 61,932 कार्ड संदिग्ध पाए गए, जिनकी जांच के लिए जिला स्तर पर फील्ड इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर (एफआईओ) तैनात किए गए हैं। अब तक 48,435 कार्डों का भौतिक सत्यापन कराया जा चुका है। संदिग्ध कार्डों का विवरण सभी जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को भेजकर जांच के निर्देश दिए गए हैं।

- अनियमितताओं पर साचीज ने शुरू की सख्ती

# युवाओं में बढ़ा काशी, मथुरा और अयोध्या का क्रेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नववर्ष का आनंद मनाने के लिए जहां युवा पहले डिस्को, होटल, रेस्टोरेंट और पहाड़ों का रुख करता था, इस साल इसमें एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश का उदाहरण लें तो यहां युवा लाखों की संख्या में काशी, मथुरा-वृंदावन और अयोध्या में नए साल की शुरुआत अपने इष्ट का दर्शन-पूजन से कर रहे हैं।

पर्यटन विभाग के अनुसार, 29-30 दिसंबर को ही अयोध्या में श्रीराम का दर्शन करने 5 लाख से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं, जबकि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में पिछले तीन दिनों में 10 लाख और मथुरा में 3 लाख से अधिक पर्यटकों ने दर्शन पूजन किया। इनमें युवा पर्यटकों की संख्या सर्वाधिक है। नववर्ष पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, ऐसे में प्रशासन ने विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं।

नए साल का जश्न धर्म स्थलों में मनाने का युवाओं का यह रुझान सोशल मीडिया पर भी दिखाई दे रहा है। जहां न्यू ईयर 2026 इन अयोध्या, न्यू ईयर 2026 इन काशी या स्पिरिचुअल न्यू ईयर जैसे हैशटैग ट्रेंड कर रहे हैं।

- नए साल पर लाखों की संख्या में पहुंच रहे युवा

तैयारी

पहले चरण में 404 व दूसरे में करीब 150 पदों का भेजा गया अधियाचन

# प्रदेश में दूर होगी पशु चिकित्साधिकारियों की कमी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजकीय पशु चिकित्सालयों में लंबे समय से चली आ रही चिकित्सकों की कमी दूर होगी। सरकार द्वारा श्रेणी-2 के पशु चिकित्साधिकारी रखे जाएंगे। पशुपालन विभाग ने पहले चरण में 404 व दूसरे करीब 150 पशु चिकित्साधिकारी रखने का अधियाचन आयोग को भेजा है। हालांकि भर्ती में ओबीसी के पद सृजित न होने को लेकर सवाल भी उठे हैं। इसके समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेश में कुल 1984 पशु चिकित्साधिकारी पद के सापेक्ष करीब 600 की कमी है। चयन की प्रक्रिया पांच साल से अधिक समय से नहीं हुई है। इस बीच तमाम पशु चिकित्साधिकारी प्रोन्नत होकर डिप्टी बन गए या फिर सेवानिवृत्त हो गए। इस वजह से पशु चिकित्साधिकारियों की भारी कमी हो गई। कई खाली पड़े चिकित्सालय आसपास के चिकित्सकों को प्रभार के तौर पर दिए गए। जोकि एक समय पर एक चिकित्सालय में बैठ पाते हैं और दूसरे की सेवाएं प्रभावित होती हैं। पशुपालकों को भी पशुओं के उपचार के लिए भटकना पड़ता है। फिर भी संसाधन, चिकित्सक और स्टॉफ की कमी से जूझ रहा विभाग क्षेत्र में घायल व गंभीर पशुओं की सूचना मिलने पर त्वरित सेवा देता है। निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. मेमपाल सिंह ने बताया कि चिकित्सकों की भर्ती से सेवाएं और बेहतर होंगी। इसका पशुपालकों को लाभ मिलेगा।

- कुल 1984 पशु चिकित्साधिकारी के सापेक्ष 600 की कमी

### चिकित्सालयों की स्थिति

कुल चिकित्सालय - 2214

पशुधन प्रसार अधिकारी केंद्र - 2574

औषधालय - 267

### शुरू नहीं हो पाए करोड़ों से बने अस्पताल व लैब

प्रदेश में पहले छह पॉलीक्लीनिक और बाद में 20 और बने। एक के निर्माण पर नौ करोड़ रुपये खर्च हुआ। इसी तरह जिलास्तरीय 65 प्रयोगशालाएं बनीं। एक के निर्माण पर औसतन 7.50 करोड़ रुपये खर्च हुआ। लेकिन, संचालन नहीं हो पाए। इस वजह से सेवाएं हाईटेक नहीं हो सकीं। इनके संचालन की विभाग रूपरेखा तैयार कर रहा है। इसके अतिरिक्त पुराने जर्जर चिकित्सालयों की मरम्मत कराकर विकसित किए जाएंगे। शासन ने सभी सीवीओ से रिपोर्ट मांगी है।

### कानपुर में तेजी से फैला पशुओं की मदद का धंधा

लखनऊ के बाद कानपुर में पशुओं का उपचार और उनके संरक्षण के नाम वसूली करने वाले कथित एनजीओ और उनके दलाल तेजी से बढ़ रहे हैं। गली-गली काम करने वाले सक्रिय लोग, जो लोगों से पैसा मांगने के साथ निराश्रित और निजी पशुओं का घरों पर इलाज करके वसूली करते हैं। गलियों में ओटी बनाकर ऑपरेशन करते हैं। केस बिगड़ने पर सरकारी चिकित्सकों के पास भेजते हैं। शासन ने इसका भी संज्ञान लिया है।

# डिजिटल सुशासन मॉडल रहा हिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन (एनईएसडीए) की 2025 रिपोर्ट बताती है कि उत्तर प्रदेश डिजिटल गवर्नेंस में मजबूत और निर्णायक भूमिका वाला प्रदेश है। नेस्डा रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में कुल 23934 ई-सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 929 ई-सेवाओं की है। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करता है।

विशेष बात यह है कि उप्र. ने 59 अनिवार्य ई-सेवाओं में से सभी 59 को शत प्रतिशत लागू कर दिया है। अनिवार्य सेवाओं के मामले में प्रदेश ने पूर्णता हासिल की है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि योगी सरकार ने डिजिटल सेवाओं को केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि शासन की रीढ़ बनाया है।

स्थानीय शासन और उपयोगिता सेवाओं के क्षेत्र में देश भर में 8463 ई सेवाएं उपलब्ध हैं। प्रदेश ने इस क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म और मृत्यु पंजीकरण, पेंशन और छात्रवृत्ति जैसी सेवाएं अब मात्र कुछ क्लिक में ही उपलब्ध हैं। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के निवासियों को सीधा लाभ मिला है।

एकीकृत सेवा वितरण पोर्टल के मामले में भी प्रदेश मजबूत स्थिति में है। नेस्डा रिपोर्ट के अनुसार, उप्र. में लगभग 88 प्रतिशत ई-सेवाएं एकीकृत पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। निवेश मित्र और ई-डिस्ट्रिक्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स पर 822 से अधिक सेवाएं नागरिकों और निवेशकों को एक ही जगह पर उपलब्ध हो रही हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और जन सुविधा दोनों पर पड़ा है। पिछले एक वर्ष के आंकड़े देखें तो उप्र. में ई-सेवाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है।

### नेस्डा रिपोर्ट 2025

- 23934 ई-सेवाओं वाले देश में यूपी की 929 डिजिटल सेवाएं
- अनिवार्य सेवाओं में शत-प्रतिशत पूर्णता हासिल

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 85,220.60 | 26,129.60 |
| बढ़त | 545.52 | 190.75 |
| प्रतिशत में | 0.64 | 0.74 |

सोना 1,37,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,39,000 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, गुरुवार, 1 जनवरी 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### तीन साल के लिए लगा रक्षोपाय शुल्क

**नई दिल्ली।** भारत ने घरेलू इस्पात उद्योग को सस्ते विदेशी आयात से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए कुछ चुनिंदा इस्पात उत्पादों पर तीन साल के लिए रक्षोपाय शुल्क लगा दिया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, पहले वर्ष में 12% शुल्क लगाया जाएगा, जो 21 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल 2026 तक लागू रहेगा। दूसरे वर्ष में यह शुल्क घटाकर 11.5% होगा, जो 21 अप्रैल 2026 से 20 अप्रैल 2027 तक वहीं, तीसरे वर्ष में यह घटकर 11% होगा, जो 21 अप्रैल 2027 से 20 अप्रैल 2028 तक प्रभावी रहेगा। यह शुल्क व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिश के बाद लगाया गया है। इससे पहले, इसी वर्ष अप्रैल में सरकार ने इन इस्पात उत्पादों पर 200 दिनों के लिए 12% की अस्थायी रक्षोपाय शुल्क लगाया था।

### हुंदै इंडिया 1 जनवरी से बढ़ाएगी वाहनों के दाम

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड 1 जनवरी से अपने सभी वाहनों की कीमतों में 0.6% की बढ़ोतरी करेगी। कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि से कंपनी वाहनों के दाम बढ़ा रही है। हुंदै मोटर इंडिया लि. (एचएमआईएल) ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि कीमती धातुओं और जिंस उत्पादों की कीमतें बढ़ने से कंपनी सभी मॉडलों के दाम में 0.6% की औसत वृद्धि करेगी। कंपनी ने कहा कि उत्पादन लागत को अनुकूल करने और ग्राहकों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए कंपनी प्रयासरत है, लेकिन इस वृद्धि से बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने को कंपनी बाध्य हैं। वर्तमान में, कंपनी हैचबैक आई10 निओस से लेकर इलेक्ट्रिक एसयूवी आयोनिक5 तक कई वाहनों की बिक्री करती है।

### प्रीमियर को 2,300 करोड़ का मिला ऑर्डर

**नई दिल्ली।** एकीकृत सौर उपकरण विनिर्माता प्रीमियर एनर्जी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 2,300 करोड़ रुपये से ज्यादा के सेल और मॉड्यूल आपूर्ति के ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि ये ऑर्डर प्रमुख घरेलू ग्राहकों द्वारा दिए गए हैं। उसने 2025-26 की तीसरी तिमाही में 2,307.30 करोड़ के नए ऑर्डर हासिल किए हैं। इन ऑर्डर को 2026-27 और 2027-28 में पूरा किया जाना है।

# अस्थिरता के बाद भी अर्थव्यवस्था में उच्च वृद्धि

## आरबीआई की वित्तीय स्थिरता की रिपोर्ट के ताजा संस्करण की भूमिका पर बोले गवर्नर मल्होत्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि अस्थिर एवं प्रतिकूल बाहरी कारकों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत घरेलू खपत और निवेश के दम पर उच्च वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के ताजा संस्करण की भूमिका में मल्होत्रा ने लिखा है कि वित्तीय स्थिरता बनाए रखना और वित्तीय प्रणाली को मजबूत करना हमारा मार्गदर्शक सिद्धांत बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि वित्तीय क्षेत्र के नियामक यह मानते हैं कि वित्तीय स्थिरता अपने आप में एक लक्ष्य नहीं है। नवाचार एवं वृद्धि को बढ़ावा देना, उपभोक्ताओं की रक्षा करना, विनियमन व पर्यवेक्षण के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना जो वित्तीय प्रणाली की दक्षता में सुधार करता है, समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। गवर्नर ने कहा कि नीति निर्माताओं का सबसे महत्वपूर्ण योगदान एक ऐसी वित्तीय प्रणाली को बढ़ावा देना है जो मजबूत और झटकों के प्रति मजबूत हो,



● कहा- वित्तीय क्षेत्र के नियामक मानते हैं कि वित्तीय स्थिरता अपने आप में लक्ष्य नहीं

वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में कुशल हो तथा जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा दे। मल्होत्रा ने कहा कि मजबूत वृद्धि, कम मुद्रास्फीति, वित्तीय व गैर-वित्तीय कंपनियों का बेहतर बही-खाता, पर्याप्त भंडार और सूझ-बूझ वाले नीति सुधारों से भारतीय अर्थव्यवस्था तथा वित्तीय प्रणाली मजबूत बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि अस्थिर और प्रतिकूल बाहरी कारकों के बावजूद, मजबूत घरेलू खपत एवं निवेश से भारतीय अर्थव्यवस्था के उच्च वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। फिर भी, हम बाह्य प्रभावों से उत्पन्न होने वाली अल्पकालिक चुनौतियों को पहचानते हैं और अर्थव्यवस्था की सुरक्षा के लिए निरंतर मजबूत उपाय कर रहे हैं।

### चुनौतियों के बावजूद मजबूत वृद्धि की संभावना

मुंबई। वैश्विक आर्थिक माहौल चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत वृद्धि बनाए रखने की संभावना है और इसे मजबूत घरेलू मांग, नियंत्रित मुद्रास्फीति एवं संतुलित व्यापक आर्थिक नीतियों से समर्थन मिल रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को जारी अपनी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की वित्तीय स्थिति मजबूत है। बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार है, उनकी परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है और लाभ भी मजबूत बना हुआ है। घरेलू वित्तीय प्रणाली मजबूत है जिसे सुदृढ़ बहीखाते, अनुकूल वित्तीय हालात और वित्तीय बाजारों में कम उतार-चढ़ाव से समर्थन मिला है। हालांकि, निकट अवधि में भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार अनिश्चितता से जोखिम बने हुए हैं। केंद्रीय बैंक के व्यापक दबाव परीक्षण के परिणाम इसकी पुष्टि करते हैं कि बैंक प्रतिकूल परिस्थितियों में भी संभावित नुकसान सहन करने में सक्षम हैं और उनकी पूंजी नियामकीय न्यूनतम स्तर से काफी ऊपर बनी रहेगी।

### समाशोधन निगमों की स्थिति मजबूत

रिपोर्ट में म्यूचुअल फंड कंपनियों और समाशोधन निगमों की स्थिति को भी मजबूत बताया गया है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) पर्याप्त पूंजी, स्थिर आय और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता के कारण मजबूत बनी हुई हैं। आरबीआई रिपोर्ट के मुताबिक, बीमा क्षेत्र में भी बहीखाते की स्थिति मजबूत है और एकीकृत सॉल्वेंसी अनुपात भी तय न्यूनतम सीमा से ऊपर है। सॉल्वेंसी अनुपात बीमा क्षेत्र में किसी कंपनी की दीर्घकालिक देनदारियों को पूरा करने और पॉलिसीधारकों के दावों का भुगतान करने की क्षमता को मापता है। यह रिपोर्ट वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के उस सामूहिक आकलन को दर्शाती है, जिसमें भारतीय वित्तीय प्रणाली की मजबूती और वित्तीय स्थिरता से जुड़े जोखिमों का मूल्यांकन किया गया है।

# टीवी, रेफ्रिजरेटर, एलपीजी चूल्हा, कूलिंग टॉवर पर स्टार रेटिंग अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने 1 जनवरी से रेफ्रिजरेटर, टीवी, एलपीजी गैस चूल्हा एवं कूलिंग टॉवर जैसे कई उपकरणों पर ऊर्जा दक्षता वाली स्टार रेटिंग को अनिवार्य कर दिया है। बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की गजट अधिसूचना के मुताबिक, इस नए नियम का विस्तार डीप फ्रीजर, वितरण ट्रांसफॉर्मर और ग्रिड से जुड़े सोलर इनवर्टर पर भी होगा।

उल्लेखनीय है कि बीईई का स्टार रेटिंग ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इसके तहत उपकरणों पर एक से पांच स्टार की रेटिंग दी जाती है जो बताता है कि संबंधित उपकरण कितनी बिजली खपत करेगा। पहले फ्रॉस्ट-फ्री एवं डायरेक्ट कूल रेफ्रजरेटर, डीप



● बिजली मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की अधिसूचना के अनुसार नियम आज से लागू

रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर (कैसेट, फ्लोर स्टैंडिंग टावर, सीलिंग, कॉर्नर एसी), रंगीन टीवी और अल्ट्रा एचडी टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर स्टार रेटिंग को दर्शाना स्वैच्छिक था। एक अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि स्टार-रेटिंग वाले उपकरणों की सूची समय-समय पर अद्यतन की जाती है। इन उपकरणों के लिए मसौदा नियम जनता से सुझाव लेने के लिए जारी किए गए थे।

# डीआईआई के साथ से सेंसेक्स-निफ्टी में बढ़त

मुंबई, एजेंसी

● पांच कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद बाजार ने की वापसी

साल के आखिरी सत्र में बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का साथ मिलने से सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत तक चढ़ गए। लगातार कारोबारी सत्रों में गिरावट के बाद दोनों सूचकांक ने बढ़त दर्ज की है।

बीएसई का सेंसेक्स 545.52 अंक उछलकर 85,220.60 अंक पर बंद हुआ। सत्र के दौरान 762.09 अंक बढ़ा था। वहीं, एनएसई का निफ्टी चार दिनों की गिरावट से उबरकर 190.75 अंक चढ़कर 26,129.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टाइटन और ट्रेंट के शेयर बढ़त में रहे। टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा के शेयरों में बिकवाली देखी गई। इस साल सेंसेक्स 7,081.59 अंक यानी 9% चढ़ा, जबकि निफ्टी में 2,484.8 अंक यानी 10.50% की तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में कारोबार के दौरान हल्की गिरावट देखी गई। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। मंगलवार को विदेशी निवेशकों (एफआईआई) ने 3,844.02 करोड़ के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6,159.81 करोड़ के शेयर खरीदे।

# वीआईएल के एजीआर बकाया पर सरकार ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सरकार ने वोडाफोन-आइडिया के लिए बड़े राहत पैकेज को बुधवार को मंजूरी दी। इसके तहत उसके बकाया भुगतान से पांच साल की मोहलत दी गई है। इससे कर्ज में फंसी दूरसंचार कंपनी को बड़ी राहत मिली है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के 87,695 करोड़ रुपये के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया पर रोक लगाने पर सहमति जतायी है जिसे संकटग्रस्त कंपनी को वित्त वर्ष से 2031-32 से 2040-41 तक चुकाना होगा।

● वोडाफोन-आइडिया को बड़ी राहत देते हुए दी गई पांच साल की मोहलत

एजीआर बकाया से तात्पर्य समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) के आधार पर दूरसंचार कंपनियों द्वारा सरकार को देय भुगतान से है। यह वह राजस्व है जिस पर दूरसंचार संचालकों को लाइसेंस शुल्क और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क का भुगतान करना होता है। इसमें सभी राजस्व शामिल हैं यहां तक कि गैर-दूरसंचार आय (जैसे ब्याज, किराया, परिसंपत्ति बिक्री) भी। इन बकाया राशियों के अलावा 2017-18 और 2018-19 से संबंधित एजीआर बकाया कंपनी द्वारा 2025-26 से 2030-31 के बीच बिना बदलाव के देय होगा।

# ईयू का कार्बन कर आज से होगा लागू

## भारतीय इस्पात, एल्युमीनियम निर्यातकों को नुकसान की आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी

यूरोपीय संघ (ईयू) का कुछ धातुओं पर कार्बन कर (सीबीएएम) 1 जनवरी से लागू होने जा रहा है, जिससे भारत के इस्पात एवं एल्युमीनियम निर्यात को झटका लग सकता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यूरोपीय संघ के 27 देशों का समूह उन वस्तुओं पर यह कर लगा रहा है, जिनके निर्माण के दौरान कार्बन उत्सर्जन होता है। इस्पात क्षेत्र में ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस (बीएफ-बीओएफ) मार्ग में उत्सर्जन सबसे अधिक होता है जबकि गैस आधारित डीआरआई में यह कम तथा कबाड़ (स्क्रैप) आधारित इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) में सबसे कम होता है। इसी तरह एल्युमीनियम में बिजली का स्रोत एवं ऊर्जा की खपत अहम भूमिका निभाती है। कोयले से उत्पादित बिजली से कार्बन बोझ बढ़ता है, जिससे सीबीएएम लागत भी अधिक होती है।

### छोटे निर्यातक ईयू बाजार से हो सकते हैं बाहर

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि ईयू में प्रवेश करने वाली भारतीय इस्पात एवं एल्युमीनियम की हर खेप पर कार्बन लागत जुड़ेगी क्योंकि सीबीएएम रिपोर्टिंग चरण से भुगतान चरण में प्रवेश करेगा। जटिल आंकड़ा और सत्यापन प्रक्रियाओं से अनुपालन लागत बढ़ेगी, जिससे कई छोटे निर्यातक ईयू बाजार से बाहर हो सकते हैं। उत्सर्जन का सही आकलन अब प्रतिस्पर्धा का आधार बन गया है। 2026 से उत्सर्जन आंकड़ों का स्वतंत्र सत्यापन अनिवार्य होगा और केवल ईयू-मान्यता प्राप्त या आईएसओ 14065 के अनुरूप सत्यापनकर्ताओं को ही स्वीकार किया जाएगा। आईएसओ 14065 पर्यावरणीय सूचना विवरणों के सत्यापन एवं प्रमाणीकरण करने वाले निकायों के लिए सिद्धांतों और आवश्यकताओं को निर्दिष्ट करता है। कम उत्सर्जन वाले उत्पादकों के लिए हालांकि सीबीएएम प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी बन सकता है। जीटीआरआई के अनुसार, भारत का ईयू को इस्पात एवं एल्युमीनियम निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 7.71 अरब डॉलर से घटकर 2025 में 5.82 अरब डॉलर रह गया जो 24.4 प्रतिशत की गिरावट है।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, कई भारतीय निर्यातकों को कीमतों में 15 से 22 प्रतिशत तक की कटौती करनी पड़ सकती है ताकि ईयू के आयातक उसी मुनाफे (मार्जिन) से सीबीएएम कर का भुगतान कर सकें। भारतीय निर्यातकों को सीधे तौर पर कर का भुगतान नहीं करना पड़ेगा क्योंकि यूरोपीय संघ स्थित आयातकों (जो अधिकृत सीबीएएम घोषणाकर्ता के रूप में पंजीकृत हैं) को आयातित वस्तुओं में निहित उत्सर्जन से संबंधित सीबीएएम प्रमाणपत्र खरीदने होंगे। इसका भार अंततः भारतीय निर्यातकों पर पड़ेगा।



# बंगाल में घुसपैठ और भ्रष्टाचार का खतरा मौजूद

## पूर्वी कोलकाता में कार्यकर्ताओं और नेताओं की बंद कमरे में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने ली बैठक

● शाह ने तय किया एजेंडा, जिम्मेदारियां सौंपीं, आरएसएस से समन्वय और चुनावी मुद्दों को दिया अंतिम रूप

कोलकाता, एजेंसी

भाजपा के लिए 2026 के पश्चिम बंगाल चुनाव की भूमिका तय करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को घुसपैठ और भ्रष्टाचार के मुद्दों को राज्य की सत्ता से तृणमूल कांग्रेस को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए पार्टी का मुख्य चुनावी हथियार बताया। पूर्वी कोलकाता के 'साइंस सिटी ऑडिटोरियम' में जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं की बंद कमरे में हुई बैठक में शाह ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के तहत घुसपैठ और भ्रष्टाचार ने संस्थागत रूप ले लिया है और यह महानगर इन बुराइयों के प्रभाव से ज्यादा समय तक अछूता नहीं रह पाएगा।

शाह भाजपा के कोलकाता महानगर क्षेत्र के बूथ स्तर और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। यह क्षेत्र शहर और आसपास की 28 विधानसभा सीटों को शामिल करता है। यह बैठक शाह के 48 घंटे के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान लगातार आयोजित बैठकों की श्रृंखला की अंतिम कड़ी थी। उन्होंने एजेंडा तय किए, नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं, राज्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ समन्वय किया और आगामी महीनों में चुनावी मैदान में उतरने के लिए मुद्दों को अंतिम रूप दिया। बैठक में शामिल कार्यकर्ता के अनुसार शाह ने कहा कि दिल पे लिख लो, इस बार हमारी सरकार। शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि घुसपैठ का खतरा साफ और मौजूद है और अगर इससे लड़ने के लिए लोग नहीं जागे तो शहरवासी जल्द ही इससे गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। उन्होंने सत्ता में आने के समय तृणमूल के मां-माटी-मानुष नारे का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने इन तीनों मूल्यों को अपने शासन में दूषित किया है। शाह ने कहा कि राज्य में महिलाएं असुरक्षित हैं, इसलिए 'मां' खतरे में है, बेहतर अवसरों के लिए लोग राज्य छोड़कर जा रहे हैं इसलिए मानुष के लिए जगह कम है और राज्य की माटी पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है।



कोलकाता में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल अमित शाह।

### विस चुनाव को लेकर की कार्य योजना पर चर्चा

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा की राज्य इकाई की तैयारियों का जायजा लेने के तहत अमित शाह ने पार्टी के वर्तमान एवं पूर्व जन प्रतिनिधियों के समक्ष कार्य योजना प्रस्तुत की तथा पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को मुख्य चुनावी चेहरों में से एक पेश किया। राज्य में भाजपा की गतिविधियों में अग्रणी भूमिका से पिछले कई महीनों से काफी हद तक दूर रहे घोष को भी बंद दरवाजे के भीतर हुई इस बैठक के लिए आमंत्रित किया गया था। ऐसा बताया जा रहा है कि शाह ने एक अलग बैठक की जिसमें घोष के साथ-साथ राज्य इकाई के एक अन्य पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, मौजूदा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और राज्य में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे।

### ममता बनर्जी पर शाह को धमकी देने का आरोप

भुवनेश्वर। भाजपा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए उन पर राज्य के दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी देने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह तानाशाही कर रही हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने बांकुड़ा जिले में जनसभा के दौरान कहा कि शाह कोलकाता के जिस होटल में ठहरे हुए हैं वहां से बाहर वह उनकी मर्जी से ही निकल पाए हैं। बनर्जी ने देश के गृह मंत्री को ऐसी भाषा में धमकी दी है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमने इसे देखा है।

# चलती कार में महिला से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में 25 वर्षीय विवाहित महिला से चलती वैन में सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद में उसे सड़क पर फेंक दिया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार देर रात तब घटी जब दोनों आरोपी परिवहन का इंतजार कर रही महिला को लिफ्ट की पेशकश की। दोनों उसे उसके गंतव्य के बजाय गुरुग्राम ले गए और कार में उससे दुष्कर्म किया। रात तीन बजे राजा चौक के पास तेज रफ्तार गाड़ी से महिला बाहर फेंक दिया। पुलिस के बताया कि महिला के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। उसकी हालत गंभीर है। पीड़िता की बहन ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के निवासी और फरीदाबाद में रह रहे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया है।

# विकास के लिए बुनियादी ढांचे का किया जा रहा निर्माण : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एक नया राजमार्ग बनाने और मौजूदा राजमार्ग को चौड़ा करने को मंजूरी देने के फैसले से आवागमन को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नासिक और सोलापुर के बीच छह-लेन वाले एक नए ग्रीनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी देने और ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग-326 के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी देने के बाद, प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, विकास के लिए अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा रहा है। मोदी ने कहा कि मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र में छह लेन वाले नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट ग्रीनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के अनुरूप यह महत्वपूर्ण परियोजना यात्रा के समय को काफी कम करेगी, पश्चिम से पूर्व की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी, आवागमन को बढ़ावा देगी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगी, जिससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग-326 के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी से राज्य की प्रगति को गति मिलेगी। मोदी ने कहा कि ओडिशा की प्रगति को गति मिलेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग-326 के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण परियोजना ओडिशा के गजपति, रायगढ़ और कोरापुट जिलों में यात्रा को तेज और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे, पर्यटन और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में समावेशी विकास में तेजी आएगी।

● बोले- प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना से देश के आर्थिक विकास को मिलेगी गति

# राजस्थान : कार से 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद

टोंक (राजस्थान), एजेंसी

● 200 कारतूस व सेफ्टी फ्यूज तार के छह बंडलों के साथ दो लोग गिरफ्तार

राजस्थान के टोंक जिले की पुलिस ने एक कार से 150 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, 200 कारतूस और सेफ्टी फ्यूज तार के छह बंडलों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार यह विस्फोटक सामग्री अरावली क्षेत्र में अवैध खनन स्थलों पर विस्फोट के लिए ले जाई जा रही थी।

पुलिस ने बताया कि जब्त सामग्री के स्रोत, इसे कहां ले जाया जा रहा था, संभावित उपयोग और किसी आपराधिक नेटवर्क से संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आरोपियों में बूंदी जिले के निवासी सुरेंद्र पटवा और सुरेंद्र मोची है। टोंक पुलिस उपाधीक्षक (नगर) मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि आरोपी विस्फोटक सामग्री को बूंदी से टोंक ले जा रहे थे। एनएच-52 पर गश्त के दौरान जब पुलिस ने उन्हें पकड़ा तो आरोपियों ने दावा किया कि वे बोरियों में कृषि उपयोग के लिए खाद ले जा रहे हैं। तलाशी पर बोरियों में अमोनियम नाइट्रेट मिला। इसके 200 कारतूस और 1,100 मीटर लंबाई के सेफ्टी फ्यूज तार के छह बंडल भी मिलें। विस्फोटक सामग्री ढोने के लिए इस्तेमाल की गई कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया गया है। मिश्रा ने बताया कि खुफिया सूचना के अनुसार नए साल की पूर्व संध्या पर बड़े पैमाने पर क्षेत्र में उत्सवों से पहले दहशत का माहौल बन गया। अमोनियम नाइट्रेट खुली खदानों और पत्थर की खानों में विस्फोट के लिए इस्तेमाल होने वाला प्रमुख घटक है।

# कारोबारी की अवैध गिरफ्तारी पर सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी व्यवसायी की उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई से बुधवार को इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने मामले में हाईकोर्ट जाने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और प्रशांत मिश्रा की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता उमंग रस्तोगी को राहत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख करने को कहा। पीठ ने संज्ञान लिया कि याचिकर्ता के पिता की गिरफ्तारी के संबंध में याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में है। न्यायालय ने कहा, आप पहले ही हाईकोर्ट जा चुके हैं। हाईकोर्ट को इस पर भी विचार करना चाहिए।


# ठंड-कोहरे की मार झेल रहा उत्तर भारत, जनजीवन प्रभावित

● वाहनों के पहिए थमे, कई राज्यों में स्कूल बंद, पहाड़ों पर बर्फबारी जारी

नई दिल्ली, एजेसी

देश का उत्तरी हिस्सा कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की मार झेल रहा है। ठंड से कई राज्यों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं तो कई में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। वहीं घने कोहरे से वाहन सड़कों पर रेंगते नजर आ रहे है, जिससे समूचे उत्तर भारत का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जहां कोहरे से बसें रेंग रही हैं, वहीं रेलगाड़ियां भी घंटों लेट चल रही हैं।

वहीं, दिल्ली बुधवार को घने कोहरे की चादर में लिपटी रही और वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। कई जगहों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) औसतन 384 रहा। 21 केंद्रों पर बहुत खराब और 16 केंद्रों पर 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई।



**असम में ठंड से स्कूल एक सप्ताह के लिए बंद :** ठंड को देखते हुए असम के कई जिले में स्कूलों को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया गया है। आईएमडी ने कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और हल्के कोहरा का पूर्वानुमान जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है।

### कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

**श्रीनगर।** कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई। साथ ही मौसम विभाग ने 24 घंटे में हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी के बावजूद, घाटी में असामान्य रूप से मौसम गर्म रहा, जहां तापमान सामान्य से तीन से सात डिग्री अधिक है।

### झारखंड में घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी

**रांची।** आईएमडी ने झारखंड में अगले दो दिन तक घने कोहरे की आशंका को देखते हुए बुधवार को येलो अलर्ट जारी किया। आईएमडी के अनुसार, गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में घना कोहरा छाया रहेगा। ।

### राजस्थान में करौली सबसे ठंडा

**जयपुर।** राजस्थान के करौली का तापमान 4.6 डिग्री रहा। अलवर में पारा 6.5, दौसा में 6.6, टोंक में 6.9, पिलानी में 8.8, चूरू में 9.1 और भीलवाड़ा में 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। कई जिलों में बारिश और राज्य के उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में बेहद घना कोहरा छाने की आशंका है।

## नव विहान की दस्तक...



जयपुर के जल महल के ऊपर से बुधवार शाम को ओझल होता सूर्य जहां वर्ष 2025 के बीतने का संदेश दे रहा है वहीं नव वर्ष 2026 के आगमन की दस्तक भी दे रहा है। यह भी कि आने वाला कल शुभ होगा।

# गणतंत्र दिवस परेड में दिखाई देगी सेना के मूक योद्धाओं की झलक

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार कर्तव्य पथ पर सेना के मार्चिंग दस्तों और हथियारों के साथ-साथ देश की रक्षा में प्राणों की बाजी तक लगाने वाले उसके 'मूक योद्धाओं' यानी पशु दस्ते की झलक भी देखने को मिलेगी। यह एक विशेष और भावनात्मक दृश्य होगा जिसमें सेना के पशु दस्ते पहली बार र संगठित रूप में परेड में शामिल होंगे। ये पशु न केवल सेना की ताकत का प्रतीक होंगे बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की रक्षा में उनके योगदान को कितनी अहम जगह दी जाती है। इस विशेष दस्ते में दो बैक्ट्रियन ऊंट , चार ज़ांस्कर पोनी, चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स), सेना के दस देसी श्वान और 6 पारंपरिक सैन्य श्वान शामिल होंगे।



### सेना के भरोसे पर खरे उतरे हैं श्वान

● परेड का सबसे भावुक हिस्सा भारतीय सेना के श्वान होंगे जिन्हें प्यार से मूक योद्धा कहा जाता है। इन श्वान को मेरठ स्थित रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर में प्रशिक्षित किया जाता है। ये आतंकवाद विरोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। कई मौकों पर इन श्वान ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। आत्मनिर्भर भारत के तहत सेना अब मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसी भारतीय नस्लों के कुत्तों को भी बड़े स्तर पर शामिल कर रही है। यह भारत की अपनी क्षमताओं पर बढ़ते भरोसे का साफ संकेत है।

### देश की रक्षा में पशुओं का भी योगदान

● गणतंत्र दिवस परेड में जब ये पशु कर्तव्य पथ से गुजरेंगे तो यह याद दिलाएंगे कि देश की रक्षा सिर्फ हथियारों से नहीं होती। सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर लद्दाख के ठंडे रेगिस्तान तक, इन पशुओं ने चुपचाप लेकिन मजबूती से अपना फर्ज निभाया है। ये सिर्फ सहायक नहीं हैं, बल्कि भारतीय सेना के सच्चे साथी और चार पैरों पर चलने वाले वीर योद्धा हैं।

### बैक्ट्रियन ऊंट

● पशु दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊंट करेंगे, जिन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। ये ऊंट बहुत ठंडे मौसम और 15,000 फुट से ज्यादा ऊंचाई पर आसानी से आ-जा सकते हैं। ये 250 किलो तक सामान ढो सकते हैं और कम चारे-पानी में लंबी दूरी तय करते हैं। इससे सेना को दूरदराज और कठिन इलाकों में रसद पहुंचाने में बड़ी मदद मिलती है।

### पोनी और रैप्टर्स

● परेड में जांस्कर पोनी जो लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल हैं। छोटी होने के बावजूद जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है। ये शून्य से 40 डिग्री कम तापमान और अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकती हैं। चार शिकार पक्षी (रैप्टर्स) भी परेड में शामिल होंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जर्मनी में बैंक से उड़ाए तीन करोड़ यूरो

**बर्लिन।** जर्मनी के एक बैंक की छुट्टियों में उस समय खलल पड़ गई जब कुछ चोरों ने एक बड़ी ड्रिल की मदद से बैंक के वॉल्ट में घुसकर तीन करोड़ यूरो (3.5 करोड़ डॉलर) की नकदी, सोना और गहने चुरा लिए। पुलिस और बैंक ने बताया कि पश्चिमी शहर गेल्सेंकिर्चेन में हुई इस घटना में गैंग ने 3,000 से ज़्यादा डिपॉजिट बॉक्स तोड़ दिए और लूट का सामान लेकर भाग निकले और अभी भी फरार हैं। मंगलवार को सैकड़ों बैंक ग्राहक ब्रांच के बाहर जमा हो गए और जानकारी की मांग करने लगे।

### ईरान-वेनेजुएला नए अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान और वेनेजुएला के बीच कथित तौर पर हो रहे हथियारों के व्यापार को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों देशों की 10 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिका का आरोप है कि तेहरान, वेनेजुएला को पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति कर रहा है, जिससे अमेरिकी सुरक्षा हितों को खतरा पैदा हो गया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि इन प्रतिबंधों का उद्देश्य ईरान और वेनेजुएला के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग को रोकना है।

### डॉ. जोशी को एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के सुप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य एवं समाजसेवी डॉ. (वैद्य) शिवशंकर जोशी को नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन में एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# बेगम खालिदा जिया राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक

## पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बगल में दफनाया गया

● **संसद परिसर में पढ़ी गई जनाजे की नमाज, उमड़े लाखों समर्थक**

**ढाका, एजेंसी**

बंगलादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री एवं देश की राजनीति की दिग्गज शख्सियत बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों के भारी भीड़ के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मंगलवार की सुबह बेगम जिया का 80 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बुधवार की सुबह सात बजे नमाज-ए-जनाजा निकला तो ढाका एवं अन्य जिलों से लोगों का काफिला उमड़ पड़ा। बेगम जिया को उनके पति और बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बगल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

इसके पूर्व कड़ी सुरक्षा के बीच खालिदा जिया के जनाजे की नमाज अदा की गई। नमाज-ए-जनाजा बुधवार दोपहर को मानिक मियां एवेन्यू में अदा की गई। बैतुल मुकर्रम राष्ट्रीय मस्जिद के खतीब मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल मलिक ने जनाजे की नमाज अदा की, जबकि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की स्थायी समिति के सदस्य नजरुल इस्लाम खान ने जिया की संक्षिप्त जीवनी पढ़ी। अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस, प्रधान न्यायाधीश जुबैर रहमान चौधरी और खालिदा जिया के बेटे एवं बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों, अंतरिम सरकार के सलाहकारों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और वरिष्ठ सरकारी एवं सैन्य अधिकारियों के साथ जनाजे की नमाज में शामिल हुए। जिया के बड़े बेटे रहमान ने नमाज से पहले वहां मौजूद लोगों से कहा कि कृपया अल्लाह से दुआ करें कि उन्हें जन्नत में जगह मिले। बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रहीं जिया की नमाज-ए-जनाजा में लाखों लोग शामिल हुए। लोगों ने जिया की आत्मा की शांति के लिए दुआ की।



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में संसद भवन के बाहर पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नमाज-ए-जनाजा के दौरान लाखों की संख्या में उनके प्रशंसक एवं समर्थकों की भीड़ उमड़ी, उनकी तस्वीर वाला झंडा लहराता एक समर्थक।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत की ओर से व्यक्त की संवेदना

ढाका। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र सौंपा। जयशंकर पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शमिल होने के लिए यहां पहुंचे हैं। ढाका पहुंचने के तुरंत बाद जयशंकर ने बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष और जिया के सबसे बड़े बेटे रहमान से मुलाकात की और तीन दशकों से अधिक समय तक देश की राजनीति पर अपना दबदबा बनाए रखने वाली इस महान नेता के निधन पर भारत की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा कि मैंने उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र सौंपा। मैंने भारत सरकार और जनता की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शोक व्यक्त किया था।

# ईडी ने लंदन में बकिंघम पैलेस के पास कुर्क की 150 करोड़ की संपत्ति

● **बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में एजेंसी ने की कार्रवाई**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कपड़ा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एस. कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड और उसके पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नितिन कासलीवाल से जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी और धनशोधन मामले में लंदन में बकिंघम पैलेस के पास स्थित 150 करोड़ रुपये मूल्य की एक अचल संपत्ति को कुर्क किया है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को कहा कि इस संपत्ति को कुर्क करने के लिए मंगलवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि बकिंघम पैलेस के पास स्थित 150 करोड़ रुपये मूल्य की यह उच्च मूल्य वाली संपत्ति नितिन शंभुकुमार कासलीवाल और उनके परिवार के सदस्यों के लाभकारी स्वामित्व में है। ईडी के अनुसार, कासलीवाल पर भारतीय बैंकों के एक संघ ने लगभग 1,400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। विदेश में स्थित संपत्ति को कुर्क करने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उस देश की समकक्ष एजेंसियों से संपर्क करता है ताकि धनशोधन रोधी कानून के आपराधिक प्रावधानों के तहत ऐसी संपत्ति का कब्जा लिया जा सके।



एजेंसी ने आरोप लगाया कि नितिन कासलीवाल ने एस. कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड के माध्यम से बैंकों के एक संघ के साथ धोखाधड़ी की और विदेशी निवेश की आड़ में धनराशि को भारत से बाहर भेज दिया। इसके बाद उन्होंने विदेशों में कई अचल संपत्ति खरीदीं जिन्हें विदेशी क्षेत्रों में निजी ट्रस्ट और कंपनियों की जटिल संरचना के माध्यम से छिपाया गया। ईडी ने इस मामले में 23 दिसंबर को छापेमारी की थी और कुछ दस्तावेज तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए थे। एजेंसी ने कहा कि उक्त सामग्री के विस्तृत विश्लेषण से पता चला कि नितिन कासलीवाल ने ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स, जर्सी और स्विट्जरलैंड सहित, कर चोरी के मामले में पनाहगाह माने जाने वाले कई देशों में ट्रस्ट और कंपनियों का एक जटिल नेटवर्क स्थापित किया था।

एजेंसी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि नितिन कासलीवाल ने कैथरीन ट्रस्ट (पूर्व में सूर्या ट्रस्ट) की स्थापना की थी, जिसमें वह और उनके परिवार के सदस्य मुख्य लाभार्थी थे। बयान के अनुसार, यह ट्रस्ट जर्सी और ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में स्थित कैथरीन प्रॉपर्टी होल्डिंग लिमिटेड (सीपीएचएल) नामक कंपनी को नियंत्रित करता था जिसके पास लंदन में स्थित उस अचल संपत्ति का स्वामित्व था जिसे अब कुर्क किया गया है।

# क्वाड देशों के राजदूतों ने बीजिंग में की बैठक

**बीजिंग।** चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के सदस्य देशों अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के राजदूतों ने बीजिंग में सार्वजनिक रूप से प्रचारित दुर्लभ बैठक की। अमेरिकी राजदूत डेविड परड्यू ने एक्स पर एक तस्वीर साझा की और बताया यह बैठक बीजिंग स्थित अमेरिकी दूतावास में मंगलवार को हुई। परड्यू ने पोस्ट में चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने में एक सकारात्मक शक्ति है। बीजिंग में चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद के सदस्य देशों के राजदूतों से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि चार देशों-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान-के बीच संबंध स्थिर और मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने चारों राजदूतों की तस्वीर साझा की जिसमें बीजिंग में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत भी नजर आ रहे हैं। भारतीय दूतावास ने बैठक पर टिप्पणी नहीं की है।

# म्यांमार में आम चुनाव के पहले चरण में 52% वोटिंग

● **1.17 करोड़ वोटरों में 60.9 लाख से अधिक ने डाले वोट**

**यांगून, एजेंसी**

म्यांमार में हाल ही में हुए आम चुनाव के पहले चरण में 52.13 प्रतिशत मतदान हुआ। राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा परिषद की सूचना टीम के नेता जाव मिन टुन ने मंगलवार देर रात यह जानकारी दी। टुन ने कहा कि चुनाव का पहला चरण 28 दिसंबर को संपन्न हुआ जिसमें देश के 330 कस्बों में से 102 कस्बों में मतदान हुआ जो कुल का तकरीबन एक तिहाई हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि म्यांमार में 2025 के आम चुनाव में 2.42 करोड़ से ज्यादा मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल करने के पात्र हैं, पहले चरण के लिए 1.17 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत थे। जिनमें से 60.9 लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि आम चुनाव में कुल 57 राजनीतिक दल के उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं, जिनमें छह दल राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव लड़ रहे हैं। कुल मिलाकर 4,863 संसदीय उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। टुन ने कहा कि आम चुनाव के पहले चरण की निगरानी के लिए नौ देशों की पर्यवेक्षक टीमों ने मतदान केंद्रों का दौरा किया।

इसके अलावा म्यांमार में स्थित 14 विदेशी दूतावासों के 31 कर्मचारियों, 52 स्थानीय मीडिया संगठनों, 1,177 पत्रकारों, 61 विदेशी मीडिया संगठनों और 215 विदेशी पत्रकारों ने चुनाव प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन, काचिन, कायाह, कायिन, तनिंथारी, सागाइंग एवं मांडले क्षेत्रों और राज्यों के 11 कस्बों में बारूदी सुरंगों, विस्फोटकों एवं वाहनों को अवरुद्ध करने जैसी घटनाएं हुईं।

# अवैध रूप से बनाया गया था गोवा का नाइट क्लब

● **मजिस्ट्रेट ने अपनी जांच रिपोर्ट में किया खुलासा**

**पणजी, एजेंसी**

गोवा के जिस नाइटक्लब में दिसंबर के पहले सप्ताह में आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई, वह अवैध रूप से बनाया गया था और बिना लाइसेंस के संचालित किया जा रहा था। राज्य सरकार के निर्देश पर हुई मजिस्ट्रेट जांच की रिपोर्ट में बुधवार को यह खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव में स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' बिना वैध लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित किया जाता रहा और स्थानीय पंचायत ने संपत्ति को सील करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की। रिपोर्ट के अनुसार, छह दिसंबर की रात प्रतिष्ठान में उचित सावधानी व सतर्कता बरते बिना तथा पर्याप्त अग्नि-सुरक्षा उपकरणों के बगैर आतिशबाजी की गई जिसके कारण आग लग गई। इस हादसे में नाइटक्लब के कर्मचारियों और पर्यटकों समेत 25 लोगों की मौत हो गई थी।

# पेरू में ट्रेनें भिड़ीं, एक की मौत, 30 घायल

● **दोनों ट्रेनों की टक्कर के बाद संबंधित मार्ग पर ट्रैफिक ठप**

**लीमा (पेरू), एजेंसी**

पेरू के प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थल माचू पीचू जा रही दो ट्रेनों के बीच मंगलवार को टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और करीब 30 यात्री घायल हो गए। कुज्को पुलिस विभाग के कैप्टन जोनाथन कास्टिलो गोंजालेज ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाला व्यक्ति रेलवे का कर्मचारी था।

गोंजालेज ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हादसे के बाद कुज्को को माचू पीचू से जोड़ने वाली रेल सेवा निलंबित कर दी गई। रेलवे का संचालन करने वाली कंपनी के अनुसार, माचू पीचू से आ रही एक ट्रेन दोपहर के समय कोरीवायराचिना के पास एक अन्य ट्रेन से टकरा गई। फिलहाल, ट्रेन हादसे के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। **स्टॉकहोम में**



**बस हादसे 16 मुसाफिर घायल**

**हेलसिंकी।** दक्षिणी स्टॉकहोम के लिल्जेहोल्मेन जिले में मंगलवार दोपहर एक बस एक इमारत से टकरा गई जिसमें कुल 16 लोग घायल हो गए। सात लोगों को अस्पताल ले जाया गया जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल थे

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जनवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 22.22 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- शिशिर।

**चन्द्रबल**-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

**ताराबल**- अश्विनी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-रोहिणी 22.48 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** — आज जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है। आपके आदर्शों और व्यवहार की प्रशंसा होगी। व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है।

**वृष** — आज बड़े अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धार्मिक आयोजन में जानें का अवसर मिल सकता है। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। बाहरी लोगों पर अपना समय बर्बाद न करें। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन** — आज आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों का व्यवहार अच्छा नहीं रहेगा। घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

**कर्क** — आज संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में भावुकता में आकर निर्णय न लें। जॉब को लेकर इंटरव्यू दे रहे हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी। समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पाएंगे। शाम के समय बाहर डिनर के लिए जा सकते हैं। बच्चों के साथ समय बिताएंगे।

**कन्या** — आज अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। मन में अज्ञात भय पनप सकता है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें।

**तुला** — आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। ऑफिस में आपके कार्यों की लोग आलोचना कर सकते हैं। आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी सरकारी मामले में विजय होने की संभावना है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**धनु** — आज आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट रहेंगे। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे, वे आपको प्राप्त हो सकते हैं।

**मकर** — आज विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। अपने गुस्से को नियंत्रित करके शांति से काम लें। करियर को लेकर किसी से ज्यादा सलाह लेना उचित नहीं है। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे।

**कुंभ** — आज पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। कोर्ट केस में विजय मिल सकती है। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी।

**मीन** — आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। निर्माण कार्यों में प्रगति होगी। परिवार के साथ बैठकर गंभीर विषयों पर चिंतन करेंगे। सरकारी कार्यों से धन लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे।

## सुडोकू -19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | | | | |
| 3 | | | | 7 | | | | 8 |
| | 5 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 1 | 3 | | | 7 |
| | 1 | | 4 | | 5 | | 8 | |
| 5 | | | 6 | 9 | | 2 | 4 | |
| | | 7 | | | 2 | 1 | 5 | |
| 9 | | | | 4 | | | | 3 |
| | | | | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 |



दौड़ने से अनुशासन, विश्वास और दृढ़ता सीखने को मिलती है, जो आपके साथ हमेशा रहती है। मुझे टाटा मुंबई मैराथन के 21वें सत्र का हिस्सा बनकर गर्व महसूस हो रहा है।
-आंद्र डि ग्रासे, फर्राटा धावक



अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### ली और कॉप ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ शुरू की ट्रेनिंग

**मडगांव (गोवा)।** दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी ऑलराउंडर मरिजाने कॉप और उनकी हमवतन लिजेल ली आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से पहले दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र में शामिल हो गई हैं। भारतीय खिलाड़ी तानिया भाटिया, निकी प्रसाद, मीनू मणि, ममता मडीवाला, दीया यादव और नंदनी शर्मा भी शिविर में शामिल हो गई हैं। तीन बार फाइनल में पहुंची दिल्ली कैपिटल्स अपने डब्ल्यूपीएल 2026 अभियान की शुरुआत 10 जनवरी को नवी मुंबई में मुंबई इंडियंस के खिलाफ करेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम मुख्य कोच जोनाथन बैटी की देखरेख में ट्रेनिंग कर रही है और मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला खत्म होने के बाद भारतीय टीम की अन्य खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगी। सत्र पूर्व शिविर के बारे में बात करते हुए बैटी ने कहा हमारी टीम में कुछ नए चेहरे हैं इसलिए टीम का घुलना मिलना अच्छा होगा। गोवा का मौसम तैयारियों के लिए एकदम सही है।

### साई के नए केंद्र का खेलमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरु स्थित नेताजी सुभाष दक्षिण केंद्र को नया अत्याधुनिक हाई परफॉर्मेंस केंद्र मिलने जा रहा है जिसके शिलान्यास समारोह का खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को वर्चुअल उद्घाटन किया। करीब 75 करोड़ की लागत से बनने वाले प्रस्तावित केंद्र को हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से सीएसआर सहयोग के द्वारा स्थापित किया जायेगा जो इसके लिये 60 करोड़ रूपये देगा। साइ के सूत्र के अनुसार यह अगले 12 महीने में तैयार हो जायेगा। खेल मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार इससे भारत के एलीट खिलाड़ियों की तैयारियों का इकोसिस्टम मजबूत होगा चूंकि उन्हें एक छत के नीचे विश्व स्तरीय खेल विज्ञान और सहायक सुविधायें मिल सकेंगी।

### आईसीसी ने ईडन गार्डन्स पिच को संतोषजनक बताया

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स पिच को संतोषजनक रेटिंग दी है। इस मैदान पर 14 नवंबर से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट खेला गया था, और मैच तीन दिनों के अंदर खत्म हो गया, जिसमें भारत को मेहमान टीम से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, सतह की कोई निंदा नहीं हुई। "यह बिल्कुल वैसी ही पिच थी जिसकी हम तलाश कर रहे थे। यह बिल्कुल वैसी ही पिच है और मुझे लगता है कि क्यूरेटर बहुत, बहुत मददगार थे। और हम बिल्कुल यही चाहते थे। और हमें बिल्कुल यही मिला। जब आप अच्छा नहीं खेलते हैं, तो ऐसा ही होता है," भारत के कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम के 30 रनों से हारने के बाद कहा था, जब वे 124 रनों का पीछा करने में नाकाम रहे। हालांकि, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने गुवाहाटी पहुंचने पर गंभीर की बात का खंडन किया – जो दूसरे टेस्ट का स्थान था, उन्होंने कहा कि कोई भी कोलकाता जैसी पिच नहीं चाहता था। पिच ने पहले दिन से ही तेज टर्न दिया।

# भारतीय खेलों के लिए व्यस्त रहेगा 2026

## अंडर-19 विश्व कप से शुरुआत और विश्व शतरंज से होगा वर्ष का समापन

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारतीय खेलों के लिए वर्ष 2026 रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। इसमें विभिन्न खेलों में विश्व खिताब दाव पर होंगे। ओलंपिक क्वालीफिकेशन का नया सत्र शुरू होगा, जिससे लॉस एंजिलिस खेल 2028 के टिकट कटाने का मौका मिलेगा। भारत के नए और पुराने खिलाड़ी अगले साल की चुनौतियों के लिए तैयार हो रहे हैं। वैभव सूर्यवंशी समेत कई नए खिलाड़ी आकर्षण का केंद्र रहेंगे ऐसे में पीटीआई ने नए साल के खेल कैलेंडर पर नजर डाली है। पेश है विवरण।

### जनवरी, फरवरी, मार्च

साल की पहली तिमाही क्रिकेट को समर्पित होगी, क्योंकि देश के पसंदीदा खेल में इस साल तीन विश्व कप हैं। यह 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप से शुरू होगा, जहां वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे उभरते हुए युवा सितारों पर करीब से नजर रखी जाएगी। इस आयु वर्ग के फाइनल के एक दिन बाद सीनियर पुरुष टीम भारत और श्रीलंका की मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब के बचाव के लिए उतरेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन 12 जनवरी से एक फरवरी के बीच आयोजित होगा, लेकिन भारत की चुनौती असरदार नहीं है। बैडमिंटन ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप तीन मार्च से शुरू होगी जिसमें पीवी सिंधु और बाकी भारतीय खिलाड़ी 2025 की नाकामी से उबरना चाहेंगे। भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है कि एक मार्च से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रहे एएफसी महिला एशियाई कप में लंबे समय बाद भारतीय टीम खेलते नजर आएगी।





पीवी सिंधु।

### अप्रैल, मई, जून

मार्च के आखिर से अप्रैल तक साइप्रस में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट खेला जाएगा। जिससे विश्व चैम्पियनशिप खिताब के चैलेंजर का पता चलेगा। अभी भारत के डी गुकेश विश्व चैम्पियन हैं। मंगोलिया में एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप खेली जाएगी। दोनों टूर्नामेंट 28 मार्च से शुरू होंगे जिसमें ओपन वर्ग में भारत के आर प्रज्ञानानंदा और महिला वर्ग में आर वैशाली, कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख भाग लेंगे। शतरंज टूर्नामेंट 16 अप्रैल तक चलेगा और मुक्केबाजी टूर्नामेंट 11 अप्रैल को खत्म होगा। एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप एक से दस अप्रैल तक अहमदाबाद में खेली जायेगी। इसके बाद 24 अप्रैल से तीन मई तक थॉमस और उबेर कप बैडमिंटन खेला जाएगा। इसके कुछ दिन बाद आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैम्पियनशिप फाइनल्स लंदन में 28 अप्रैल से दस मई तक चलेगा जिसके लिये भारतीय महिला और पुरुष टीमों ने क्वालीफाई कर लिया है। जून में महिला टी20 विश्व कप होगा जिसमें हरमनप्रीत कौर की टीम 2025 में वनडे विश्व कप की सफलता को दोहराना चाहेगी। एथलेटिक्स सत्र की शुरूआत मई में डायमंड लीग से होगी जिसमें भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा पर नजरें होंगी। मई में फ्रेंच ओपन और जून में विंबलडन खेला जाएगा। इसके बाद अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में संयुक्त रूप से फीफा विश्व कप फुटबॉल का आयोजन होगा।



कोनेरू हम्पी।

### जुलाई, अगस्त, सितंबर

राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक ग्लास्गो में आयोजित होंगे जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन में देखने को मिलेगा। निशानेबाजी, कुश्ती और हॉकी जैसे खेलों को बजट में कटौती के लिए रोस्टर से हटा दिया गया है। इन खेलों के बाद दिल्ली में 17 अगस्त से विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप होनी है। नीदरलैंड और बेल्जियम में 14 अगस्त से हॉकी विश्व कप शुरू होगा। भारतीय पुरुष टीम एशिया कप जीतकर विश्व कप का टिकट कटा चुकी है जबकि महिला टीम मार्च में हैदराबाद में क्वालीफायर खेलेगी। इसी दौरान भुवनेश्वर में 22 अगस्त से विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर रजत स्तर का टूर्नामेंट होगा। जापान के नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक एशियाई खेलों का आयोजन होगा। इसमें हॉकी में स्वर्ण जीतने वाली टीम लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटायेगी जबकि निशानेबाजी में भी कोटा स्थान होंगे। एथलेटिक्स में डायमंड लीग फाइनल चार से पांच सितंबर तक ब्रसेल्स में होगा। शतरंज ओलंपियाड का 46वां सत्र सितंबर में ताशकंद में खेला जाएगा।

### अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर

बहरीन में 24 अक्टूबर से विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप होगी। इसके बाद भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप 27 अक्टूबर से आठ नवंबर तक खेली जाएगी। एक नवंबर से दोहा में आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप होगी। दिसंबर में विश्व शतरंज चैम्पियनशिप होगी जिसकी तारीख और स्थान अभी तय नहीं है।




श्रीलंका के खिलाफ एक मैच में विकेट लेने बाद जश्न मनाती दीप्ति शर्मा। फाइल फोटो

# दीप्ति शर्मा ने बनाया एक और रिकॉर्ड

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बनीं

ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में महिला और पुरुष वर्ग दोनों में सबसे अधिक विकेट लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गई है। दीप्ति ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पांचवें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में नीलाक्षिका सिल्वा को आउट कर मेगन शट के 151 विकेटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उन्होंने 2016 में पर्दापण के बाद से 133 मैचों में अपना 152वां टी-20 विकेट लेकर यह मुकाम हासिल किया।

इसी के साथ दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस सूची में पाकिस्तान की निदा डार 144 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। रवांडा की हेनरीट इशिम्वे 117 मैचों में 144 विकेट के साथ चौथे तथा इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 101 मैचों 142 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर है। इस उपलब्धि के साथ ही दीप्ति शर्मा महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने के झूलन गोस्वामी के रिकॉर्ड के करीब पहुंच रही हैं। दीप्ति के पास (टेस्ट में 20, एकदिवसीय में 162 और टी-20 में 152 विकेट) सहित कुल 334 विकेट हैं, जबकि गोस्वामी ने (टेस्ट में 44, एकदिवसीय में 255, टी-20 में 56 विकेट) कुल 355 विकेट के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट 335 विकेट के साथ दीप्ति से ठीक आगे हैं।

# यूपी की लगातार चौथी जीत जुयाल ने बनाए नाबाद 150 रन

**राजकोट, एजेंसी**

### विजय हजारे ट्रॉफी

- वीजेडी प्रणाली से असम को 58 रनों से हराया

उत्तर प्रदेश ने आर्यन जुयाल के नाबाद 150 रन की बदौलत बुधवार को यहां बारिश से प्रभावित विजय हजारे ट्रॉफी मैच में 'वीजेडी' प्रणाली से असम पर 58 रन से जीत दर्ज कर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। असम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसमें कप्तान सुमित घडीगांवकर ने 86 गेंद में शानदार 101 रन बनाए। उनके अलावा सिबशंकर रॉय ने 83 गेंद में 82 रन की पारी खेली। लेकिन जीशान अंसारी (60 रन देकर तीन विकेट) और विप्रज निगम (66 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने असम की टीम 48.4 ओवर में 308 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए जुयाल ने 140 गेंद की नाबाद पारी में 15 चौके और तीन छक्के जड़े। उन्होंने पिछले तीन मैच में से दो में 80 और 134 रन बनाए थे। वह फिलहाल विकेटकीपिंग नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह जिम्मेदारी ध्रुव जुरेल संभाल रहे हैं। जुयाल को प्रियम गर्ग का अच्छा साथ मिला जिन्होंने पांच चौके की मदद से 53 गेंद में 52 रन बनाए जबकि कप्तान रिंकू सिंह ने 15 गेंद में 37 रन का योगदान दिया। जब बारिश के कारण खेल रुका तो उत्तर प्रदेश ने 42 ओवर में दो विकेट पर 291 रन बना लिए थे। और अंत में उसे 'वीजेडी' प्रणाली से विजेता घोषित किया गया।



आर्यन जुयाल।

मुकेश कुमार और आकाश दीप ने अपनी बेहतरीन गेंदों से कहर बरपाया जिससे बंगाल ने जम्मू कश्मीर को कम स्कोर वाले मुकाबले में नौ विकेट से शिकस्त दी। गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए मुकेश (16 रन देकर चार विकेट) और आकाश (32 रन देकर चार विकेट) ने चार-चार विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी ने 14 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। इससे बंगाल ने जम्मू कश्मीर को 20.4 ओवर में महज 63 रन पर ऑल आउट कर दिया। केवल कप्तान पारस डोगरा (19) और शुभम खजूरिया (12) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए जबकि तीन बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाए। अभिषेक पोरेल (30) और सुदीप कुमार घरामी (25) ने 9.3 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर बंगाल को तीसरी जीत दिलाई जिससे टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई। तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे ने निरंजन शाह स्टेडियम में चार विकेट झटककर विदर्भ को चंडीगढ़ पर आठ विकेट से जीत दिलाई जो टूर्नामेंट में उनकी तीसरी जीत थी।

नालकंडे (33 रन देकर तीन विकेट) के अलावा नचिकेत भुटे (18 रन देकर दो विकेट) और दीपेश परवानी (22 रन देकर दो विट) ने भी गेंद से प्रभावित किया जिससे विदर्भ ने चंडीगढ़ को 29.1 ओवर में 113 रन पर ऑल आउट कर दिया।

## मुंबई ने गोवा को 87 रनों से हराया

**जयपुर।** सरफराज खान ने बुधवार को यहां 75 गेंद में 14 छक्कों की मदद से 157 रन की विस्फोटक पारी खेलकर 2025 का अंत शानदार अंदाज में किया जिसकी बदौलत मुंबई की टीम विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप सी मुकाबले में गोवा को 87 रन से हराकर नॉकआउट चरण के करीब पहुंच गई।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शानदार फॉर्म में रहे सरफराज ने 56 गेंद में शतक पूरा किया जो उनका लिस्ट ए क्रिकेट में तीसरा शतक था। मुंबई ने इसकी मदद से आठ विकेट पर 444 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर गोवा को नौ विकेट पर 357 रन पर रोक दिया। अब बचे हुए तीन मैच में से एक और जीत उसे निश्चित रूप से क्वार्टर-फाइनल में पहुंचा देगी। यशस्वी जायसवाल (46) ने 'गैस्ट्राइटिस' के कारण राष्ट्रीय वनडे चैंपियनशिप के शुरुआती सप्ताह से बाहर रहने के बाद वापसी की और इसी दिन सरफराज पूरी तरह छाए रहे। उन्होंने गोवा के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए अपनी पारी के दौरान नौ चौके और 14 छक्के लगाए। सरफराज के 14 छक्कों में से 10 ऑफ स्पिनर ललित यादव (93 रन देकर दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर दर्शन मिसाल (98 रन देकर तीन विकेट) के खिलाफ लगे।

### चौथे गोल का जश्न



लंदन में आर्सेनल और एस्टन विला के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग सॉकर मैच के दौरान अपनी टीम का चौथा गोल करने के बाद जश्न मनाते आर्सेनल के गैब्रियल जीसस। ● एजेंसी

# कार्लोस के दिल की सर्जरी हुई

**मैड्रिड, एजेंसी**


ब्राजील और रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर रॉबर्टो कार्लोस की हृदय से जुड़ी समस्या के लिए सर्जरी हुई है। स्पेन के दैनिक खेल समाचार पत्र डियारियो एएस ने बुधवार को यह खबर दी।

मैड्रिड के मौजूदा एंबेसडर और 52 साल के पूर्व फुल बैक खिलाड़ी कार्लोस कथित तौर पर अपने देश में छुट्टियां मना रहे थे जब एक जांच में हृदय में समस्या का पता चला। कार्लोस ने शुरू में अपने पैर में खून के एक छोटे थक्के के लिए परीक्षण करवाए थे। हालांकि शरीर के पूर्व एमआरआई से पता चला कि उनका हृदय ठीक से काम नहीं कर रहा था। उन्हें 'कैथेटर' डालने की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ऑपरेशन 40 मिनट तक चलने वाला था लेकिन एक जटिलता के कारण इसमें लगभग तीन घंटे लग गए। यह प्रक्रिया सफल रही। कार्लोस को खतरे से बाहर बताया जा रहा है लेकिन डॉक्टर उन पर करीबी नजर रखे हुए हैं और उबरने की प्रक्रिया के तहत उन्हें 48 घंटे अस्पताल में रहना होगा। समाचार पत्र ने कहा कि उसने ब्राजील के पूर्व स्टार और उनके साथियों से संपर्क किया तथा उनके हवाले से कहा मैं अब ठीक हूं। अब तक के सबसे 'अटैकिंग लेफ्ट बैक' में से एक कार्लोस ने ब्राजील के लिए 125 मैच खेले। वह मैड्रिड में 11 साल तक खेले। कार्लोस उस विश्व कप टीम के सदस्य थे जो 1998 में फाइनल में पहुंची और 2002 में ट्रॉफी जीती।

# फुटबॉल महासंघ ने क्लबों से कहा लीग में हिस्सा लेने की करें पुष्टि

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- प्रतियोगिता में खेले जाने वाले मुकाबलों की सही संख्या का करना है आकलन

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को क्लबों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के देर से शुरू होने वाले सत्र और प्रस्तावित प्रारूप में अपनी भागीदारी की पुष्टि एक दिन के अंदर करने को कहा जिससे कि वह महाद्वीपीय संस्था को प्रतियोगिता में खेले जाने वाले मुकाबलों की सही संख्या बता सके।

आईएसएल 2025-26 अभी शुरू नहीं हुआ है, जिससे यह तय है कि क्लब एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) चैंपियन्स लीग दो में खेलने का पात्र होने के लिए शीर्ष डिविजन लीग और घरेलू कप में जरूरी 24 मैच नहीं खेल पाएंगे। इस संदर्भ में आईएसएल क्लबों ने एआईएफएफ से अपील की थी कि वह एएफसी से कम से कम 24 मैच खेलने की जरूरत में एक बार छूट देने का आग्रह करे जिससे कि वे एसीएल दो में खेल सकें।

क्लबों के प्रतिनिधियों और एआईएफएफ द्वारा बनाई गई एक समिति ने 2025-26 आईएसएल सत्र को कैसे आयोजित किया जाए इसे लेकर 24 दिसंबर 2025 से अब तक पांच बैठक की हैं। एआईएफएफ ने आईएसएल क्लबों को एक पत्र में कहा 28 दिसंबर 2025 को हुई बैठक में आईएसएल क्लबों ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से आग्रह किया था कि वह 24 मुकाबलों की न्यूनतम जरूरत में एक बार की छूट के बारे में एशियाई फुटबॉल परिसंघ के साथ बात करे। पत्र के अनुसार एआईएफएफ ने आईएसएल क्लबों से एक जनवरी 2026 तक आईएसएल 2024-25 में हिस्सा लेने और प्रस्तावित प्रतियोगिता प्रारूप की पुष्टि करने के लिए कहा है। एएफसी, खेल मंत्रालय और उच्चतम न्यायालय को इसके बारे में बताया जाएगा। एआईएफएफ ने यह भी कहा कि उसे आईएसएल क्लबों के साथ हुई बैठक के नतीजे के बारे में दो जनवरी 2026 से पहले खेल मंत्रालय को बताना होगा। एआईएफएफ ने आईएसएल 2025-26 सत्र के लिए दो प्रतियोगिता प्रारूप का सुझाव दिया।

## फीफा रेफरी सूची में तीन और भारतीय शामिल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को बताया कि एक महिला सहित तीन भारतीय रेफरी को फीफा की 2026 अंतर्राष्ट्रीय मैच अधिकारियों की सूची में शामिल किया गया है।

गुजरात की रचना कमानी को महिला रैफरी की फीफा सूची में शामिल किया गया है जबकि पुडुचेरी के अश्विन कुमार और दिल्ली के आदित्य पुरकायस्थ को पुरुष रैफरी के रूप में जगह मिली है। एआईएफएफ ने कहा कि अश्विन कुमार और आदित्य पुरकायस्थ ने मलेशिया के कुआलालंपुर में एएफसी रैफरी अकादमी का कोर्स पूरा कर लिया है जबकि रचना कमानी यह कोर्स कर रही हैं। इसके अलावा पुडुचेरी के मुरलीधरन पांडुरंगन और महाराष्ट्र के पीटर क्रिस्टोफर को फीफा सहायक रैफरी के रूप में शामिल किया गया है।

### पीडब्ल्यूएल की नीलामी


3 जनवरी को लगेगी बोली, 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगी प्रतियोगिता

# सहरावत व सुसाकी का सबसे अधिक आधार मूल्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेरिस ओलंपिक्स के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत 18 लाख रुपये के आधार मूल्य के साथ प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की नीलामी में सबसे महंगे घरेलू खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुए हैं जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता युई सुसाकी और दिग्गज खिलाड़ी युस्नेलिस गुजमेन लोपेज को भी इतने ही आधार मूल्य के वर्ग में रखा गया है।

पीडब्ल्यूएल नीलामी तीन जनवरी को होनी है जबकि लीग 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगी। आगामी सत्र में मुकाबला करने वाली छह फ्रेंचाइजी हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली दंगल वारियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स हैं।






विश्व चैंपियनशिप के दौरान वजन प्रबंधन नहीं करने के कारण 21 साल के सहरावत पर लगा प्रतिबंध हाल ही में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने हटा दिया था। वह हाल के सत्रों में भारत के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने ओलंपिक खेलों और एशियाई खेलों में पदक जीते। विश्व और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता दीपक पूनिया का आधार मूल्य 10 लाख रुपये है। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नवीन भी इसी वर्ग में हैं। मौजूदा समय में भारत के सबसे अच्छे पहलवानों में से एक सुजीत कलकल ने हालांकि अपना आधार मूल्य सिर्फ सात लाख रुपये रखा है।

विदेशी पुरुषों के वर्ग में यूरोपीय और यूरेशियाई पहलवानों का दबदबा है। पूर्व विश्व और यूरोपीय चैंपियन रूस के अबासगदजी मागोमेदोव का आधार मूल्य 10 लाख है। इसी वर्ग में आर्मेनिया के विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता अरमान एंड्रियासियन और हंगरी के 2023 के विश्व चैंपियन इस्जमेल मुसुकाजेव भी हैं।

### आर्सेन व अखमेद पर बड़ी बोली लगाने की उम्मीद

कई बार के विश्व और यूरोपीय पदक विजेता और ओलंपियन आर्मेनिया के आर्सेन हारुत्युनियन और मौजूदा विश्व और यूरोपीय चैंपियन रूस के उस्मानोव अखमेद पर बड़ी बोली लगाने की उम्मीद है। दोनों का आधार मूल्य 10 लाख रुपये है। महिला कुश्ती में विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता और भारत की स्टार खिलाड़ी अंतिम पंघाल को 10 लाख रुपये आधार मूल्य के वर्ग में रखा गया है जबकि फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही अंशु मलिक भी इसी वर्ग में हैं। स्वाति शिंदे, पूजा गहलोत भी उन शीर्ष भारतीय नामों में शामिल हैं जिनमें काफी दिलचस्पी होने की उम्मीद है।